लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्थी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 34, अंक 91, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

लखनऊ, रविवार, 28 अप्रैल 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मौलिक चिंतन का ह्रास करती छाया शिक्षा प्रणाली व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।



अक्षय की फिल्म खेल खेल में 6 सितंबर को होगी रिलीज...16

**आज का मौसम**

41.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 33 | सूर्यास्त 18 : 39










लखनऊ : भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, इकाना स्टेडियम में शनिवार को आईपीएल के मैच में राजस्थान रायल्स ने एलएसजी को सात विकेट से हरा दिया। राजस्थान रॉयल्स के बैटर व उत्तर प्रदेश निवासी ध्रुव जुरेल ने 34 गेंदों में 52 रन की धमाकेदार पारी खेली। वहीं, एलएसजी के कप्तान केएल राहुल ने 48 गेंद में 76 रन की पारी खेली। ● एजेंसी

## एक मई को राष्ट्रपति करेंगी रामलला के दर्शन

**अयोध्याः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक मई को अयोध्या दौरे पर आएंगी। वह यहां रामलला का दर्शन-पूजन करेंगी। इसको लेकर प्रशासनिक तैयारी शुरू कर दी गई। हालांकि उनके दौरे को लेकर अब तक विस्तृत कार्यक्रम नहीं आया है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश के राष्ट्रपति का यह पहला दौरा होगा। चर्चा यह भी है कि वह हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के साथ मां सरयू की आरती में शामिल हो सकती हैं। कहा जा रहा है कि राष्ट्रपति के दौरे के आसपास उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी अयोध्या आ सकते हैं। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि राष्ट्रपति एक मई को अयोध्या आएंगी। अभी विस्तृत कार्यक्रम नहीं आया है।

## सैफनी के इमाम की अजमेर की मस्जिद में पीटकर हत्या

**संवाददाता, सैफनी (रामपुर)**



● सात वर्ष से मोहम्मदी मस्जिद में इमामत कर रहा था

**अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी कारी मोहम्मद माहिर की अजमेर की एक मस्जिद में अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी। पिता ने बताया कि माहिर दो दिन पहले ही अजमेर गया था।

सैफनी थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी 25 वर्षीय कारी मोहम्मद माहिर पुत्र असलम करीब सात वर्ष से अजमेर के कंचन नगर की मोहम्मदी मस्जिद में रहकर इमामत करते थे। इसके साथ ही वह बच्चों को भी पढ़ाते थे। पिता असलम ने बताया कि शनिवार तड़के तीन बजे अजमेर से फोन आया कि उनके पुत्र माहिर की अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी है। बताया कि इमाम छात्रों के साथ अपने कमरे में सोए थे। रात को बदमाश लाठी-डंडे लेकर अंदर घुस गए और साथ में सो रहे बच्चों को डरा-धमका कर कमरे से बाहर निकाल दिया और उनपर हमला कर दिया।

## तारक मेहता का उल्टा चश्मा वाले गुरुचरण सिंह का अपहरण

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी धारावाहिक तारक मेहता का उल्टा चश्मा में अभिनय कर चुके गुरुचरण सिंह के लापता होने पर दिल्ली पुलिस ने शनिवार को अपहरण का मामला दर्ज किया है। सिंह धारावाहिक में रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाते थे। अधिकारियों ने कहा कि यहां पालम क्षेत्र के निवासी 50 वर्षीय अभिनेता की तलाश के लिए कई टीम का गठन किया गया है। वह पांच दिन से लापता है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज का हवाला देते हुए कहा कि सिंह को आखिरी बार 22 अप्रैल को दिल्ली हवाई अड्डे के निकट देखा गया था और वह सामान लिए हुए थे।

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन दोस्तों की मौत

**बिजनौर।** क्षेत्र के गांव सत्तार वाला के पास शनिवार सुबह वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन दोस्तों की मौत हो गई। इससे गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझा कर जाम खुलवाया। बढ़ापुर के मोहल्ला नौमीवाला निवासी गौरव (19) पुत्र अमर सिंह, प्रिंस (18) पुत्र महेन्द्र सिंह और वंश (19) पुत्र नरपाल सिंह गांव नेकपुर में शादी में शामिल होकर लौट रहे थे। शनिवार सुबह 4:30 बजे जब बाइक पर सवार होकर तीनों नगीना क्षेत्र के गांव सत्तार वाला के पास पहुंचे तो यहां वाहन (छोटा हाथी) से टक्कर हो गई। इस कारण गौरव और प्रिंस की मौके पर मौत हो गई।

### लैंडिंग गियर में खराबी दिल्ली वापस लौटा विमान

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद जा रहा इंडिगो का एक विमान शनिवार दोपहर को लैंडिंग गियर में खराबी पाए जाने के बाद दिल्ली हवाई अड्डे पर लौट आया। उड़ान संख्या 6ई 129 का विमान में लगभग 170 लोग सवार थे। इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि विमान का जरूरी निरीक्षण किया जा रहा है, और यात्रियों को एक वैकल्पिक विमान उपलब्ध कराया जा रहा है।

### गोलीबारी मामले में मकोका के तहत मुकदमा दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने 14 अप्रैल को बांद्रा स्थित अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी की घटना को लेकर शनिवार को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज किया। शूटर विक्की गुप्ता और सागर पाल के अलावा सोनू कुमार चंदर बिश्नोई और अनुज थापन (32) के साथ-साथ गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके भाई अनमोल बिश्नोई पर भी मकोका लगाया गया है।

# पिछड़ी जाति के आरक्षण पर डकैती डालने जा रही है कांग्रेस : योगी

## अल्पसंख्यकों को रुचि भोजन के नाम पर गोकशी की छूट की बात कर रहा विपक्ष

**संवाददाता, अजीतमल (औरैया)**

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस हर व्यक्ति की संपत्ति का सर्वे कराकर संपत्ति का विभाजन करने की तैयारी कर रही है। सरकार बनने पर कांग्रेस पिछडी जाति के आरक्षण पर डकैती डालने का भी काम करने जा रही है उसमें से 6 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के नाम पर आरक्षण मे हिस्सेदारी करने की तैयारी है। पहले आतंकियों को बिरयानी खिलाई जाती थी, अब अगर कहीं सुतली बम भी फटता है तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है कि मेरा हाथ नहीं है।

वह शनिवार को औरैया में अजीतमल जनता महाविद्यालय में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को रुचि भोजन के नाम पर गोकशी करने की भी छूट देने की तैयारी कर रही है। विपक्षियों के मंसूबे अप संस्कृति को हमारी



● आरक्षण में से अल्पसंख्यकों के नाम पर 6 प्रतिशत हिस्सेदारी दे देगी कांग्रेस

संस्कृति पर जबरदस्ती थोपने का प्रयास करने की तैयारी है। हमे उनके मंसूबे पूरे नहीं होने देने हैं। एक देश दो विधान नही चलेंगे।

योगी ने कहा कि हम राम मंदिर ही नहीं बनाते हम आतंकवादियों और माफिया का राम नाम सत्य भी करना जानते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के भविष्य को सुरक्षित करने और विकसित करने के लिए तीसरी बार भी मोदी सरकार जरूरी है। उन्होंने कहा कि अयोध्या और काशी के बाद अब मथुरा की बारी है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि इनकी यूपीए सरकार के समय में आतंकवादियों माफियाओं को संरक्षण मिलता था। इनके मंसूबे सही नहीं है, इन्हें गरीब किसानों से कोई सहानुभूति नहीं यह माफियाओं के साथ हैं। समाजवादी पार्टी के शासन में आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेने की पैरवी सरकार द्वारा की गई थी।

### क्या तीन तलाक की कुप्रथा को दोबारा लागू करेगी कांग्रेस

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को उनके व्यक्तिगत कानून का अधिकार देने की बात करती है। तो क्या तीन तलाक की कुप्रथा, जिसे मोदी सरकार ने समाप्त किया है उसे दोबारा लागू किया जाएगा? क्या कांग्रेस शरिया कानून लागू करके देश का तालिबानीकरण करना चाहती है? कांग्रेस का घोषणा पत्र देश के साथ धोखा है। देश की जनता को अगले पांच चरणों के चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणा पत्र को देखते हुए अपना निर्णय करना चाहिए।

### गोमांस पर क्यों चुप है इंडी गठबंधन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए गोमांस मुद्दे पर कांग्रेस और इंडी गठबंधन को घेरा। उन्होंने पूछा गोमांस पर इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगी चुप क्यों हैं। क्या उनकी भी सहमति है। वह अपने घोषणा पत्र में लिख रहे हैं कि अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद के खान-पान का अधिकार दिया जाएगा। आखिर अल्पसंख्यकों का ऐसा कौन सा खान-पान है, जो शेष समुदाय से अलग है। उन्होंने कहा कि ईवीएम पर सवाल उठाने वाले वही लोग हैं, जो कभी बैलेट लूटा करते थे। लोकसभा चुनाव में पुख्ता हार को देख कांग्रेस के लोग ईवीएम पर दोषारोपण कर रहे हैं। योगी ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से पूछा कि बीते वर्ष हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में क्या बैलेट पेपर से सरकार बनी थी? 2004 में यूपीए की सरकार और 2018 में राजस्थान की सरकार क्या बैलेट पेपर से बनी थी?

## जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को मिली जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह की जमानत याचिका स्वीकार कर ली है। गत 25 अप्रैल को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने मामले पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। गौरतलब है कि नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल के अपहरण, रंगदारी मामले में पूर्व सांसद के खिलाफ



जौनपुर के लाइन बाजार थाने में 10 मई 2020 को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसके बाद एमपी/एमएलए कोर्ट ने उन्हें 6 मार्च 2024 को 7 साल की सजा सुनाई थी, जिसे रद करने और जमानत की मांग करते हुए सांसद ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी।

बहस के दौरान पूर्व सांसद के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि उन्हें राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया गया है। शनिवार को अचानक जब धनंजय सिंह को जौनपुर से हाई सिक्योरिटी बरेली जेल शिफ्ट किया जा रहा था, तभी दोपहर 12 बजे उन्हें जमानत मिलने की सूचना आई।

## सीईसी ने अमेठी, रायबरेली पर फैसला कांग्रेस नेतृत्व पर छोड़ा




नई दिल्ली : कांग्रेस की सीईसी की बैठक के दौरान उपस्थित कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी। -एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक में शनिवार को अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट को लेकर कोई निर्णय नहीं हो सका और फैसला नेतृत्व पर छोड़ दिया गया। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और विधायक दल की नेता अराधना मिश्रा ने नेतृत्व से आग्रह किया कि अमेठी से राहुल गांधी और रायबरेली से प्रियंका गांधी वाद्रा को चुनाव लड़ना चाहिए। हालांकि इस पर कोई फैसला नहीं हुआ।

सीईसी की बैठक में अमेठी और रायबरेली के साथ ही पंजाब की लोकसभा सीटों को लेकर चर्चा की गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और कई अन्य नेता मौजूद थे। बैठक के बाद वेणुगोपाल ने अमेठी और रायबरेली के बारे में पूछे जाने पर कोई जवाब नहीं दिया। हालांकि उन्होंने यह जरूर कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की अगली सूची एक-दो दिन में जारी कर दी जाएगी। सूत्रों ने कहा कि बैठक में अमेठी और रायबरेली को लेकर चर्चा की गई और फैसला पार्टी नेतृत्व पर छोड़ दिया तथा जल्द ही इस बारे में निर्णय हो जाएगा। यूपी कांग्रेस कमेटी तथा अमेठी एवं रायबरेली के स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने पिछले दिनों नेतृत्व से आग्रह किया था कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को इन सीट से चुनाव लड़ना चाहिए।

## उग्रवादी हमले में सीआरपीएफ के दो जवान बलिदान, 2 घायल

**इंफाल, एजेंसी**

● मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सुरक्षा बलों के शिविर पर किया हमला

मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सुरक्षा बलों के एक शिविर पर उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ के दो जवान बलिदान हो गए। वहीं, दो अन्य कर्मी घायल भी हो गए। उग्रवादियों ने मोइरांग पुलिस थाना क्षेत्र के नारानसेना में आईआरबीएन (भारतीय आरक्षित वाहिनी) शिविर पर हमला किया। उग्रवादियों ने पहाड़ी की चोटियों से शिविर को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी की। गोलीबारी रात करीब साढ़े 12 बजे शुरू हुई और देर रात लगभग सवा दो बजे तक जारी रही।

इस दौरान उग्रवादियों ने बम भी फेंके, जिनमें से एक बम सीआरपीएफ की 128 बटालियन की चौकी में फटा। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बलिदानियों की पहचान सीआरपीएफ के उप-निरीक्षक एन. सरकार और हेड कांस्टेबल अरूप सैनी के रूप में हुई है। हमले में निरीक्षक जादव दास और कांस्टेबल आफताब दास छर्रे लगने से घायल हो गए। अधिकारी ने कहा दोनों घायल जवानों को इंफाल के क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया है। वे खतरे से बाहर हैं। पुलिस ने कहा कि हमले में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाश जारी है।

## ईडी ने अमानतुल्ला को पेशी के लिए भेजा समन

**नई दिल्ली, एजेंसीः** प्रवर्तन निदेशालय ने आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान को उनकी अध्यक्षता के दौरान दिल्ली वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में अगले सप्ताह फिर से पेश होने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार आप विधायक को 29 अप्रैल को पेश होने और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत अपना बयान दर्ज कराना जारी रखने के लिए कहा गया है। ओखला विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक से केंद्रीय एजेंसी ने पिछले सप्ताह लगभग 13 घंटे तक पूछताछ की थी। संबंधित घटनाक्रम में दिल्ली की एक अदालत ने खान को ईडी के समन की अनदेखी करने के लिए एजेंसी द्वारा दायर किए गए एक मुकदमे में शनिवार को जमानत दे दी। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा ने अदालत में पेश होने के बाद खान को 15,000 रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की जमानत पर रिहा कर दिया।

## मोदी सुपरमैन नहीं, महंगाई मैन बन गये हैं : प्रियंका

**नई दिल्ली/लातूर, एजेंसी**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि हर चुनावी सभा मे भारतीय जनता पार्टी भले ही उन्हें सुपरमैनकी तरह पेश करती हो लेकिन देश की जनता समझती है कि वह सुपरमैन नहीं बल्कि महंगाई मैन है।

प्रियंका ने कहा कि भाजपा के नेता कहते हैं कि मोदी जी बहुत ताकतवर हैं, चाहें तो चुटकी भर में युद्ध रुकवा सकते हैं। तो मोदी ने बेरोजगारी और महंगाई क्यों नहीं कम की। दरअसल, इन्हें पता ही नहीं कि जनता के क्या संघर्ष हैं। आप इस महान देश की जनता हैं। आपने खून-पसीने से इस



● बोलीं- केंद्र सरकार के विभागों में 30 लाख पद खाली पड़े

देश की धरती को सींचा है। वहीं, लातूर जिले के उदगीर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका नेता ने कहा कि केंद्र (सरकार के विभागों) में 30 लाख पद खाली पड़े हैं, जो पिछले 10 साल में नहीं भरे गए। 70 करोड़ लोग, विशेष रूप से नौजवान बेरोजगार हैं। जीएसटी (माल एवं सेवा कर) प्रत्येक कृषि उपकरण पर लगा दिया गया है।

## कसाब को सजा दिलाने वाले वकील उज्जवल निकम को भाजपा से टिकट

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से जाने माने वकील उज्ज्वल निकम को उम्मीदवार घोषित किया है। शनिवार को भाजपा की ओर से लोकसभा उम्मीदवारों की 15वीं सूची घोषित की गई जिसमें मुंबई उत्तर मध्य सीट से मौजूदा सांसद पूनम महाजन को इस बार टिकट नहीं दी। निकम ने वर्ष 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले में पकड़े गये पाकिस्तानी आतंकी अजमल कसाब को फांसी दिलवाने में बतौर सरकारी वकील अहम भूमिका निभायी थी। इसके अलावा उन्होंने 1993 के बम धमाकों, गुलशन कुमार हत्याकांड और प्रमोद महाजन हत्याकांड जैसे हाई प्रोफाइल मामलों में भी सरकारी पक्ष की सफलता पूर्वक पैरवी की थी। भाजपा ने इसके साथ ही ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए आठ उम्मीदवारों की पांचवी सूची जारी की।



## 50 साल पूरी कर चुके अक्षम बिजली कर्मी रिटायर होंगे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत ऊर्जा निगमों में 50 साल पूरी कर चुके अक्षम बिजली कर्मियों को रिटायर करने की तैयारी शुरू हो गई है। कॉरपोरेशन ने स्क्रीनिंग कमेटी का गठन कर अक्षम कर्मियों को चिन्हित करने का निर्देश दिया है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन विकास चंद्र अग्रवाल ने निगम के सभी मुख्य अभियंताओं को पत्र जारी कर स्क्रीनिंग कमेटी का गठन करने का निर्देश दिया है। 30 सितंबर 2023 को 50 साल की आयु पूरी कर चुके समूह ग व घ के कर्मियों को चिन्हित किया जाए। ऐसे कर्मियों की कार्य कुशलता का अध्ययन किया जाए और कार्य कुशलता कम होने की स्थिति में उन्हें 60 साल की सेवा के पहले रिटायर किया जाए।

## सीडीएस के जरिये महिलाओं को सशस्त्र बलों में शामिल करने पर फैसला करे केंद्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र से संयुक्त रक्षा सेवाओं (सीडीएस) परीक्षा के माध्यम से भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए), भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) और भारतीय सशस्त्र बलों की वायु सेना अकादमी में महिलाओं के प्रवेश की मांग करने वाले एक प्रतिवेदन पर आठ सप्ताह में निर्णय लेने को कहा है।

अदालत ने कुश कालरा की याचिका पर यह आदेश पारित किया। उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आईएमए, आईएनए और वायु सेना अकादमी और अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए) में भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित करने वाली दिसंबर 2023 की अधिसूचना को चुनौती दी थी। इस मुद्दे पर याचिकाकर्ता का प्रतिवेदन अब भी अधिकारियों के पास लंबित होने के मद्देनजर, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस. अरोड़ा की पीठ ने शुक्रवार को कहा कि प्रतिवादी को आठ सप्ताह के भीतर कानून के अनुसार प्रतिवेदन पर निर्णय लेने के निर्देश के साथ रिट याचिका का निस्तारण किया जाता है। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि अधिसूचना ने अनुचित रूप से महिलाओं को लैंगिक आधार पर आईएमए, आईएनए और आईएफए के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा में शामिल होने से बाहर कर दिया क्योंकि यह केवल उन्हें ओटीए में शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए विचार करने की अनुमति देता है।




● प्रवेश की मांग करने वाले एक प्रतिवेदन पर आठ सप्ताह में निर्णय लेने को कहा

# बच्चों को छोटे कमरों में भेड़-बकरियों की तरह थे ठूंसते

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

### खुलासा : यतीम बता लोगों से जकात की मोटी रकम हड़प रहे थे मदरसा संचालक

**अमृत विचारः** बिहार के अररिया जिले से यूपी के सहारनपुर के मदरसों में ले जाए जा रहे बच्चों को यतीम बताकर मदरसा संचालक जकात की मोटी रकम हजम कर रह रहे थे। बच्चों को खाने के नाम पर गुणवत्ता विहीन दाल-चावल परोसा जा रहा था।

छोटे-छोटे कमरों में बच्चों को भेड़ बकारियों की तरह ठूंसा जाता था। इन बातों का खुलासा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डा. शुचिता चतुर्वेदी व पूर्व सदस्य संगीता शर्मा के सामने बच्चों ने रो-रोकर कर किया। शनिवार को डा. शुचिता व संगीता शर्मा ने मोहन रोड स्थित राजकीय बाल गृह में रखे गये बच्चों से मुलाकात कर उनकी आपबीती जानी।



लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र के मोहान रोड स्थित राजकीय बाल सुधार गृह के अधीक्षक से बच्चों के संबंध में बात करतीं डा. शुचिता चतुर्वेदी। अमृत विचार

डा. शुचिता शर्मा के मुताबिक अयोध्या से बालगृह भेजे गये कुल 95 बच्चे हैं। सभी बच्चे बिहार के अररिया जिले के कई गांवों के हैं। सहारनपुर में तौसीख नामक युवक ने मदारूल उलूम रफीकिया और रिजवान ने मदरसा दारे अरकम नाम से नये मदरसे खोले हैं। यह बच्चे इन्हीं दोनों मदरसों में ले जाए जा रहे थे। सभी के परिवार में 8 से दस भाई हैं। इन सभी के अपने-अपने गांवों के सरकारी स्कूलों में भी नाम लिखा है। इस बीच नये खुले मदरसों को चलाने के लिए इनके संचालक वहां पहुंचे। बच्चों के परिजन को झांसे में लेकर धार्मिक पढ़ाई कराने के नाम पर ले आए हैं। बच्चों ने बताया कि मदरसा संचालक उन्हें यतीम बताकर लोगों को जकात के नाम पर रकम हड़पते हैं। बच्चों ने बताया कि उनसे तीन मंजिला मकान पर ईंटें चढ़वाई जातीं थी। छोटे-छोटे कमरों में 15-15 बच्चों को रखा जाता है। गर्मी के दिनों में इन कमरों में पंखे नहीं लगे होते हैं। डा. शुचिता से बच्चों ने कहा कि वह लोग मदरसा में नहीं पढ़ना चाहते हैं, अपने घर जाना चाहते हैं। अयोध्या पुलिस मामले में जांच कर रही है। वह यह भी पता कर रही कि जिन मदरसों में बच्चों को ले जाया जा रहा था, वह मान्यता प्राप्त हैं या नहीं। संचालक भी असली हैं या नकली। डा. शुचिता ने बताया कि आयोग की तरफ से जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामला सामान्य तो बिल्कुल भी नहीं लग रहा है।

## एक नजर

### जयवीर सिंह को मिली वाई श्रेणी सुरक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश की मैनपुरी लोस सीट से चुनाव लड़ रहे पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह को केंद्र सरकार ने तोहफा दिया है। भाजपा प्रत्याशी को वाई श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई गई है। बताया गया कि जयवीर की सुरक्षा में पैरामिलिट्री के जवान मौजूद रहेंगे। जयवीर सिंह हाईप्रोफाइल सीट मैनपुरी से चुनाव लड़ रहे हैं, यहां सपा मुखिया अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव जयवीर के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं।

### मंत्री संजय निषाद ने मांगी जेड प्लस सुरक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मांगी है। पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि वह संतकबीरनगर में एक विवाह समारोह में पहुंचे हुए थे। इस दौरान समाजवादी पार्टी के गुंडों ने उनपर हमला किया। इस तरह के हमले और हो सकते हैं। इसको देखते हुए उन्होंने सुरक्षा की मांग की है।

### अंशू अवस्थी बने कांग्रेस मीडिया कमेटी के कोऑर्डिनेटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी को प्रदेश कांग्रेस मीडिया स्ट्रेटजी कमेटी का कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। उन्हें पार्टी के वक्तव्य के प्रचार-प्रसार साथ भाजपा की ओर से फैलाये जा रहे झूठ का पर्दाफाश करने की जिम्मेदारी दी गई है।

### बरेली में न्यायालय भवनों के लिए धनराशि जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बरेली जिला न्यायालय में 53 न्यायालय भवनों के कायाकल्प का कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। शासन ने प्रथम किस्त के रूप में 137.75 लाख की धनराशि कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड को अवमुक्त कर दी है। बता दें कि बरेली न्यायालय परिसर और भवन की मरम्मत कार्य होना तय था। 53 न्यायालय भवन की मरम्मत, जल निकासी, सीसी मार्ग के अलावा अनुरक्षण कार्य होने थे। कुल 275.50 लाख रुपये का स्टीमेट स्वीकृत हुआ था, जिसके सापेक्ष शासन ने प्रथम किस्त के रूप में 137.75 लाख रुपये अवमुक्त कर दिये हैं।

# चौथे चरण की 13 सीटों के लिए चुनावी महारथी तैयार




राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में चौथे चरण में 13 लोकसभा सीटों व शाहजहांपुर के ददरौल विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए राजनीतिक दलों के चुनावी महारथी तैयार हैं। हालांकि, प्रत्याशियों की नाम वापसी 29 अप्रैल को होगी, इसके बाद औपचारिक तौर पर प्रत्याशियों की स्थिति साफ होगी। इस चरण में 13 मई को मतदान होगा।

इस बीच, सभी राजनीतिक दलों ने ताकत झोंक दी है। चुनावी सभाओं व जनसंपर्क के जरिये मतदाताओं को पक्ष में लाने की कवायद चल रही है। शनिवार को मुख्यमंत्री योगी ने इटावा में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा की, जबकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कानपुर देहात में चुनावी सभा की।

चौथे चरण में कुल लोकसभा सीटों में आठ सीटें सामान्य श्रेणी व पांच सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इस चरण में लोकसभा क्षेत्रों में 2.46 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.31 करोड़ पुरुष मतदाता, 1.15 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 16334 मतदान केन्द्र व 26588 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं। ददरौल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 3.72 लाख मतदाता है, जिसमें 1.99 लाख पुरुष मतदाता व 1.72 लाख महिला मतदाता हैं।

## 13 मई को होगा मतदान

**शाहजहांपुर (अजा) सीट**
भाजपा–अरुण कुमार सागर
सपा–ज्योत्सना गौड़
बसपा–दोद राम वर्मा

**सीतापुर सीट**
भाजपा–राजेश कुमार वर्मा
कांग्रेस–राकेश कुमार
बसपा–महेन्द्र सिंह
अपना दल (कमेरावादी)–मो. काशिफ

**उन्नाव सीट**
भाजपा–स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी
सपा–अन्नू टंडन
बसपा–अशोक कुमार

**फर्रूखाबाद सीट**
भाजपा–मुकेश राजपूत
बसपा– क्रांति पांडेय
सपा–नवल किशोर

**कन्नौज सीट**
सपा–अखिलेश यादव
भाजपा–सुब्रत
बसपा–इमरान बिन जफर

**कानपुर सीट**
भाजपा–रमेश अवस्थी
बसपा–कुलदीप भदौरिया
कांग्रेस–आलोक मिश्रा

**खीरी सीट**
भाजपा–अजय कुमार
सपा–उत्कर्ष वर्मा
बसपा–अंशय कालरा

**धौरहरा सीट**
भाजपा–रेखा वर्मा
सपा–आनंद भदौरिया
बसपा–श्याम किशोर अवस्थी

**हरदोई (अजा) सीट**
भाजपा–जय प्रकाश
सपा–ऊषा वर्मा
बसपा–भीमराव अम्बेडकर

**मिश्रिख (अजा)**
भाजपा–अशोक कुमार
बसपा– बीआर अहिरवार
सपा–संगीता राजवंशी

**इटावा (अजा) सीट**
भाजपा–प्रो. राम शंकर कठेरिया
सपा–जितेन्द्र कुमार
बसपा–सारिका सिंह

**बहराइच सीट**
भाजपा–आनंद कुमार
बसपा–बिरजेश कुमार
सपा–रमेश चन्द्र

**अकबरपुर सीट**
भाजपा–देवेन्द्र सिंह भोले
बसपा–राजेश कुमार द्विवेदी
सपा–राजाराम पाल

**ददरौल विधानसभा सीट**
भाजपा–अरविंद कुमार सिंह
बसपा–सर्वेश चन्द्र मिश्रा
सपा–अवधेश कुमार वर्मा

# योगी के बयान पर कांग्रेस करेगी कानूनी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता करते मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय। अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस ने चुनावी सभाओं में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से दिये गये भाषणों-बयानों को चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताया है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय ने कहा कि इस मामले में कांग्रेस कानूनी कार्रवाई करेगी। वह शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने धार्मिक भावनाओं को भड़काने के लिए ऐसा बयान दिया है, जिसमें उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र में खास धर्म को गाय काटने की आजादी की बात कही है। मुख्यमंत्री का यह बयान निरर्थक व निराधार होने के साथ आदर्श चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन भी है।

▸▸ **मुख्यमंत्री का बयान व भाषण चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन: डॉ. सीपी राय**

उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में बीफ का कारोबार व विदेश व्यापार बढ़ गया है। यहां तक कि भाजपा के कुछ नेता भी इसमें प्रत्यक्ष रूप से शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की शक्ति से उजागर हुए चुनावी बांड की जानकारी से पता चला है कि भाजपा ने बीफ का कारोबार करने वाली कंपनियों से कितना चंदा वसूला है।

उन्होंने कहा कि मतदान में पता लग गया है कि पिछले चुनाव में भाजपा का समर्थन करने वाले लोग भाजपा के शासन से निराश होकर मतदान करने ही नहीं निकले तो दूसरी तरफ कांग्रेस के न्याय पत्र के वादे पर विश्वास करते हुए लोगों ने मतदान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का न्याय पत्र बेरोजगारों का सहारा है। गरीब महिलाओं को लखपति बनाने का संकल्प है। किसानों की कर्जमाफी व छात्रों के शैक्षणिक लोन माफी की गारंटी है।

# नामांकन के कारण बदल जाएंगे रास्ते

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **राजनाथ के नामांकन जुलूस के कारण भारी भीड़ की संभावना**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया जिलाधिकारी कार्यालय में जारी है। आगामी 29 अप्रैल को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कालीदास मार्ग से भाजपा कार्यालय हजरतगंज व भाजपा कार्यालय से डीएम कार्यालय तक प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन जुलूस निकाले जाने के कारण भारी भीड़ होने की संभावना है। यातायात का सुचारू संचालन के लिए सोमवार को सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक ट्रैफिक का डायवर्जन किया गया है।

**वीवीआईपी मार्गों पर रहेगी रोक :** चारबाग की तरफ से बड़ी गाड़ियां या बसें केकेसी से होकर कैंटोनमेंट की ओर जाएगी। वहीं बापू चौराहे से कोई भी वाहन अटल चौराहे की तरफ नहीं जा सकेगा बल्कि वह सिसेंडी होते हुए डीएसओ चौराहे की तरफ जा सकेगा अथवा लालबाग से होकर जा सकेंगी। हजरतगंज अटल चौराहे से भी कोई भी वाहन बापू चौराहे की तरफ नहीं जा सकेगा। डालीगंज पुल तिराहा से कोई भी सामान्य वाहन सीडीआरआई तिराहे से स्वास्थ्य भवन चौराहे की तरफ नहीं आ सकेगा, बल्कि वह डालीगंज पुल क्रॉस करके इक्का टांगा/नदवा बंधे से होकर गन्तव्य को जा सकेंगे। सिकंदराबाद चौराहे से सामान्य यातायात अटल चौराहे हजरतगंज की तरफ नहीं आ सकेगा बल्कि वह जागरण चौराहा से होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। वहीं बसे 1090 से चिरैया झील की तरफ से होकर कैसरबाग बस अड्डे की तरफ नहीं जा सकेंगे, बल्कि उनको बंदरिया बाग से कैंटोनमेंट होते हुए अपने गंतव्य को जाना पड़ेगा।

**कैसरबाग बस अड्डे तक भी रहेगी रोक :** सुभाष परिवर्तन चौराहे से सामान्य यातायात केडी सिंह बाबू स्टेडियम से होते हुए हजरतगंज की तरफ नहीं जा सकेगा, बल्कि यह वाहन एसबीआई कट से हनुमन सेतु-चिरैयाझील चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। सीएमओ कार्यालय चौराहे से कोई भी सामान्य यातायात चकबस्त चौराहा की तरफ नहीं जा सकेगा बल्कि यह यातायात कैसरबाग बस अड्डा चौराहा, अशोकलाट चौराहा अथवा रेजीडेन्सी तिराहा, डालीगंज चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। सफेद बारादरी से कोई भी सामान्य यातायात चकबस्त चौराहे की तरफ नहीं जा सकेगा बल्कि यह यातायात अशोक लाट चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेगा। अशोक लाट चौराहे से कोई भी सामान्य यातायात परिवर्तन, सुभाष चौराहे की तरफ नहीं जा सकेगा, बल्कि यह यातायात बांसमंडी चौराहा बर्लिंग्टन चौराहा रॉयल होटल चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।

## राजनाथ व कौशल कल करेंगे नामांकन


राजनाथ सिंह


कौशल किशोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री मंत्री कौशल किशोर सोमवार को नामांकन दाखिल करेंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार रात दस बजे एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से रक्षा मंत्री कालिदास मार्ग आवास जाएंगे। 29 अप्रैल को लगभग 12 बजे कलेक्ट्रेट में नामांकन दाखिल करेंगे। मंगलवार को सुबह 10:20 पर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे और इंदौर के लिए रवाना होंगे। रक्षा मंत्री के नामांकन जुलूस का सौ से अधिक स्थानों पर स्वागत होगा।

# रक्षा मंत्री का नामांकन बने मिसाल: पाठक

## राजनाथ के नामांकन में मुख्यमंत्री योगी व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी रहेंगे मौजूद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ लोकसभा सीट पर देश की सबसे बड़ी जीत दर्ज कराना है। इसलिए तय लक्ष्य के साथ नामांकन को भव्य और यादगार बनाने में जुट जाएं। रक्षा मंत्री के नामांकन जुलूस का सौ से अधिक स्थानों पर स्वागत होगा।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बैठक के दौरान उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि यहां बैठे लोग भविष्य में विधायक, एमएलसी और मंत्री बन सकते हैं। सभी की क्षमता इतनी है कि यदि वह स्वयं चुनाव लड़ेंगे तो पांच से दस हजार लोगों को एकत्र कर सकते हैं। इसलिए सभी को अपनी पूरी ताकत लगाकर 29 तारीख को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन को यादगार बनाना है। उप


बैठक को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

मुख्यमंत्री पाठक ने विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों, विधानसभाओं के संयोजकों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चों के अध्यक्षों और प्रकोष्ठ विभाग के संयोजकों से बातचीत की। साथ ही नामांकन के दिन बड़ी संख्या लेकर आने के लिए कहा।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि नामांकन के दिन मंडल स्तर से लेकर शक्ति केंद्र, बूथ अध्यक्ष एवं समिति पदाधिकारियों को बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहेंगे। अपने मंडल से जुलूस निकालकर प्रदेश कार्यालय पहुंचें। प्रदेश महामंत्री अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय ने कहा कि पूरा विपक्ष भाजपा की कार्यशैली से पस्त है। भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि 29 तारीख को 2019 की अपेक्षा दोगुना संख्या में लोग नामांकन में उपस्थित रहेंगे। रक्षामंत्री के नामांकन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी समेत अन्य नेता मौजूद रहेंगे।

▸▸ **सौ से अधिक स्थानों पर नामांकन जुलूस का होगा स्वागत**

बैठक में लोकसभा चुनाव संयोजक मुकेश शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, पूर्व सांसद अशोक बाजपेयी, लोकसभा चुनाव सहसंयोजक पुष्कर शुक्ला, राकेश श्रीवास्तव, उपविजेता रजनीश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## अब तक 535 शस्त्र जब्त 4683 लाइसेंस किए निरस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जांच के लिए 494 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1844 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 26 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4683 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए।

इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 25,77,725 लोगों को पाबन्द किए जाने के लिए नोटिस प्रेषित किए गए हैं, जिनमें से 21,49,679 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 7897 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8039 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 426 बम बरामद कर सीज किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3342 केन्द्रों पर छापा मारा और 149 केन्द्रों को सीज किया गया। पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के छह लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया।

# भाजपा ने महिलाओं को दिया सम्मान

## मंत्री बेबीरानी मौर्या ने भाजपा को वोट देने की अपील की

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अभियान तभी सही साबित होगा जब एक-एक महिला अपने मताधिकार का प्रयोग करे। केंद्र एवं राज्य सरकार ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है और उनको केंद्र में रखकर ही योजनाएं बनाई जा रही हैं।

कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्या ने उक्त बात आईएमआरटी सभागार में आयोजित नारी शक्ति संवाद कार्यक्रम में कही। 33 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं को बराबरी का अधिकार दिया है। महिलाएं अपने मतदान का प्रयोग करते हुए भाजपा को वोट देकर विजयी बनाएं।

भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति अधिनियम


नारी शक्ति संवाद कार्यक्रम का दीप जलाकर शुरुआत करतीं कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्या।

लाकर महिलाओं को सम्मान देने का काम किया। महिलाओं को जिम्मेदारी का निवर्हन करते हुए परिवार के प्रत्येक व्यक्ति से मताधिकार का प्रयोग कराना है।

भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ को मेट्रोपॉलिटन सिटी बनाने के लिए प्रयासरत हैं। कार्यक्रम में मेयर सुषमा खर्कवाल, समाजसेविका नर्मता पाठक, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी आदि मौजूद रहे।

# लापरवाही पर पांच अधिकारियों को नोटिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने समीक्षा कर दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** उप्र. पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने कार्यों में शिथिलता पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के राजधानी में तैनात मुख्य अभियंता समेत पांच अफसरों पर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। अध्यक्ष ने शनिवार को शक्ति भवन में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बिजली आपूर्ति व विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

अध्यक्ष ने कहा कि राजधानी की बिजली आपूर्ति हर हाल में बेहतर होनी चाहिए। यहां ब्रेकडाउन नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर किसी कारण से बिजली व्यवधान आते भी हैं, तो उसे कम समय में दूर कर लिया जाय। बैठक में अध्यक्ष ने कार्य में शिथिलता पाये जाने पर मुख्य अभियंता गोमतीनगर, दो अधीक्षण अभियंता व दो अधिशासी अभियंताओं पर कार्रवाई के निर्देश दिये। अधिशासी अभियंता विश्वविद्यालय व बख्शी का तालाब को प्रतिकूल प्रविष्टि, अधीक्षण अभियंता नवम गोमतीनगर व जानकीपुरम और मुख्य अभियन्ता गोमतीनगर से स्पष्टीकरण के लिए तलब किया है। अध्यक्ष ने राजस्व वसूली तेज किये जाने, बिजली उपभोक्ताओं को समय से बिल भेजने, विद्युत कनेक्शन स्वीकृत करने, विद्युत आपूर्ति, ट्रांसफार्मर की क्षतिग्रस्तता कम करने और विद्युत प्रणाली के सुधार व सुदृढ़ीकरण के लिए बिजनेस प्लान के तहत कार्य किये जाने के निर्देश दिये।


समीक्षा बैठक में प्रबध निदेशक पंकज कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### उपभोक्ताओं को सही बिल उपलब्ध कराए जाएं

अध्यक्ष ने प्रत्येक उपभोक्ता को सही रीडिंग का बिल समय दिये जाने का निर्देश दिया। इसमें किसी भी तरह की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विद्युत बिल वसूलने के लिए भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बेहतर बिजली आपूर्ति के लिये यह आवश्यक है कि जितने की बिजली दें, उतना बिल वसूलें।

## जमानत के बाद भी चुनाव नहीं लड़ सकेंगे धनंजय

**अमृत विचार, लखनऊ :** जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिलने से राहत तो मिल गई है, लेकिन वह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।



कोर्ट ने जमानत अर्जी मंजूर करते हुए उन्हें जेल से रिहा करने का आदेश दे दिया, लेकिन बाहुबली को मिली सात साल की सजा पर रोक नहीं लगाई। ऐसे में धनंजय सिंह चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।

धनंजय सिंह यूपी की जौनपुर के जिस लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं, वहां आज से ही नामांकन शुरू हो रहा है। छठवें चरण में मतदान है। चुनाव लड़ने के लिए धनंजय के पास अब सीमित विकल्प ही मौजूद हैं। वह इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं अथवा यहीं पर अपील दाखिल कर सकते हैं। हालांकि दाखिल अर्जियों पर उन्हें जल्द सुनवाई के लिए गुहार लगानी होगी। गौरतलब हो कि नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण से जुड़े एक मामले में जौनपुर की स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट ने इसी वर्ष छह मार्च को धनंजय सिंह को दोषी करार देते हुए उन्हें सात साल की सजा का ऐलान किया था। इसी कारण धनंजय सिंह के चुनाव लड़ने पर रोक लग गई थी। धनंजय सिंह ने जौनपुर की स्पेशल कोर्ट से मिली सजा के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। धनंजय सिंह को शनिवार को जौनपुर जेल से बरेली सेंट्रल जेल में शिफ्ट कर दिया गया।

# अवैध सिम जारी करा दुबई भेजने वाले रडार पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **एसटीएफ ने दो मामलों का खुलासा करने के बाद जांच का दायरा बढ़ाया**

▸▸ **करीब 15 हजार लोग भारत से दुबई जाकर कर रहे फर्जीवाड़ा**

**अमृत विचार :** उप्र. स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा अवैध सिम जारी कराकर दुबई भेजने के मामले में जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है। एसटीएफ इस अवैध कारोबार को समूल खत्म करने में जुटी है। एक हफ्ते में दो बड़े मामले उजागर होने के बाद एसटीएफ को यह स्पष्ट हो चुका है कि इस काम में अभी और लोग भी सक्रिय है। इस तरह की सूचनाएं भी एसटीएफ को लगातार मिल रही हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में भी कई नाम सामने आए हैं।

गौरतलब हो कि ग्रामीण क्षेत्रों में कम पढ़े लिखे लोगों से आधार कार्ड मांगकर उनके नाम सिम जारी कराकर दुबई भेजने के दो बड़े मामले सामने आए थे। जांच में पता चला कि 10 हजार से अधिक सिम दुबई पहुंच चुके हैं। उन्हीं सिमों से ऑनलाइन गेमिंग कराकर और सट्टा लगाकर धड़ल्ले से धोखाधड़ी की जा रही है। दुबई में बैठे सरगना एक सिम के बदले ढाई से तीन हजार रुपये दे रहे हैं। पैसों के लालच में कुछ युवकों ने यही धंधा शुरू कर दिया है।

महादेव ऐप के इंडिया हेड अभय सिंह से पूछताछ में पता चला कि करीब 15 हजार लोग भारत से दुबई जाकर यह काम कर रहे हैं। इसके लिए उन्हें भारत में लाखों रुपये मासिक वेतन भी मिलता है। कबूलनामा सुनकर एसटीएफ भी चौंक गई। उधर, पिछले हफ्ते गिरफ्तार हुए आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि 10 से 15 हजार सिम सिर्फ उन्हीं के ग्रुप के माध्यम से दुबई भेजे जा चुके हैं। ऐसे में एसटीएफ इसे बड़ा घोटाला मानते हुए कार्रवाई करने में जुटी है।

गिरफ्तार हुए आरोपियों से कई अन्य लोगों के नामों का भी खुलासा हुआ है, जो अभी भी इस कार्य के लिए सक्रिय हैं। ऐसे में एसटीएफ उनकी तलाश में भी जुट गई है। एसटीएफ मुख्यालय के एक अफसर ने बताया कि अवैध सिमकार्ड के मामले में बड़े पैमाने पर जांच शुरू की गई है। जल्दी ही अन्य खुलासे भी होंगे।

## सतर्कता जांच में लिपिक के पास मिली अकूत संपत्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** सतर्कता अधिष्ठान ने बहराइच जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में तैनात लिपिक हरेंद्र सिंह को आय से अधिक संपत्ति हासिल करने का दोषी पाने के बाद कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। हरेंद्र पर शासन के आदेश पर सतर्कता अधिष्ठान ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। मूल रूप से हरैया बस्ती के रहने वाले हरेंद्र सिंह का मकान गोंडा में भी बना हुआ है। जांच के दौरान पता चला कि हरेंद्र ने विभिन्न स्रोतों से 56 लाख के करीब आय अर्जित की थी। जिन समयांतरालों में यह यह धन अर्जित किया गया था, उन्हीं समय में हरेंद्र के द्वारा 95 लाख रुपये खर्च करने की भी पुष्टि हुई है। सतर्कता सूत्रों के मुताबिक, हरेंद्र अधिष्ठान को संतोषजनक जवाब भी नहीं दे पाए।

# अखिलेश खो चुके हैं सुध-बुध : स्वतंत्र देव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार, लखनऊ :** गेहूं की बिक्री को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आरोपों पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने करारा प्रहार किया।



उन्होंने कहा है कि 2014 और 2019 के बाद अब 2024 में भी लोकसभा चुनावों में भाजपा के हाथों करारी हार पाने जा रहे अखिलेश यादव अपनी सुध-बुध खो चुके हैं। वह इस कदर बदहवास हो चुके हैं कि न तो सही-गलत में अंतर कर पा रहे हैं और न ही तथ्यों व प्रमाण के आधार पर अपनी बात रख पा रहे हैं। उन्होंने एक मनगढ़ंत पत्र के आधार पर जो आरोप लगाए हैं, वह सरासर झूठे और बेबुनियाद हैं। प्रदेश में किसानों को अपना गेहूं सरकार या व्यापारियों को बेचने के लिए पूरी स्वतंत्रता मिली हुई है। उन्हें जहां भी अच्छा दाम मिले, वे वहां अपना गेहूं बेच सकते हैं। मालूम हो कि शुक्रवार को सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर गोंडा के एक गुमनाम गल्ला व्यापारी का पत्र साझा किया था, जिसमें प्रदेश सरकार पर गेहूं किसानों व व्यापारियों के उत्पीड़न का आरोप लगाया गया था।

# अकबरनगर के विस्थापितों को कल से आवंटित होंगे आवास

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ **750 लोगों को बसंतकुंज योजना में मिलेगा प्रधानमंत्री आवास**

**अमृत विचार :** इंतजार खत्म, अकबरनगर के विस्थापितों को सोमवार से प्रधानमंत्री आवास का आवंटन शुरू कर दिया जाएगा। पहले चरण में लखनऊ विकास प्राधिकरण लगभग 750 विस्थापितों को हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना में आवास आवंटित करेगा। सम्पत्ति विभाग सोमवार से ऑनलाइन आवंटन के साथ आवंटन पत्र जारी करेगा।

अकबरनगर में कुकरैल नदी और बंधे पर अवैध तरीके से बनाए गए लगभग 1,200 मकान, दुकान, शोरूम और कॉम्प्लेक्स तोड़े जाने हैं। इनको ध्वस्त करने के लिए एलडीए ने जारी किए थे। उच्च न्यायालय ने वहां रह रहे लोगों को मकान खाली करने और एलडीए को शिविर लगाकर विस्थापितों को आवास के लिए पंजीकरण कराने के निर्देश दिये थे। शिविर में लगभग 1,700 विस्थापितों ने पंजीकरण कराया है। आवास देने के लिए एलडीए ने पहले चरण में 750 विस्थापितों की सूची बनाई है। सूची में शामिल विस्थापितों को सोमवार से आवंटन पत्र जारी किये जाएंगे। पंजीकरण कराने वाले अन्य विस्थापितों की जांच कराई जा रही है।

SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ


8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

## शहर में आज



- आलमबाग गुरुद्वारे में श्री गुरु सिंह सभा की ओर से कीर्तन समागम- 8 :00 बजे।
- एनडीबीजी खेल मैदान पर सीएएल डेकाथलन क्रिकेट लीग के मुकाबले- 9 :00 बजे
- मानक नगर के बंसल लॉन में सुरभि कल्चरल ग्रुप की ओर से बाल चित्रकार अक्सा समी की स्मृति में चित्रकला प्रतियोगिता - 9 :00 बजे
- लामार्टीनियर एसडीएस अकादमी में लखनऊ चैंपियनशिप टेनिस टूर्नामेंट- 10 :00 बजे
- मानक नगर के बंसल लॉन में अखिल भारतीय काव्यधारा रामपुर की इकाई की ओर से गीतकार वीरेंद्र सरल स्मृति सम्मान का आयोजन- 1:00 बजे।
- केडी सिंह बाबू स्टेडियम में चुनाव पर्व के तहत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम- 4 :00 बजे से।
- चारबाग के यूरोपियन क्लब में श्री भट्ट ब्राह्मण सभा का सौहार्द सम्मेलन- 4 :30 बजे।

# लड्डू खाने से 18 बच्चों समेत 22 लोग बीमार

## उल्टी-दस्त होने पर सभी लाए गए बलरामपुर अस्पताल, दो बच्चे अभी भी भर्ती, हालत में सुधार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मेहंदीगंज इलाके में बेटा होने की खुशी में बांटे गए लड्डू खाने से 18 बच्चों समेत 22 लोग बीमार हो गए। उल्टी दस्त की शिकायत पर शुक्रवार देर रात सभी को बलरामपुर अस्पताल ले जाया गया। चार मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया और 12 बच्चों समेत 18 को भर्ती कर लिया गया। शनिवार दोपहर तक 16 और मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। 2 बच्चे अभी भर्ती हैं।

अकबरी गेट निवासी मोहम्मद अल्ताफ ने बताया कि बहन सहाना के घर बेटा होने की खुशी में शुक्रवार शाम कार्यक्रम हुआ था। इसमें बांटने के लिए नक्खास स्थित हाजी की दुकान से लड्डू खरीदकर लाए गए थे। शाम करीब पांच बजे लड्डू का वितरण किया गया। लड्डू खाने के करीब एक घंटे बाद सलमान सिद्दीकी की पांच वर्षीय बेटी रिजा की तबियत बिगड़ने लगी। उसे उल्टी-दस्त होने लगे। परिजन को पहले लगा कि गर्मी के कारण तबियत बिगड़ी है। बच्ची को पास के निजी क्लीनिक से दवा दिलाई लेकिन आराम नहीं मिला।

कुछ देर बाद रिजा के भाई तलहा को भी उल्टी-दस्त शुरू हो गए। रात करीब 11 बजे दोनों को बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी में ले जाया गया। इसके बाद कई अन्य बच्चों की भी तबियत बिगड़ गई। सभी को बलरामपुर अस्पताल ले जाया गया। रात करीब दो बजे तक बच्चों के आने का सिलसिला चलता रहा। 4 मरीजों को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया था। शनिवार दोपहर तक 16 अन्य मरीजों की भी हालत में सुधार हो गया। इससे उन्हें भी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। शाम तक दो वर्षीय हसनैन और 12 वर्षीय बिलाल का इलाज चल रहा था।



मां तरन्नुम के साथ ताहिरा। अमृत विचार




तलहा



बिलाल



रिजा




सीमायरा

- 4 मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद भेजा गया घर
- 16 मरीजों को हालत में सुधार पर शनिवार दोपहर दी गई छुट्टी

### इन्हें कराना पड़ा भर्ती

हैदरगंज बाजारखाला निवासी तलहा (9), रिजा (5), ताहिरा (6), बिलाल (12), माहिरा (5), सीमायरा (7), साद (18), जनता नगरी वजीरगंज निवासी तरन्नुम निशा (26), नाज बानो (40), अलसिफा (12), फुरकान(32) रामपुर मथुरा सीतापुर निवासी नूर बानो (19), एल्विन(8), चौक निवासी हसनैन (2), मेहंदीगंज के हंजला (10), खदरा निवासी इकबाल (35), अदान (8), अनस(12)

> लड्डू खाने और गर्मी के चलते बच्चों के पेट और आंतों में संक्रमण हो गया। इस कारण उन्हें उल्टी-दस्त शुरू हो गए। शरीर में पानी की कमी होने से सभी कमजोरी महसूस कर रहे थे। सभी को समय पर इलाज दिया गया। दो बच्चे अभी भी भर्ती हैं। उनकी हालत अब खतरे से बाहर है। **-डॉ. पवन कुमार अरुण,** निदेशक बलरामपुर अस्पताल



हाजी स्वीट हाउस से बेसन और खोया के नमूने भरती एफएसडीए की टीम। अमृत विचार

## हाजी स्वीट शाप से भरा बेसन व खोया का नमूना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बच्चा होने की खुशी में बांटे गए लड्डू खाने से 22 लोग बीमार हो गए थे। जिस घर में बच्चा हुआ था उनके परिजन का कहना था कि लड्डू राजा बाजार स्थित हाजी स्वीट शॉप से खरीदे गए।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) की टीम शनिवार दुकान पर पहुंची। दुकानदार फैजान की उपस्थिति में संदेह के आधार पर बिक्री के लिये रखे खोया लड्डू व लड्डू तैयार करने के लिए रखे बेसन व खोया का नमूना सील करके जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी सिंह ने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### कॉलोनी से लेकर अस्पताल तक मची अफरा-तफरी

एक के बाद एक बच्चों की तबियत बिगड़ने पर कॉलोनी में अफरातफरी मच गई। समारोह में अपने घरों को लौटे खदरा और राजाजीपुरम के कुछ रिश्तेदारों को भी उल्टी-दस्त की शिकायत पर अस्पताल लाया गया। अस्पताल की इमरजेंसी में परिजन और मोहल्ले वालों का हुजूम उमड़ पड़ा। एक साथ 22 मरीज पहुंचने पर इमरजेंसी में बेड फुल हो गए। बीमार बच्चों को रोता देख परिजन और परेशान हो गए। अस्पताल के सीएमएस डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि मरीजों की हालत में सुधार होने पर टीम ने राहत की सांस ली।

## एक नजर

### छावनी में फहराया गया 108 फीट का राष्ट्रध्वज



एएमसी स्टेडियम में फहराया गया 108 फीट ऊंचा तिरंगा। अमृत विचार

**अमृत विचार, लखनऊ :** छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में 108 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया गया। शनिवार लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय, एसएम, वीएसएम, कमांडेंट एएमसी सेंटर एवं कॉलेज, ओआईसी रिकॉर्ड्स और एएमसी के कर्नल कमांडेंट ने फहराया। 108 फीट के मास्ट पर 30 फीट x 45 फीट का विशाल राष्ट्रीय ध्वज महानिदेशालय डीजीएमएस (सेना) और फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से एएमसी सेंटर एवं कॉलेज को प्रदान किया गया था। समारोह में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सीईओ मेजर जनरल आशिम कोहली (सेवानिवृत्त), वरिष्ठ अधिकारी, जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ), अन्य रैंक और एएमसी प्राइमरी स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

### पहाड़पुर, भैसामऊ व कुम्हरावां मार्ग आज रहेगा प्रभावित

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन के अनुसार 28 अप्रैल को सुबह 7 :00 बजे से शाम 5 :00 बजे तक बक्शी का तालाब स्थित इंटौजा रेलखंड के मध्य समपार संख्या 18/ए (किमी 21/14-15) की ओवरहालिंग का कार्य किया जाना है। इस कार्य के कारण पहाड़पुर, भैसामऊ, कुम्हरावां मार्ग बाधित रहेगा, लेकिन अन्य मार्ग उपलब्ध रहेंगे।

# कल के बाद शहर में खुले मिले मैनहोल तो नपेंगे अफसर

## सोमवार से होगा सत्यापन, निलंबित किए जा सकते हैं जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जानकीपुरम विस्तार में गुरुवार को मैनहोल खुला होने से सीवर लाइन में गिरने से आठ वर्षीय शाहरुख की मौत के बाद नगर निगम व जलकल विभाग के अधिकारियों की नींद टूटी। नगर आयुक्त ने जोनवार सीवर के खुले ढक्कनों का सर्वे कराया। शनिवार को सर्वे का काम पूरा कर लिया गया। 29 अप्रैल से पहले अभियंत्रण विभाग सीवर के खुले मैनहोल में ढक्कन लगवाने हैं। कार्य पूरा होने के बाद सभी जोन के अधिकारी नगर आयुक्त को अपने अपने क्षेत्र में कोई मैनहोल खुला न होने की शपथ देंगे। इसके बाद क्षेत्र बड़े अधिकारी शहर का निरीक्षण करेंगे। कहीं भी सीवर के रैम्प टूटे या मैनहोल का ढक्कन खुला या क्षतिग्रस्त मिला तो संबंधित कर्मचारी, अभियंता और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अभियंताओं और अधिकारियों को निलंबित भी किया



शाहरुख के परिजन से मुलाकात करते एसडीएम बीकेटी। अमृत विचार

- खुले मैनहोल में ढक्कन लगवाकर नगर आयुक्त को शपथपत्र देंगे अधिकारी

> नगर निगम और जलकल विभाग की जोनवार बनाई गयी टीमों ने सर्वे पूरा कर लिया है। 29 अप्रैल को अधिकारी अपने क्षेत्र के बंद किए गए मैनहोल की वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए शपथ पत्र देंगे। इसके बाद सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। **-इन्द्रजीत सिंह,** नगर आयुक्त नगर निगम

### दो दिन में शासन से मिलेगी सहायता राशि

एसडीएम बक्शी का तालाब सतीश त्रिपाठी शनिवार को जानकीपुरम स्थित मृतक बच्चे के परिजन से मिलने उनके आवास पहुंचे। उन्होंने परिवार को बताया कि तहसीलदार से घटना की रिपोर्ट लेकर 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता की संस्तुति शासन से की गई है। रिपोर्ट को पोर्टल पर भी लोड कर दी गई है।दो दिन के भीतर सहायता राशि परिजन के खाते में चली जाएगी। पांच लाख रुपये जलकल विभाग पहले ही दे चुका है।

### मालवीय नगर में खुला मैनहोल



यूं तो सर्वे का काम पूरा हो चुका है। मालवीय नगर के पांडे टोला में गली के बीचोबीच सीवर का मैनहोल न केवल खुला पड़ा है बल्कि टूटा भी है। जिम्मेदार अधिकारियों की नजर अभी तक शायद इन क्षेत्रों की ओर नहीं पड़ा है। पुराने लखनऊ में कई इलाकों में आज भी सीवर खुले मिलेंगे। जिम्मेदारों को शायद किसी हादसे का इंतजार है।

### नामांकन रूट पर टूटे पत्थर से ढका है सीवर



शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन के सामने सीवर पर टूटा ढक्कन रखा हुआ था। नामांकन का रूट होने की वजह से लोग जुलूस की शक्ल में गुजर रहे थे कि इसी दौरान कुछ लोग इसमें गिर गए और सहारा लेकर लटके रहे। बाद में साथियों की मदद से इससे बाहर निकले। चूंकि नामांकन का रूट है ऐसे में भी जिम्मेदारों ने अभी इसका स्थायी हल नहीं खोजा है बल्कि एक



मेहदी गंज क्षेत्र के टूटे नाले के ऊपर से दीवार से चिपककर निकलता स्कूली बच्चा। अमृत विचार




प्रेम नगर में खुदाई कर छोड़ दिया गया गड्ढा। अमृत विचार

# संभल कर चलें, मुंह खोले पड़े हैं जानलेवा गड्ढे

## सर्वे के बाद की हकीकत बयां करतीं शहर के कई इलाकों की तस्वीरें

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम के सीवर में गिरकर बच्चे की मौत के बाद भी जिम्मेदार अभी गंभीर नहीं हुए हैं। कहीं धंसी सड़क पर प्लाई से ढके गड्ढे खुलेआम नजर आ रहे हैं तो कहीं खुद को बचाते हुए स्कूली बच्चे दीवार से चिपककर अपना रास्ता बना रहे हैं।

शनिवार को जब अमृत विचार की टीम गोपाल सिंह, छायाकार प्रमोद शर्मा और राजकुमार वाजपेयी ने कई इलाकों को देखा तो नगर के गड्ढे सही कराने के दावों की हकीकत नजर आई।



आलम बाग



प्रेम नगर



शास्त्री नगर

### खुला नाला, दीवार से चिपक कर निकलते लोग

**दृश्य-एक**

**मेहंदीगंज, शीतला देवी मंदिर मार्ग की ओर**

मेहंदीगंज-भवानीगंज में जैसे ही शीतला देवी मंदिर मार्ग की ओर बढ़ते हैं तो चौराहे से कुछ मीटर दूरी चलने पर एक संकरी गली में नाले के ऊपर का पत्थर कब टूट गया कोई बताने वाला नहीं। हाल यह है कि उसमें सरिया भी चारों तरफ से झांक रही हैं। स्कूली बच्चों को साफ रास्ता नहीं दिख रहा। तो वह दीवार से चिपककर धीरे-धीरे अपनी मंजिल तय करते हुए आगे बढ़ता दिख रहा है। नाला गहरा है लेकिन क्या करें मजबूरी है तो बच्चे और महिलाएं कुछ इसी तरह दीवार को सहारा बना निकलती दिख रही हैं।

### 100 मीटर सड़क पर 3 गड्ढे

**दृश्य-दो**

**कृष्णा नगर स्थित प्रेम नगर**

कृष्णा नगर स्थित प्रेम नगर में 100 मीटर सड़क पर ही तीन गड्ढे हादसों को खुलेआम न्योता देते दिख रहे हैं। इनमें मरम्मत का काम चल रहा है। स्थानीय लोग कह रहे हैं कि इन तीनों गड्ढों का काम कब जलनिगम पूरा करेगा और लोगों का रास्ता आसान होगा। लोग इनसे बचकर अपना रास्ता बनाते हैं।

### गहरे गड्ढे को प्लाई से ढक दिया

**दृश्य-तीन**

**शास्त्रीनगर में नवरात्र के पहले मेन चौराहे पर**

शास्त्रीनगर में नवरात्र के पहले मेन चौराहे पर सड़क धंस गई थी थी। गहरान इतनी थी कि उसमें चार पहिया आसानी से समा जाए। अब तक मरम्मत कार्य पूरा नहीं हो पाया है। अब प्लाई से उसे ढक दिया गया है। मिट्टी डाल इलाके को किसी तरह निकलने लायक बनाया गया है। प्रमुख चौराहा होने की वजह से यहां हर वक्त टेंपो-टैक्सी, ई-रिक्शा, स्कूली वाहन और ट्रक समेत सभी तरह की गाड़ियों का दिनभर आवागमन होता है।

# लू करने लगी बीमार, पहली पीड़िता पहुंची अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ढाकुरगंज अस्पताल में हीट वेव से पीड़ित युवती को कराया गया भर्ती

**अमृत विचार :** राजधानी में तापमान दिनों दिन बढ़ रहा है। करीब दो सप्ताह से पारा 40 से 42 डिग्री के आसपास है। मौसम विभाग की ओर से जारी अनुमान के मुताबिक बीते दो दिनों से हीट वेव (लू) चल रही। ऐसे में घर से निकलने से पहले विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

राजधानी में हीट वेव की पीड़ित युवती को शनिवार सुबह ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि यह मामला इस साल का पहला केस है। हालांकि युवती के परिजन युवती को अपनी मर्जी से छुट्टी कराकर निजी अस्पताल ले गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से हीट वेव से बचने को लेकर सुझाव दिए गए हैं।

ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि बसंत कुंज दुबग्गा निवासी वैष्णवी गौतम (36) को बुखार और उल्टी दस्त की शिकायत पर शनिवार सुबह करीब 5:30 बजे अस्पताल की इमरजेंसी में लाया गया था। यहां डॉक्टर शाहिद अंसारी ने टीम के साथ उसे भर्ती कर इलाज शुरू किया। उसमें हीट वेव के लक्षण थे। करीब पांच घंटे तक चले इलाज के बाद उसकी सेहत में सुधार हुआ। हालांकि परिजन बाद में उसे अपनी मर्जी से छुट्टी कराकर चले गए।

### लू लगने के (हीट वेव) प्रमुख लक्षण

- शरीर का तापमान बढ़ना
- पसीना न आना। पसीने की ग्रंथि का निष्क्रिय होना।
- मांसपेशियों में ऐंठन, चिपचिपी त्वचा।
- त्वचा व शरीर का लाल होना, जी मिचलाना व उल्टी होना, चक्कर आना।
- सिर का भारीपन, सिरदर्द, चक्कर आना।
- भ्रांति व उलझन में होना।
- पेशाब का कम आना।
- मानसिक असंतुलन।
- सांस की समस्या, श्वसन प्रक्रिया तथा धड़कन तेज होना

### हीट वेव से बचाव के उपाय

- उचित वायु संचरण वाले शीतल स्थानों पर रहें।
- हल्के रंग के व ढीले आरामदायक कपड़े पहनें।
- धूप में बाहर जाते समय सिर को ढककर निकलें।
- अधिक तेल, मसाला, तीखी चीजों को खाने से बचें।
- धूप और तेज गर्म हवा के संपर्क में सीधे आने से बचें।
- उचित मात्रा में पानी पियें।
- ओआरएस, घर में बने हुए पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नीबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें।
- जल की अधिक मात्रा वाले मौसमी फल एवं सब्जियों का प्रयोग करें।

### हर गुरुवार पर्यटकों को नैनीताल ले जाएगा आईआरसीटीसी

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईआरसीटीसी इस गर्मी में पर्यटकों को नैनीताल की सैर कराएगा। प्रत्येक गुरुवार को तृतीय वातानुकूलित इकोनॉमी श्रेणी में आरक्षित बर्थ के साथ नैनीताल रेल यात्रा पैकेज संचालित करने जा रहा है। यात्रा 4 रात एवं 5 दिनों की होगी। इस पैकेज में पर्यटकों को तृतीय वातानुकूलित इकोनॉमी श्रेणी में स्थायी रेल आरक्षण के साथ यात्रा के दौरान थ्री स्टार होटल में ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। काठगोदाम से यात्रियों को नैनीताल तक नॉनएसी वाहन से सफर पर ले जाया जाएगा। होटल में तीन रात रुकने के साथ सुबह का नाश्ता और रात का भोजन शामिल है। पर्यटकों को नैनीताल, मुक्तेश्वर और भीमताल की सैर कराईजाएगी। यात्रा पर जाने वाले प्रति व्यक्ति पैकेज मूल्य 30,780 रुपए तय किया गया है। दो व्यक्तियों के साथ पैकेज मूल्य प्रति व्यक्ति 17475 रुपए और तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर प्रत्येक व्यक्ति पैकेज मूल्य 13905 रुपए तय किया गया है।

# दो जगह नौकरी करने वाले डॉक्टर ने दिया इस्तीफा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**फॉलोअप**

- कैंसर संस्थान और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से एक साथ ले रहे थे वेतन

**अमृत विचार :** चकगंजरिया कैंसर संस्थान और स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में एक साथ सेवाएं देने के आरोपी डॉक्टर ने इस्तीफा दे दिया है। दोनों संस्थानों से लिया गया साढ़े चार माह का वेतन भी कोषागार में जमा कर दिया है। अफसरों का कहना है मामले की जांच अभी चल रही है।

चकगंजरिया स्थित कैंसर संस्थान में डॉ. अभिषेक जूनियर रेजीडेंट पद पर कार्यरत थे। इसके साथ ही वह सीएमओ के अधीन खुले जन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आरोग्य मंदिर) में भी सेवाएं दे रहे थे। करीब साढ़े चार माह दोनों जगह सेवारत दिखाकर वेतन भी उठाया। मामला सामने आने पर जांच में फर्जीवाड़ा पकड़ लिया गया।

स्वास्थ्य विभाग ने कैंसर संस्थान में डॉक्टर की नौकरी से जुड़े सभी दस्तावेज तलब कर लिए थे। डॉक्टर ने अपने बचाव में तर्क दिया था कि उसके खाते में गलती से कैंसर संस्थान से वेतन आ रहा था। वहां पर ईसाक्षात्कार दिया था, लेकिन ज्वाइन नहीं किया। खुलासा होने पर स्वास्थ्य विभाग जांच करा रहा था।

डॉक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को भेजे इस्तीफे में तर्क दिया कि विभाग से मार्च माह का वेतन रोक दिया गया था। इससे तंग आकर वह नौकरी छोड़ रहे हैं, जबकि निरीक्षण में गैर हाजिर मिलने पर अफसरों ने वेतन रोकने के निर्देश दिए थे। अफसरों ने पूरे मामले की रिपोर्ट डीएम के अलावा शासन को भी भेजी है।

सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि मामले की जांच अभी चल रही है। शासन को पूरे प्रकरण से अवगत करा दिया गया है।

## एक नजर

### स्वतंत्रता और समानता के अधिकारों की दीं जानकारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की प्रतिष्ठित संस्था विधिक सहायता केंद्र व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों के बीच भारत के संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों के तहत आने वाले उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की शुरुआत विधिक सहायता केंद्र की सदस्य ऋषिता पाण्डेय ने दर्शकों को सहायता केंद्र से परिचित कराकर और उन्हें अनुच्छेद 14 से 22 में शामिल समानता के अधिकार और स्वतंत्रता के अधिकार के बारे में जानकारी दी गई। सत्र को आगे बढ़ते हुए विधिक सहायता केंद्र की सदस्य अश्वनी प्रताप सिंह ने शोषण के विरुद्ध अधिकार और धार्मिक स्वतंत्रता के बारे में विस्तार से वर्णन किया, जो अनुच्छेद 23 से 28 के अंतर्गत आते हैं।

# टॉपर देने में पिछड़े प्रदेश के राजकीय स्कूल

## श्रेष्ठता सूची में राजकीय व एडेड कॉलेज से सिर्फ तीन विद्यार्थियों के नाम

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

अमृत विचार : विद्यार्थियों की मेधा निखारने में राजकीय स्कूलों की स्थिति संतोषजनक नहीं है। यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में इस बार जिला, मंडल और प्रदेश स्तर की श्रेष्ठता सूची में राजकीय और एडेड माध्यमिक कॉलेजों के सिर्फ तीन विद्यार्थियों का नाम शामिल है। जिसमें पूरे प्रदेश में 12वीं के दो और हाईस्कूल के एक छात्र ने जिला स्तर पर अपनी मेधा साबित की है।

इस बार इंटरमीडिएट के 408 टॉपर हैं, इसमें दो बच्चों को छोड़कर सभी 406 विद्यार्थी प्राइवेट कॉलेजों से टॉपर हैं। इसी तरह से हाईस्कूल में 159 टॉपर हैं, इसमें एक को छोड़कर बाकी 158 मेधावी प्राइवेट कॉलेजों से हैं। पूरे प्रदेश में राजकीय इंटर कॉलेज, हाईस्कूल व एडेड कॉलेज की संख्या 2,600 के पार है। ऐसे में इन कॉलेजों में शैक्षिक गुणवत्ता पर विचार करने की जरूरत है। इसके साथ ही नये शैक्षिक सत्र 2024-25 में पढ़ाई की गुणवत्ता बेहतर हो, इस पर प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को ध्यान देना होगा नहीं तो इसी तरह राजकीय जैसे कॉलेज आने वाले दिनों में और पिछड़ जाएंगे।


राजकीय कॉलेजों से एक भी टॉपर नहीं
यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में साबित हुए फिसड्डी

21 अप्रैल को अमृत विचार में प्रकाशित खबर

▸▸ निजी कॉलेजों से 12वीं में 408 और 10वीं में 159 बच्चों ने श्रेष्ठता सूची में बनाया स्थान

### शिक्षकों की कमी नहीं, बस इच्छाशक्ति की जरूरत


डॉ. महेंद्र देव

इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने बताया कि हमारे पास योग्य शिक्षकों की कमी नहीं है। राजकीय कॉलेजों में शिक्षक तो पूरी तरह से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में सक्षम हैं। बस इच्छाशक्ति की जरूरत है। नये सत्र में शिक्षक और प्रधानाचार्य मिलकर शैक्षिक गुणवत्ता पर ज्यादा ध्यान दें, यही एक विकल्प है।



"सरकार हमें विद्यालय में काम नहीं करने देना चाहती है। अलग-अलग सरकारी कार्यों में सभी शिक्षकों को लगाया जाता है। इसका सीधा असर पढ़ाई पर पड़ता है। अगर सरकार हमें फ्री कर दे और शिक्षकों की कमी पूरी कर दे तो हम निजी कॉलेजों से बेहतर परिणाम दे सकेंगे।

–सत्यशंकर मिश्रा, महामंत्री, राजकीय शिक्षक संघ

**शिक्षकों से अन्य काम लेना बंद करे सरकार :** राजकीय शिक्षक संघ की सरंक्षक व सेवानिवृत्व शिक्षिका छाया शुक्ला कहती हैं कि एक वक्त था जब राजकीय कॉलेजों की गुणवत्ता इतनी बेहतर थी कि यहां प्रवेश लेना आसान नहीं होता था। मेरिट वाले बच्चों का प्रवेश हो पाता था। लेकिन अब राजकीय कॉलेजों में शिक्षकों की कमी है। उसके बाद भी तमाम तरह से सरकारी कार्यों में भी उन्हें लगाया जाता है। इससे शिक्षण कार्य प्रभावित होता है।

निजी कॉलेज सिर्फ अपनी पढ़ाई पर ध्यान देते हैं, यही कारण है कि वहां शैक्षिक गुणवत्ता बेहतर है और हम उनसे पीछे जा रहे हैं। इसके साथ शिक्षकों के खाली पड़े पदों को भी भरे जाने की जरूरत है।

## लविवि के 47 छात्र-छात्राओं का हुआ प्लेसमेंट

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय व तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित रिक्रूटमेंट ड्राइव मे दो छात्राओं का स्विगी कंपनी में प्लेसमेंट एवं 45 छात्र-छात्राओं का आउटलुक ग्रुप में इंटर्नशिप के लिए विभिन्न पदों पर चयन हुआ है।

प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि स्विगी में एमबीए की दो छात्राओं साक्षी श्रीवास्तव व शिवि मनीष श्रीवास्तव का चयन सेल्स मैनेजर के पद पर छह लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। साथ ही आउटलुक ग्रुप के रिक्रूटमेंट ड्राइव में बिजनेस एनालिटिक्स, फाइनेंस, ह्यूमन रिसोर्स, मार्केटिंग एवं ऑपरेशंस प्रोफइल के लिए 45 छात्र-छात्राओं का इंटर्नशिप के लिए चयन हुआ।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# छात्रवृत्ति परीक्षा में बच्चों ने तोड़ा 15 साल का रिकॉर्ड

## पहली बार बेसिक शिक्षा परिषद के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 14,896 बच्चों का हुआ चयन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित सभी जूनियर विद्यालयों के बच्चों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा परिणाम में एक रिकॉर्ड कायम कर दिया है। लखनऊ सहित ओवर ऑल परिणाम जारी होने के बाद इसमें 14,896 बच्चों का चयन हुआ है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के अंतर्गत संचालित मनोविज्ञानशाला प्रयागराज को इस परीक्षा के लिए नोडल संस्था बनाया गया था।

अधिकारियों ने बताया राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना 2024-25 में प्रदेश में इस वर्ष कुल 14896 छात्र, छात्राओं का रिकॉर्ड चयन हुआ है। जोकि केंद्र सरकार स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग नई दिल्ली की ओर से यूपी के लिए 15,143 सीट कोटा निर्धारित था। इसमें 98.36% प्रतिशत बच्चे सफल हुए हैं। इससे पहले वर्ष 2008 से इस छात्रवृत्ति का अबतक का सबसे उत्कृष्ट परीक्षा फल रहा है।

बता दें कि वर्तमान में मंडल स्तर पर लखनऊ, कानपुर, बरेली, गोरखपुर, वाराणसी, मेरठ, मुरादाबाद, झांसी, अयोध्या और आगरा में मंडलीय मनोविज्ञान केन्द्र स्थापित हैं। इन्हीं केंद्रों की मदद से बच्चों के ये फार्म भराये जा सके थे। इसमें बीएसए, बीईओ शिक्षकों का भी अहम योगदान रहा है जिससे इन गरीब बच्चों का अब इंटर तक भला हो सकेगा।

गरीब बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना के तहत पूरे भारत में कुल एक लाख सीटों का कोटा है, जिसमें से प्रदेश के लिए 15,143 (प्रत्येक जनपद के लिए अलग-अलग संख्या में) संख्या में छात्रवृत्ति का कोटा निर्धारित है। छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल होने के बाद भी निर्धारित शर्तों के अधीन कक्षा 9 से 12 तक प्रति माह 1000 रुपये की दर से 12 हजार की वार्षिक छात्रवृत्ति की धनराशि केंद्र सरकार की ओर से बच्चों को दी जाती है।



"पूरे देश में एक लाख सीटों के सापेक्ष अकेले यूपी में 14,896 गरीब बच्चों का चयन होना बड़ी बात है। इससे पहले कभी इतनी संख्या में बच्चे चयनित नहीं हुए हैं। इसमें सभी बीएसए, बीईओ और शिक्षकों सहित मनोविज्ञानशाला प्रयागराज का अहम रोल है।

–डॉ. पवन सचान, जेडी, यूपी एससीईआरटी

### इसलिए होती है ये परीक्षा

वर्ष 2008 से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त और स्थानीय निकाय के विद्यालयों में कक्षा 8 के बच्चों लिए ये परीक्षा होती है। इसमें अध्ययनरत निर्बल आय वर्ग के बच्चे शामिल हो सकते हैं। लेकिन इनके अभिभावकों की आय सालाना साढ़े तीन लाख से अधिक न हो। इसका उद्देश्य है कि गरीब छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान कर अग्रिम कक्षा में पढ़ाई जारी रहे।

### इस साल आवेदन करने वाले बच्चे रखें ध्यान

इस योजना में शामिल होने के लिए बच्चे के लिए कक्षा 7 की परीक्षा पिछले वर्ष न्यूनतम 55 प्रतिशत (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 5 प्रतिशत की छूट है) अंको के साथ पास होना जरूरी है। इसमें राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, स्थानीय निकाय के विद्यालय में कक्षा 8 के बच्चे शामिल हो सकते हैं। लेकिन अभिभावकों की आय सालाना साढ़े तीन लाख रुपये होना चाहिए। इसमें केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, राजकीय आवासीय एवं प्राइवेट विद्यालय के बच्चे पात्र नहीं है।

## पूर्व छात्रों का आज होगा मिलन

अमृत विचार, लखनऊ : हर साल की तरह से इस बार भी 28 अप्रैल को जवाहर नवोदय विद्यालय के पुरातन छात्रों का द्वितीय समागम आयोजित किया जायेगा। आंबेडकर स्मारक के पड़ोस में स्थित भागीदारी भवन में होने वाले इस कार्यक्रम में करीब 600 पूर्व छात्र शामिल होंगे। बेसिक शिक्षा निदेशालय के स्टाफ अफसर डॉ. राम चंद्र ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम का इंतजार जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रत्येक पूर्व छात्र को बेसब्री से रहता है। इसमें पूर्व छात्रगण अपनी छात्र जीवन से लेकर संघर्ष कर सफल होने की कहानी अपने छोटे-बड़े भाई-बहनों के बीच प्रस्तुत करते है। इस बार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति मुख्यालय, नोएडा, संजय शुक्ला होंगे। शैक्षणिक कार्यक्रम की शुरूआत प्रात: 10 बजे से होगा, जिसमें एल्युमिनी के संबोधन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और फोटोसेशन मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगे।

## केजीबीवी में कम नामांकन हुआ तो वार्डेन होंगे जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ क्षेत्रिय भ्रमण कर नामांकन बढ़ाने के दिए गए निर्देश

अमृत विचार : कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (केजीबीवी) में यदि नामांकन संख्या कम होगी तो इसके लिए वार्डेन को जिम्मेदार माना जायेगा। ऐसे में जहां नामांकन संख्या कम है उसको पूरा कर लिये जाए।

ये निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने सभी केजीबीवी के वार्डेन के साथ बैठक के दौरान दिए हैं। बीएसए ने समीक्षा में पाया जहां बच्चों की संख्या 100 से कम है वहां नामांकन संख्या बढ़ायी जाये। इसके लिए क्षेत्रीय भ्रमण भी किया जाये। बता दें कि राजधानी के सभी ब्लाकों में एक-एक केजीबीवी का संचालन किया जाता है। प्रत्येक विद्यालय में 100 गरीब बच्चियों का प्रवेश लिया जाता है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि क्षेत्रीय भ्रमण के निर्देश दिए गये हैं ताकि खाली सीटों को भी भरा जा सके।

## मतदाता जागरूकता मेले में दिखी बेटियों की प्रतिभा

अमृत विचार, लखनऊ : राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शाहमीना रोड में मतदाता जागरूकता से संबंधित मेले का आयोजन शनिवार को किया गया। इस मेले में जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, सह जिला विद्यालय निरीक्षक जयशंकर श्रीवास्तव, सह निरक्षक आंग्ल भारतीय विद्यालय मनीषा द्विवेदी शामिल हुई। इस मौके पर भारी संख्या में छात्राएं व उनके अभिभावक कार्यक्रम में शामिल हुए। मेले में छात्राओं ने नाटक पत्रिका प्रस्तुत की और चटोरी गली सहित अलग-अलग मॉडलों का प्रदर्शन किया। इस दौरान सभी अभिभावकों को 20 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई गई।


शाहमीना रोड स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता मेले में लगी प्रदर्शनी को देखते डीआईओएस राकेश कुमार।


एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स कॉलेज में एनसीसी कैप्टन एवं इतिहास की प्रोफेसर मोनिका श्रीवास्तव को डीजी एनसीसी अनुशंसा पत्र प्रदान करते ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा।

## मोनिका श्रीवास्तव को मिला अनुशंसा पत्र

अमृत विचार, लखनऊ : कर्तव्य परायणता, समर्पण एवं कठिन परिश्रम के लिए एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में 20 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी की कैप्टन एवं इतिहास की प्रोफेसर मोनिका श्रीवास्तव को ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा ने डीजी एनसीसी अनुशंसा पत्र किया। कैप्टन (प्रोफेसर) मोनिका श्रीवास्तव 2003 में एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कालेज में इतिहास विषय की असिस्टेंट प्रोफेसर में चयनित होकर आईं थीं। 2006 से वह कॉलेज में एनसीसी की विंग संभाल रही थी। 2009 में एनसीसी से कमीशन मिला व 2018 में कैप्टन बनीं।

# शिक्षण संस्थानों को फीस के लिए डाटा लॉक करने का दोबारा मौका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 30 अप्रैल से 3 मई तक खुलेगा पोर्टल, फीस लॉक करने का दिया गया मौका

▸▸ 4 से 7 मई तक जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉटा प्रमाणित कर करेंगे अग्रसारित

अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग की ओर से मास्टर डाटा लॉक न कर पाने वाले विश्वविद्यालय ओर एफिलियेटिंग एजेंसी को दोबारा मौका दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय और एफिलियेटिंग एजेंसी के लिए पोर्टल 30 अप्रैल से 3 मई तक के लिए खुलेगा।

अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति की कक्षा 10 से ऊपर की कक्षाओं और पाठ्यक्रमों की छात्रवृत्ति योजना के तहत शिक्षण संस्थानों को फीस डाटा लॉक करने के लिए अंतिम अवसर मिलेगा। छात्रवृत्ति और फीस भरपाई के लिए 30 अप्रैल से पोर्टल खोला जाएगा। समाज कल्याण विभाग ने केंद्र सरकार से अनुमति ले ली है। पोर्टल 3 मई तक खुलेगा।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि इस संबंध में शासना देश हो गया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय और एफिलियेटिंग एजेंसी 30 अप्रैल से 3 मई के बीच फीस लॉक कर सकते हैं। इसके बाद जिला समाज कल्याण अधिकारी 4 से 7 मई तक डाटा को सत्यापित कर अग्रसारित करेंगे। बता दें कि छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति स्तर से वेरीफाइड डाटा वाले छात्रों को 40 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकार स्तर से और 60 प्रतिशत धनराशि भारत सरकार से सीधे बैंक खातों में भेजी जाती है।

## एनडीआरएफ टीम ने शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षकों और अध्यापिकाओं को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान छात्राओं के माध्यम से प्रदर्शन करते हुए आपदा से बचाव के उपायों को सिखाया गया। जिसमें मुख्यत: वर्तमान में चल रही हीट वेव एवं बाढ़, अग्निकांड, सर्पदंश, डूबने की घटनाएं, आकाशीय विद्युत, भूकंप, अतिवृष्टि आदि के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में एनडीआरएफ से अजय सिंह, रंजन जायसवाल एवं उनकी टीम योगदान रहा।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम (SAMAR SINGH) था जिसे मैने बदलकर (SAMAR SINGH YADAV) रख लिया है। भविष्य में मुझे (SAMAR SINGH YADAV) नाम से जाना व पहचाना जाय। S/O-JASWANT SINGH Add -B,641,ELDECO CITY NEAR IIM CHAURAHA LUCKNOW-226013

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा एनटीपीसी अभिलेखों में पूरा नाम SHEETAL PRASAD SHARMA अंकित है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम SHEETAL PRASHAD SHARMA दर्ज है। अत: एनटीपीसी अखिलेखों में भी मेरा शुद्ध नाम SHEETAL PRASHAD SHARMAदर्ज किया जाए। –शीतल प्रशाद शर्मा पुत्र तिलकराज शर्मा कर्मचारी संख्या –080154, निवासी – A E –104, एनटीपीसी कालोनी, ऊंचाहार–रायबरेली

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **दुफाना पुत्री भजन पत्नी झब्बूलाल, निवासी– ग्राम–नसीपुर मजरे मंसारा, थाना– असंद्रा, जनपद बाराबंकी** सशपथ बयान करती हूं कि मेरे भाई नकछेद पुत्र भजन निवासी पूरे लोधे सिंह मजरे बम्हरौली कोतवाली हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी करीब 20 वर्षो से लापता हैं। इस दौरान इन्हें न देखा गया और न ही कोई सूचना है।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम (ARSUMA) था जिसे मैने बदलकर (ARSHUMA JAMEEL) D/o Mohammad Muzammil jameel, रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। Add 424/381 gari peer khan Near farooq tehki Chowk Lucknow

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **विनोद कुमार पुत्र सूरजपाल निवासी– सूर्ज बक्शखेडा, लोदीपुर, परगना खीरों, तह0 लालगंज, जनपद–रायबरेली**, यहकि मेरे अलग–अलग दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम सूरजपाल व सूर्यपाल अंकित है जबकि सूरजपाल उर्फ सूर्यपाल एक ही व्यक्ति है और मेरे पिता के रूप में जाने जाते है।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम पुराना नाम (MOHAMMAD TAHQEER) था जिसे बदलकर मैने अपना नाम (MOHD TAHQEEQ) रख लियाा है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। MOHD TAHQEEQ S/o MOHD HAFEEZ, ADDRESS - 117/47 JAMBOOR KHANA LUCKNOW - 226001

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **शेर बहादुर पुत्र गनेश प्रसाद, निवासी– मान खेड़ा मजरा कनकहा थाना व तहसील मोहनलालगंज जिला लखनऊ**, मेरे 02 पुत्र लवकुश यादव व आशू यादव हैं। मेरा छोटा पुत्र आशू शराबी व्यक्ति है इन लतों के कारण काफी पैसा बर्बाद कर चुका है। आये दिन लड़ाई झगड़ा करता है मेरे व परिवार जनों द्वारा बार–बार समझाने के बावजूद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर अपने पुत्र आशू यादव को अपनी समस्त चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ यदि भविष्य में उसके द्वारा किसी घटना को अंजाम दिया जाता है तो उसकी जिम्मेदारी आशू यादव की होगी मेरे व अन्य पारिवारिकजनों की नहीं।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **श्रीमती परवीन पत्नी मो0 अहमद, निवासिनी–542 पीएन 28एन, निकट–मायावती होटल, असियामऊ, थाना–ठाकुरगंज, लखनऊ** मेरे पुत्र मो0 आसिफ पुत्र मो0 अहमद व बहू श्रीमती कहकशां पत्नी मो0 आसिफ परिवार व अन्य लोगों के साथ लगातार गलत–व्यवहार व आचरण करते है, उक्त दोनों लोग (पुत्र व बहू) लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व से घर से अलग हो चुके हैं, आसिफ शराब के नशे में बहू कहकशां व मायके वालों के साथ आकर मार–पीट व गाली गलौज करते हैं उनसे क्षुब्ध होकर पुत्र व बहू उपरोक्त को अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है व उनसे अपने सारे सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं। अब उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य या लेन–देन के वह स्वयं जिम्मेदार होगें, मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से कोई भी वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

## व्यापारियों को शत-प्रतिशत मतदान की दिलाई शपथ

अमृत विचार, लखनऊ : संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे ने व्यापारियों को शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। सीतापुर रोड स्थित पुरनिया में व्यापारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि न केवल व्यापारी समाज, उसके साथ काम करने वाले लोग और आमजन को मतदान के लिए प्रेरित करें। जिम्मेदारी का अहसास कराते हुए पहले मतदान और फिर जलपान का स्लोगन याद दिलाते हुए उनसे वोट कराएं। शपथ के दौरान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव निलेश सिंह, विधि सलाहकार अश्वनी कुमार पांडे, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष गुड़िया निगम, प्रदेश सचिव गौतम सिंह आदि पदाधिकारी एवं व्यापारी मौजूद रहे।


डॉ. एमसी सक्सेना ग्रुप ऑफ कॉलेज में दिशा-2024 कार्यक्रम के दौरान रैंप वॉक करतीं छात्राएं। अमृत विचार

## दिशा-2024 में रही गीत और संगीत की धूम

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ एमसी सक्सेना ग्रुप ऑफ कॉलेज का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव दिशा-2024 का आयोजन हर्षउल्लास के साथ संपन्न हुआ। जिसमे कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कालेज ऑफ इन्जीनियरिंग, कालेज ऑफ फार्मेसी व मैनेजमैन्ट ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. गौरव कृष्ण बंसल शामिल हुए। प्रो. बंसल 2000 बैच के (आईआरटीएस) निदेशक एनसीजेडसीसी इलाहाबाद, के एक प्रख्यात प्रशासक के साथ साहित्यकार भी हैं। इस मौके पर महाविद्यालय के संस्थापक डॉ. एमसी सक्सेना, मुख्य निदेशक डॉ. लव शेखर, डॉ. नम्रता सक्सेना, डॉ. मनीषा शेखर समेत अन्य उपस्थित रहें।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
विजया VIJAYA | देना DENA

**अधिग्रहण सूचना**
(नियम 8 (1)
अचल सम्पत्ति हेतु

प्रतिभूतिकरण व वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (द्वितीय) अधिनियम 2002 के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरी बैंक ऑफ बड़ौदा का प्राधिकृत अधिकारी है और प्रतिभूति हित नियम 2002 की उपधारा 13(12) नियम 3 के साथ पठनीय के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित खाते के सम्मुख उल्लिखित धनराशि के सम्बन्ध में (जिसका सम्पूर्ण विवरण नीचे उल्लिखित है) सम्बन्धित उधारकर्ताओं से मांग की गयी थी कि वे उक्त नोटिस प्राप्त होने की दिनांक से 60 दिन के अन्दर ऋण राशि चुकता कर दें। चूँकि सम्बन्धित ऋणी/जमानतदार के द्वारा ऋण राशि चुकता नहीं की गयी है इसलिए ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता व आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) नियम 8 के साथ पठनीय के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे लिखी सम्पत्तियों को कब्जे में लिया है। विशेष तौर पर ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता और सामान्य तौर पर आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की खरीद–फरोख्त न करें। इन सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किसी भी खरीद–फरोख्त हेतु बैंक ऑफ बड़ौदा को देय राशि व उस पर देय ब्याज के अनुक्रम में प्रभार नोट किया जाएगा।

**ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता का ध्यान प्रतिभूतिकृत आस्तियों को विमुक्त करने के लिए उपलब्ध समय–सीमा के संदर्भ में, उक्त अधिनियम की धारा 13 (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

**चल सम्पत्ति का विवरण**

| क्र. सं0 | ऋणी/जमानतकर्ता का नाम व पता | चल सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि/ अधिग्रहण की तिथि/ बकाया धनराशि |
|---|---|---|---|
| रायबरेली रोड शाखा एल्डिको हाइवे प्लाजा, ब्लाक–बी, उद्यान II, रायबरेली रोड, लखनऊ 226025 | | | |
| 1. | ऋणीः श्रीमती शीला पत्नी प्रद्युम्न यज्ञ सैनी, निवासी एसएस–522, सेक्टर–एच, एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड योजना, लखनऊ | वाहन बियरिंग नं. UP32MW2145 (इंजन नंबरः K10CNC065919, चेसिस नंबरः MA3JMTB1SND669408) मॉडलः Maruti WAGON-R का दृष्टिबंधक, श्रीमती शीला पत्नी प्रद्युम्न यज्ञ सैनी के नाम। | 26.12.2023 / 24.04.2024 / रू. 6,09,966.60 एवं उसपर ब्याज |

स्थानः लखनऊ दिनांकः 28.04.2024
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

# बच्चे मर भी जाएं तो मेरी जिम्मेदारी नहीं

## परिजनों से मदरसा संचालकों ने ऐसा लिखवाकर हलफनामा में लगवाया था अंगूठा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जिन मदरसो में बच्चे ले जाए जा रहे थे, जांची जा रही उनकी मान्यता

**अमृत विचार:** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डा. शुचिता चतुर्वेदी ने बताया कि मुलाकात के दौरान बच्चों ने कई चौंकाने वाली बातें बताईं। उनका कहना था कि मदरसा संचालकों ने उन्हें लाने से पहले उनके परिजन से एक हलफनामा लिया था। जिसमें लिखा था कि बच्चे के बीमार होने, कोई हादसा होने यहां तक मौत तक हो जाने पर मदरसा संचालक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। बल्कि परिजन व बच्चे ही इसके लिए जिम्मेदार होंगे।

उक्त हलफनामा में परिचित अनपढ़ मामू से अंगूठा लगवा लिया था। बाद में हलफनामा में लिखी बातों की जानकारी हुई तो परिजनों ने आपत्ति जताई और घर लेकर चले गए। मदरसा बंद हो जाएंगे, इससे डरे संचालक परिजन से मिल माफी मांग उन्हें हलफनामा की शर्त लागू नहीं होने व बच्चों की सभी जिम्मेदारी अपनी बता वापस लाए थे।

**बच्चों को परिजन ले गये तो माफी मांग कर वापस लाए संचालक :** डा. शुचिता को बच्चों ने बताया कि परिजन ने तब हलफनामा को गौर से नहीं पढ़ा था। बाद में जब हलफनामा में लिखी बातें पता चलीं तो रमजान से पहले परिजन उनको घर ले कर चले गए थे। इसके बाद मदरसा संचालक उन्हें लेने गांव पहुंचे थे। हलफनामा में लिखी बातों के लिए माफी मांगते हुए कोई अनहोनी होने पर खुद की जिम्मेदारी ली थी।

**कुछ बच्चों के परिजन अयोध्या पहुंचे, कल आएंगे लखनऊ :** डा. शुचिता ने बताया कि कई बच्चों के परिजन से मोबाइल पर बात हुई है। कुछ परिजन अयोध्या पहुंचे गए हैं। वहीं, कुछ बच्चों के परिजनों ने रविवार को लखनऊ आने की बात कही है। परिजन के आने पर उनसे भी बातचीत की जाएगी। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**बच्चों को बस से लाने वसूले एक-एक हजार रुपये :** बच्चों ने डा. शुचिता को बताया कि वह लोग बस से गांव से सहारनपुर लाए गए। इसके लिए उनके परिजनों से संचालकों ने प्रति बच्चा एक-एक हजार रुपये वसूले हैं। इसके अलावा हर माह खर्च के लिए परिजन से पांच से छह सौ रुपये तक लिए जाते हैं। जो कि पूरा रुपये मदरसा संचालक अपने पास ही रख लेते हैं।

**बच्चों को यतीम बताकर जकात के रुपये खुद हजम कर रहे :** आयोग की सदस्य की बच्चों से पूछताछ के दौरान मदरसा संचालकों का बड़ा कारनामा सामने आया। बताया कि मदरसा संचालक इन बच्चों को यतीम बता लोगों से जकात (दान) के नाम पर रुपये लेकर खुद हजम कर जाते हैं। बच्चों ने बताया कि कई लोग आकर उनसे बोलते थे कि उनकी जरूरतों के लिए संचालक को रुपये दिये हैं।

### अररिया से हर वर्ष मदरसों के लिए लाए जा रहे बच्चे

राज्य महिला आयोग की सदस्य डा. शुचिता चतुर्वेदी ने बताया कि बच्चों से बातचीत में पता चला कि अररिया जिले के कई गांवों से हर वर्ष उत्तर प्रदेश के सहारनपुर आदि जिलों के मदरसों में करीब छह से 14 वर्ष तक के बच्चे लाए जाते हैं। बताया गया कि पिछले वर्ष मदरसों में लाए गए बच्चों की संख्या 84 थी। इनमें से कई बच्चे भाग गये थे।


बच्चों से जानकारी लेतीं राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी। अमृत विचार

### अनपढ़ मामू का सभी हलफनामा पर लगवा लिया था अंगूठा

डा. शुचिता ने बताया अभी तक ही जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि जिन बच्चों को लाया गया है और हलफनामा लिया गया था। उन हलफनामा पर अररिया जिले के करहरा गांव निवासी अनपढ़ सूबेनूर (मामू) से अंगूठा लगवा लिया गया था।जिसमें यह लिखा था कि यदि बच्चे की मौत भी हो जाए तो उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं। खैर, कुछ परिजनों को जब अपने बच्चों की चिंता सताई तो वे उन्हें वापस ले गए थे।

### रोकर बोला बच्चा मदरसा में पढ़ कर कोई डॉक्टर नहीं बन सकता

डा. शुचिता ने बताया कि एक छह वर्षीय बच्चा ने रोते हुए कहा कि उसका सपना डॉक्टर बनने का है। वह मदरसा में नहीं पढ़ना चाहता, मदरसा संचालक उनके परिजन को झांसे में लेकर उसे जबरन ले आए हैं। उसका कहना था कि मदरसा में पढ़ कर कोई डॉक्टर नहीं बन सकता, मैं यहां नहीं रहना चाहता हूं। बच्चों ने बताया कि उन सभी के उनके गांवों के सरकारी स्कूलों में नाम लिखे हैं। जहां वह लोग पूर्व में पढ़ने भी जाते थे। इसके बाद भी उनके परिजन को झांसे में लेकर मदरसा संचालक ले आए हैं। यहां पर उन लोगों को पढ़ाई के नाम पर सिर्फ एक धार्मिक किताब दी जाती है। हिंदी और अंग्रेजी की पढ़ाई नहीं कराई जाती।

# बिहार से पहुंचा अभिभावक तैयार किए जा रहे कागजात

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मानव तस्करी की आशंका में अरुणाचल में पंजीकृत डबल डेकर बस से बरामद 95 बच्चों के मामले में बिहार प्रान्त से बच्चों के अभिभावक शनिवार की शाम अयोध्या पहुंच गए। अभिभावक अपने बच्चों की सुपुर्दगी के लिए स्थानीय लोगों की मदद से कागजात तैयार करवाने में जुटे हैं।

कागजात तैयार होने के बाद इसे बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। बच्चों को जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण के बाद शुक्रवार की देर शाम सीडब्ल्यूसी ने लखनऊ भेजवाया था और सभी बच्चों को लखनऊ के राजकीय बाल गृह बालक में देखभाल और संरक्षण के लिए रखवाया है।

इसके पूर्व स्थानीय मददगारों ने पुलिस के अधिकारियों से मुलाकात की है। स्थानीय मददगार कारी इरफ़ान और अधिवक्ता खालिद का कहना है कि शपथ पत्र आदि तैयार करवाया जा रहा है। सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। अभिभावकों ने बच्चों को अपनी मर्जी से पढ़ने के लिए भेजा था।

> अभी बच्चों का कोई अभिभावक नहीं आया है और न ही कोई कागजात प्रस्तुत किया गया है। काउंसलिंग व पुलिस रिपोर्ट तथा कागजात का परीक्षण करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> – सर्वेश अवस्थी, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति

### चालक हो गया था फरार सवारियों को छोड़ा गया


संयुक्त टीम की कार्रवाई के दौरान बस का चालक मौके से फरार हो गया था, जबकि बच्चों और मदरसे के मौलवियों समेत बस पर सवार लोगों को पुलिस लाइन लाई थी। प्राथमिक पड़ताल और सत्यापन के बाद पुलिस ने आठ सवारियों और उनके दो बच्चों को अपने गंतव्य जाने की अनुमति दे दी। वहीं सहारनपुर स्थित मदरसे के प्रबंधक और शिक्षकों का पुलिस ने सत्यापन कराया है तथा पूछताछ की है। अभी बच्चों को लखनऊ छोड़कर आने के बाद बस और उसके खलासी को नहीं छोड़ा गया है। पुलिस को आगे की कार्रवाई के लिए सीडब्लूसी के रूख का इंतजार है। एएचटी थाने के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सोनकर का कहना है कि बच्चों के अभिभावक आ गए हैं, सीडब्लूसी के निर्देश का इंतजार है।

# हिन्द नगर में बैंक्वेट हॉल और दो रो हाउस सील

**अमृत विचार :** मानक के विपरीत बनाए गए क्वीन्स पैलेस बैंक्वेट हॉल, रो-हाउस व कमर्शियल बिल्डिंग सील एलडीए ने सील कर दी।

जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन 2 देवांश त्रिवेदी ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर के हिन्दनगर में भूखण्ड संख्या-422/एफ पर 4,000 वर्गफुट में क्वीन्स पैलेस बैन्क्वेट हॉल बना था। नीलमथा के रामसेवक पुरम में हरिहरपुर नाले के पास 1200-1200 वर्गफुट में भूखण्डों पर दो रो-हाउस व नेहा चावला द्वारा कानपुर रोड योजना के सेक्टर-एच में भूखण्ड संख्या-सी-2/138 पर 280 वर्गमीटर में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत कमर्शियल कॉम्पलेक्स बनवाया जा रहा था। इन निर्माण के विरुद्ध विहित न्यायालय से सीलिंग का आदेश पास था। शनिवार को निर्माण सील कर दिये।

प्रवर्तन दस्ते ने आईआईएम रोड तिराहा के पास नरहरपुर मथुरा गांव में 13 रो हाउस सील किए। सीतापुर रोड योजना के सेक्टर डी में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत दो भूखंडों पर बहुमंजिला भवन का निर्माण कराया जा रहा था। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन चार रविनंदन सिंह ने बताया कि उक्त भवन सील कर दिये।



# शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ता लखनऊ





**लखनऊ मॉडर्न पब्लिक इंटर कॉलेज** की स्थापना सन् 1992 में इंसाफ नगर सेक्टर 10 इंदिरा नगर शाखा से स्वर्गीय श्री राजकुमार वर्मा के द्वारा हुई, विद्यालय लगातार तब से अपनी शिक्षा के स्तर को बनाये रखते हुए गुणवत्तापूर्वक शिक्षण कार्य योग्य शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, निरन्तर बढती हुई बच्चों की संख्या और विद्यार्थियों के अच्छे रिजल्ट को देखते हुए विद्यालय को तीन बार बेस्ट टॉप 3 की श्रेणी में पुरस्कार भी मिल चुका है। प्रधानाचार्या महोदया श्रीमती रागिनी श्रीवास्तव और विद्यालय के प्रबंधक श्री हिमांशु वर्मा जी द्वारा निरंतर शिक्षण कार्य को और विद्यार्थियों को खेलकूद के लिए भी निरंतर प्रेरित किया जाता है , विद्यालय भवन में गर्मी से बचाव के लिए वातानुकूलित कमरों एवं जनरेटर की व्यवस्था भी की गयी है। इसके अलावा ठण्डे पानी की मशीन भी विद्यालय परिसर में लगाई गयी है। विगत कई वर्षो से विद्यालय का परीक्षाफल निरन्तर अच्छा परिणाम दे कर प्रदेश व समाज की सेवा कर रहा है।



**कास्मोंपोलिटन स्कूल** की स्थापना सन् 1998 में भरत नगर मोहिबुल्ला शाखा से श्री एस0पी0 राय के द्वारा हुई, विद्यालय लगातार तब से अपनी शिक्षा के स्तर को बनाये रखते हुए गुणवत्तापूर्वक शिक्षण कार्य योग्य शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। निरन्तर बढ़ती हुयी बच्चो की संख्या को देखते हुए प्रबंधकों द्वारा सन 2009 में एक नई शाखा की शुरुआत आईआईएम रोड पर की गयी, जहाँ नर्सरी से लेकर इण्टर तक की कक्षाएं श्री एसपी राय जी के मार्गदर्शन में सुचारू रूप से चल रही हैं। प्रधानाचार्या महोदय श्रीमती सरिता राय द्वारा विद्यालय भवन में गर्मी से बचाव के लिए पूर्णतया: वातानुकूलित (फुली एसी ) कक्षाएं शुरू की गयी हैं और जनरेटर की व्यवस्था भी की गयी है। इसके अलावा ठण्डे पानी की मशीन भी विद्यालय परिसर में लगाई गयी है। विगत कई वर्षों से विद्यालय का परीक्षाफल निरन्तर अच्छा परिणाम देकर प्रदेश व समाज की सेवा कर रहा है।






## एक नजर

### सीढ़ियों से गिरा युवक, मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाका के विजयनगर में रहने वाले विक्की (35) घर में सीढ़ी चढ़ते समय फिसल कर नीचे गिर गए। हादसे में वह गंभीर रूप से चोटिल हो गए। घरवाले उन्हें ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान विक्की की मौत हो गई। भाई राजेश के मुताबिक विक्की इलेक्ट्रिक की दुकान में काम करते थे।

### मधुमक्खियों के हमले में घायल किसान की मौत

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** माल के नबी पनाह निवासी लखन लाल रावत (46) किसानी करते थे। बेटे विक्रम के मुताबिक शनिवार सुबह उनके पिता घर से कुछ दूरी पर बने तबेले में मवेशियों को चारा देकर लौट रहे थे। तभी रास्ते में उन पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। गांव वालों ने धुंआ करके मधुमक्खियों को भगाया, जिसके बाद लखन लाल को बलरामपुर अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लखन लाल के परिवार में पत्नी पूनम, बेटे विक्रम, आशीष, अतुल और बेटी लक्ष्मी है।

### दुष्कर्म का आरोपी भेजा गया जेल

**अमृत विचार, लखनऊ :** मंगलवार रात महिला से दुष्कर्म करने व जान से मारने का प्रयास करने के आरोपी को मोहनलालगंज पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। घटना के बाद ही पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया था। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज आलोक राव के मुताबिक मंगलवार रात आरोपी सुभाष शराब ने नशे में धुत होकर महिला के घर में घुस गया था। आरोपी महिला से अश्लीलता कर रहा था। विरोध पर सुभाष ने पीड़िता का गला दबा दिया था। इसके चलते वह बेहोश हो गई थी। महिला को मरा समझकर आरोपी ने दुष्कर्म किया था।

# चीथड़ों से बने फंदे से लटका मिला युवक का शव

## परिजन ने अज्ञात पर हत्या कर शव फंदे से लटकाने का लगाया आरोप

संवाददाता, लखनऊ/ काकोरी

▸▸ शुक्रवार रात खाना खाकर घर से निकला था, फिर नहीं लौटा



**अमृत विचार :** काकोरी इलाके में शनिवार सुबह संदिग्ध हालात में युवक का शव खेत में बांस पर कपड़ों के चीथड़े जोड़ कर बनाये फंदे से लटका मिला। परिजन ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। युवक शुक्रवार रात घर से खाना खाकर निकलने के बाद से लापता था। फिलहाल पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। परिजन ने कोई तहरीर नहीं दी है।

थाना अंतर्गत बेलवा निवासी विशाल रावत (19) का शव संदिग्ध हालात में खेत में ईंटों की दीवार पर रखे बांस में चीथड़े नुमा कपड़ों से बने फंदे से लटका मिला। भाई विमलेश ने बताया शुक्रवार रात करीब 10 बजे विशाल खाना खाकर टहलने घर से निकला था। देर रात तक जब घर नहीं लौटा तो तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। शनिवार सुबह खेतों की तरफ पहुंचे ग्रामीणों ने विशाल का शव फंदा से लटका देख पुलिस को परिजन को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजन से पूछताछ के बाद पंचनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। परिजन ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। काकोरी इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फंदा लगाने से मौत की पुष्टि हुई है। इस संबंध में परिजन की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। परिजन पैर जमीन से छूने के कारण हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

**युवक की हाइट इतनी फंदा लगने से नहीं जानी थी जान**-जिस स्थान पर विशाल का शव फंदा से लटका मिला है। वहां पर फंदा लगा कर आत्महत्या नहीं की जा सकती है। क्योंकि जिस बांस में चीथड़े जोड़कर फंदा लगाया गया है। उसकी ऊंचाई विशाल की हाइट से कम प्रतीत हो रही है। इसके अलावा विशाल का शव बैठने की मुद्रा में दीवार के सहारे टिका है। दोनों पैरों में चप्पलें भी पहन रखी हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विशाल की हत्या कर शव लटका कर आत्महत्या दिखाने का प्रयास किया गया है।

**किसी युवती से मोबाइल पर बात करता था विशाल**-विशाल की बहन आरती के मुताबिक भाई एक युवती से मोबाइल फोन पर अक्सर बातें करता था। उसने युवती की वजह से भी अज्ञात लोगों द्वारा भाई की हत्या कर शव लटकाने की आशंका जताई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मजदूर के फंदा लगाने की बात सामने आई है। परिजन पैर जमीन में छूने के कारण हत्या का अंदेशा जता रहे हैं।

### पत्नी से झगड़ने के बाद मजदूर ने की खुदकुशी

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई इलाके के सभा खेड़ा कल्ली पश्चिम में रहने वाले सुभाष चंद्र (42) मजदूर थे। शुक्रवार की रात किसी बात को लेकर उनका पत्नी से झगड़ा हुआ था। सुभाष से नाराज पत्नी बच्चों को लेकर छत पर सोने चली गईं। वहीं, सुभाष नीचे कमरे में लेट गए। शनिवार सुबह पत्नी सुभाष का शव चादर के सहारे पंखे से लटकता देखा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दंपति के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था, जिसके बाद सुभाष ने जान दे दी।

# बिल्डर ने साथियों संग दंपति पर किया हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ देर रात बाजार खाला पुलिस ने हमलावरों पर दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** बाजारखाला थाना अंतर्गत फ्लाईओवरब्रिज पर शनिवार को बिल्डर ने अपने साथियों के साथ बाइक सवार दंपति पर हमला कर दिया। इस हमले में बाइक चला रहा युवक लहूलुहान हो गया। इसके बाद हमलावर घटनास्थल से भाग निकले। हालांकि, राहगीरों की मदद से पुलिस ने घायल को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जिसके बाद हमलावरों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

डीसीपी पश्चिम डॉ.दुर्गेश के मुताबिक, बाजारखाला निवासी कवि तिवारी पत्नी क्षमा तिवारी के साथ शनिवार शाम चंद्रिका देवी मन्दिर दर्शन करने जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में दबंगों ने टुडियागंज ओवरब्रिज पर घेर लिया और हमला बोल दिया। हमले में कवि तिवारी को गम्भीर चोट आई है। पत्नी क्षमा तिवारी का आरोप है कि बिल्डर पिछले काफी समय से उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। हमलावर मेहंदीगंज के ही रहने वाले हैं। प्रभारी निरीक्षक संतोष आर्या ने बताया कि दोनों पक्षों में एक जमीन को लेकर विवाद हुआ है।

# बेटे को सरकारी नौकरी दिलवाने के नाम पर महिला से ठगे छह लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बीबीडी पुलिस ने जालसाजों पर प्राथमिकी दर्ज कर शुरू की जांच

**अमृत विचार :** बीबीडी थाने में एक महिला ने जालसाजों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि जालसाज ने उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम में उसके बेटे को लिपिक संवर्ग में नौकरी लगवाने का दावा कर सवा छह लाख रुपये ऐंठ लिए है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जुग्गौर एल्डिको उद्यान निवासी मुन्नी देवी का बेटा नितीश कुमार आनन्द प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। महिला ने बताया कि वर्ष 2023 में उसकी मुलाकात अरुण कुमार पुष्कर से हुई थी। जालसाज ने उनके बेटे नितीश की नियुक्ति यूपी राज्य विद्युत उत्पादन निगम में कराने का आश्वासन देते हुए रुपयों की मांग की। बहकावे में आकर महिला ने जालसाज व उसके दोस्त विजय प्रताप को कई बार में करीब 6.33 लाख रुपये दिए थे। बावजूद इसके महिला के बेटे को नौकरी नहीं मिली। लाखों रुपये गवां चुकी मुन्नी देवी ने डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह से मुलाकात कर शिकायत की थी। जिनके निर्देश पर बीबीडी कोतवाली में अरुण कुमार पुष्कर और विजय प्रताप के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### महिला के कान पर झपट्टा मारकर छीनीं बालियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** सआदतगंज कोतवाली अंतर्गत एलडीए कॉलोनी में शुक्रवार रात स्कूटी सवार लुटेरे महिला के कान पर झपट्टा मार उसकी बालियां छीनकर भाग निकले। इसके बाद महिला ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना देते हुए सम्बन्धित थाने में तहरीर देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। एलडीए कॉलोनी निवासी सीमा मौर्या शुक्रवार रात करीब 10 .30 बजे खाना-खाने के बाद घर के बाहर टहल रहीं थी। लिखित शिकायत में महिला ने बताया कि पीछे से आए स्कूटी सवार लुटेरों ने उसके कान पर झपट्टा मारकर बालियां छीन ली। पीड़िता ने बताया कि बदमाश के झपट्टा मारने के कारण उनका कान लहूलुहान हो गया। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना देते हुए सम्बन्धित थाने में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि लुटेरों की तलाश में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# दोस्त की पत्नी को बेसुध कर किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्रसाद में नींद की गोलियां खिलाकर की घिनौनी हरकत

▸▸ कोर्ट के आदेश पर मड़ियांव पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** मड़ियांव कोतवाली अंतर्गत रहने वाले युवक ने दोस्त की पत्नी को प्रसाद में नींद की गोलियां खिलाकर उससे दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने उसका आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया है। होश में आने के बाद महिला ने विरोध किया तो आरोपी सोशल मीडिया पर उसका वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। इसके बाद आरोपी दो वर्षों तक उसका यौन शोषण करने लगा। हालांकि, कोर्ट के आदेश पर मड़ियांव पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र के मुताबिक, क्षेत्र की रहने महिला ने सोनू उर्फ आशीष शर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला का कहना है कि आरोपी उसके पति का दोस्त है। जिस वजह से आरोपी उसके घर अक्सर आता जाता था। दो वर्ष पूर्व आरोपी पति की गैर मौजूदगी में उसके घर पहुंचा। जिसके बाद प्रसाद में नींद की गोलियां मिलाकर महिला को खिला दिया। प्रसाद का सेवन करने से महिला का सिर चकराने लगा और वह बेसुध हो गई। आशीष ने बेहोशी की हालत में उससे दुष्कर्म किया। होश में आने पर महिला ने विरोध किया तो आरोपी उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी देते हुए उसके आपत्तिजनक वीडियो को वायरल करने की बात करने लगा।

महिला का आरोप है कि दो वर्षों तक आशीष उसे ब्लैकमेल कर यौन शोषण करने लगा। गत 9 जनवरी 2024 को आरोपी ने उससे संबंध बनाने का दबाव बनाया तब महिला ने इंकार कर लिया। इस पर आरोपी ने महिला की पिटाई कर दी।

### नाबालिग से दुष्कर्म, परिजन ने आरोपी को पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट इलाके में दो साथियों को निगरानी के लिये बाहर खड़ा कर आरोपी ने घर में घुस नाबालिग से दुष्कर्म किया। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंचे परिजन ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। परिजन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर फरार आरोपियों को भी हिरासत में लिया है। थाना क्षेत्र निवासी दंपति शुक्रवार रात एक परिचित के यहां शादी समारोह में शामिल होने गये थे। घर पर नाबालिग बेटी अकेली थी। रात करीब 12 बजे मनीष उर्फ गोलू अपने दो साथियों संग पहुंचा। साथियों को निगरानी के लिये बाहर खड़ा कर मनीष घर में घुस गया। इसी बीच पड़ोसियों ने दंपति को फोन पर घर के बाहर खड़े युवकों के बारे में सूचना दी। आनन-फानन दंपति घर की तरफ पहुंचे तो बाहर खड़े दोनों आरोपी भाग निकले। पीड़ित पिता का कहना है कि जब वह घर के अंदर पहुंचे तो मनीष नाबालिग बेटी को दबोचे गलत काम करते मिला। बेटी चंगुल से छूटने के लिये छटपटा रही थी। आरोपी ने भागने का प्रयास किया तो दंपति ने उसे पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने गैंगरेप का मामला दर्ज किया है।



शोरूम में चोरी के बाद मौके पर जांच कर करते फॉरेंसिक टीम के सदस्य। अमृत विचार

# शोरूम का शटर काटकर 10 लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने कार्रवाई किए जाने की मांग की

▸▸ चोरों ने सीसीटीवी कैमरे तोड़कर डीवीआर किया पार

▸▸ शिकायत पर मामले की जांच में जुटी गाजीपुर पुलिस

**अमृत विचार :** गाजीपुर थाना अंतर्गत अयोध्या मार्ग पर चोरों ने इलेक्ट्रिकल शोरूम का शटर काट 10 लाख रुपये की कीमत के तार और गल्ले में पड़ी ढाई हजार की नकदी समेट ली। वारदात को अंजाम देने के बाद चोरों ने सीसीटीवी कैमरे तोड़ डीवीआर भी पार कर दिया। जानकारी मिलते ही उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौके पर पहुंच कर चोरों की गिरफ्तारी किए जाने की मांग करने लगे। हालांकि, पीड़ित कारोबारी की लिखित शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक, शिवानी पैलेस में नीरज अग्रवाल का ओंकार एजेंसीज नाम से इलेक्ट्रिकल सामान का शोरूम है। शुक्रवार रात नीरज शोरूम बंद कर घर आ गए थे। अगले दिन सुबह शोरूम का शटर टूटा होने की सूचना मिली। भागकर वह शोरूम पहुंचे। भीतर गए तो देखा की पूरा सामान फैला पड़ा था। 10 लाख रुपये कीमत के 150 बंडल तार व दराज में रखे ढाई हजार रुपये गायब थे। नीरज ने ताला टूटा देख व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को सूचना दी। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने घटना का खुलासा कर चोरी हुए माल की शीघ्र बरामदगी की मांग की।

इसके साथ प्रदेश महामंत्री शशिकांत शर्मा, राम अग्रवाल, विनोद लालवानी, मनोज शर्मा, अनूप उपाध्याय आदि व्यापारी गाजीपुर थाने पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि करोबारी नीरज अग्रवाल की लिखित शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर फिंगर एक्सपर्ट टीम के मदद से नमूने जुटाकर जांच की जा रही है।

### पुलिस गाड़ी से घायल महिला की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैंट थाना अंतर्गत मरी माता मंदिर के पास पुलिस गाड़ी की टक्कर से घायल सुशीला (45) की 56 दिन बाद मौत हो गई। वह लोहिया अस्पताल में भर्ती थी। घटना के अगले दिन उसकी बेटी प्रिया की मौत हो गई थी। गौरतलब है कि 24 फरवरी की शाम अर्जुनगंज निवासी संतोष की पत्नी सुशीला, बेटी प्रिया और पड़ोसी नीलम के साथ खरीदारी करने बाजार निकली थी। वह अर्जुनगंज स्थित मरी माता मंदिर के पास पहुंची थी तभी वहां से पुलिस की गाड़ियों का काफिला आ रहा था। अचानक एक गाड़ी अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे गुजर रहे राहगीरों को टक्कर मारते हुए पलट गई थी। हादसे में बेटी प्रिया और नीलम की मौत हो गई थी। जबकि गंभीर रूप से घायल सुशीला को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शनिवार को इलाज के दौरान सुशीला ने दम तोड़ दिया।

## सार-संक्षेप

### साइबर अपराधियों ने चार लोगों से ठगे 6.63 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर अपराधियों ने चार लोगों से धोखाधड़ी कर उनसे 6 .63 लाख रुपये ठग लिए है। पीड़ितों की लिखित शिकायत पर अलीगंज, पीजीआई और कृष्णानगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है। अलीगंज के सेक्टर- ई स्थित रविंद्र गार्डेन निवासी विवेक शर्मा ने फर्नीचर बेचने के लिए ई-कार्मस साइट पर एक विज्ञापन पोस्ट किया था। कुछ दिन पहले एक कॉल आई। सौदा तय होने पर जालसाज ने पेमेंट के लिए बार कोड भेजा। ठगी से अनजान विवेक ने जैसे ही स्कैन किया तो खाते से 4,99,998 रुपए पार कर दिए। वहीं, पीजीआई के वृंदावन योजना सेक्टर -19 बी निवासी अभिषेक गोस्वामी ने बताया कि कुछ दिन पहले साइबर जालसाज ने टेलीग्राम पर रुपए दोगुना करने का झांसा देकर 1 लाख रुपए ऐंठ लिए। ठगी का एहसास होने पर पीडित ने पीजीआई थाने में आईटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया है। उधर, कृष्णानगर के नया सरदारी खेड़ा निवासी अभिलाषा श्रीवास्तव ने बताया कि ओएलएक्स पर स्पोर्ट्स किट बेचने के लिए एड दिया था। तीन दिन पहले उनके पास एक कॉल आई। जालसाज ने अपने बेटे के लिए किट लेने की बात कहकर खाते से 13,710 रुपए गायब कर दिए। इसी थाना क्षेत्र के विजय नगर निवासी सुखविंदर पाल सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले मोबाइल पर मैसेज आया। मैसेज में दिए गए लिंक पर पर क्लिक करते ही खाते से 50 हजार रुपए कट गए।

### गाड़ी उठाने पर क्रेन चालक से अभद्रता कर तोड़ा मोबाइल

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज कोतवाली अंतर्गत हलवासिया के पास नो-पार्किंग जोन में खड़ी गाड़ी को उठाने पर वाहन मालिक ने क्रेन चालक से अभद्रता की। विरोध करने पर अधिवक्ता की वेशभूषा में आए युवकों ने यातायात कर्मियों से धक्का-मुक्की कर हेड कांस्टेबल का मोबाइल तोड़ दिया। हेड कांस्टेबल की लिखित शिकायत पर पुलिस ने वाहन स्वामी और उसके साथियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह के मुताबिक ट्रैफिक विभाग में तैनात हेड कांस्टेबल रामानंद की लिखित शिकायत पर कार मालिक व उसके साथियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। लिखित शिकायत में हेड कांस्टेबल ले बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब ढाई बजे हलवासिया के पास नो पार्किंग जोन में खड़ी एक कार को क्रेन की मदद से यातायात कर्मी कासमण्डा यार्ड लेकर पहुंचे थे। तभी कार मालिक अपने कुछ दोस्तों को लेकर वहां पहुंचा। युवक खुद को अधिवक्ता बता क्रेन चालक से बदसलूकी करने लगे। विरोध करने पर यार्ड के पास मौजूद कर्मचारियों ने जुर्माना भरने की बात कही तो आरोपी धक्का-मुक्की करने लगे। हंगामा होता देख कांस्टेबल रामानंद उनका वीडियो बनाने लगा। तब आरोपियों ने उसका मोबाइल सड़क पर फटकर तोड़ दिया। इसके बाद कार मालिक बगैर जुर्माना भरे गाड़ी लेकर भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चौराहे पर लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान कराई जा रही है।

### युवक का कार से स्टंट करते वीडियो वायरल

**अमृत विचार, लखनऊ :** सोशल मीडिया में शनिवार को एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें सफेद रंग की कार से युवक स्टंट करता हुआ नजर आ रहा है। शनिवार दोपहर ट्विटर पर वायरल हुआ वीडियो मोहनलालगंज न्यू जेल रोड का है। जहां सफेद रंग की कार से युवक करीब 120 किमी की रफ्तार में कार दौड़ा रहा है। जिसकी चपेट में आने से एक बाइक सवार भी किसी तरह बच गया। वहीं, ड्राइवर कार लेकर चला गया। राहगीरों ने ही तेज रफ्तार में दौड़ रही कार का वीडियो रिकार्ड कर ट्विटर पर अपलोड किया था। प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने बताया कि वायरल वीडियो की जानकारी मिली है। कार नम्बर के आधार पर जांच की जा रही है।

### शौचालय के पास मिले युवक की हुई शिनाख्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** तालकटोरा थाना अंतर्गत राजाजीपुरम टेम्पो स्टैण्ड के पास गुरुवार को मिले शव की शिनाख्त अमेठी जनपद के गौरीगंज थाना अंतर्गत लालगंज कटरा निवासी शेर अली (65) के रूप में हुई है। भाई मुमताज ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव की शिनाख्त की। मुमताज चौक में रहकर मजदूरी करता है। उसने बताया कि उसका भाई राजाजीपुरम टेम्पो स्टैण्ड पर रहकर मजदूरी करता था। तीन दिन पहले वह भाई से मिलकर लौटा था। शुक्रवार को टेम्पो स्टैण्ड के पास मौजूद शौचालय कर्मी ने उसे भाई की मौत की सूचना दी थी।

### शराब ठेके के पास नाली में मिला युवक का शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना थाना क्षेत्र अन्तर्गत पराग चौराहे के पास देशी शराब की दुकान के बगल में स्थित नाली में संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति का शव मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो पायी है। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया संभवत: शराब पीकर नाली में गिरने से मौत हुई है। इलाकाई लोगों ने बताया कि मृतक मजदूरी करता था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### कटिया लगाने के विरोध पर युवक पर किया हमला

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** कनार गांव निवासी आजाद के मुताबिक उनका चचेरा भाई सूरज उनके घर के पास लगे खंभे में लगे तार में कटिया डालकर बिजली चोरी करता था। आजाद का आरोप है कि शुक्रवार देर रात जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपी ने उनपर ईंट से हमला कर दिया। इंस्पेक्टर मलिहाबाद सुरेश सिंह के मुताबिक आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

# लोन एप कर्मियों ने वायरल की युवती की आपत्तिजनक फोटो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मड़ियांव कोतवाली में लोन एप कर्मियों पर प्राथमिकी दर्ज

**अमृत विचार :** मड़ियांव कोतवाली में युवती (20) ने लोन एप कर्मियों के खिलाफ उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल करने की प्राथमिकी दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि लोन एप कर्मियों ने केवाईसी के बहाने से उसकी तस्वीर ली, जिसका दुरुपयोग कर आपत्तिजनक फोटो बनाई गई।

प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली युवती को इंस्टाग्राम पर मनी फाइन एप की जानकारी हुई। इसके बाद युवती ने गूगल प्ले स्टोर से लोन ऐप को डाउनलोड कर ऋण लेने के लिए अप्लाई किया था। युवती ने बताया कि एप डाउनलोड करते वक्त उससे कुछ परमिशन मांगी गईं थीं। इसके बाद अनजान नम्बर से कॉल की आई। फोनकर्ता ने युवती का सिबिल स्कोर चेक करने का झांसा देते हुए उसका एक फोटोग्राफ ले लिया। पीड़िता ने बताया कि कुछ दिन बाद परिचितों के वाट्सएप पर उसकी आपत्तिजनक फोटो भेजी जाने लगी और फोन कर रुपये देने का दबाव बनाया गया। परेशान होकर पीड़िता ने मड़ियांव कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि साइबर क्राइम सेल की मदद से मामले की जांच की जा रही है।

# लेखपाल के मकान का ताला तोड़कर 13 लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ दिनदहाड़े चोर वारदात को अंजाम देकर फरार

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज थाना अंतर्गत शिवपुरी कॉलोनी में दिनदहाड़े चोरों ने लेखपाल के मकान का ताला तोड़कर 13 लाख रुपये की नकदी समेटकर भाग निकले। बच्चों को स्कूल से लेकर घर लौटी पत्नी ने मकान के ताले टूटे देख लेखपाल पति और पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने पड़ोसियों से पूछताछ कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

शिवपुरी निवासी उमेश कुमार निषाद लेखपाल के पद पर कार्यरत हैं। लिखित शिकायत में लेखपाल उमेश ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे पत्नी शशिप्रभा मीटिंग में बेटे के स्कूल गई थी। दोपहर करीब 1.50 पर शशिप्रभा घर वापस लौटी। तो कमरे के ताले टूटे मिले। अलमारी खुली थी और सामान बिखरा हुआ था। शशिप्रभा ने पति को फोन कर घटना की जानकारी दी। उमेश के मुताबिक करीब प्लॉट खरीदने के लिए सात लाख रुपये रखे थे। वहीं, छह लाख रुपये शशिप्रभा की बहन के थे। जो चोरी हो गए।

# वृद्धा को बेहोश कर रिश्तेदारों ने खंगाला घर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सआदतगंज कोतवाली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार :** सआदतगंज कोतवाली में युवक ने रिश्तेदारों के खिलाफ घर से सवा लाख रुपये और गहने चोरी करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि रिश्तेदारों ने चोरी करने के लिए उनकी मां को नशीली गोली खिलाई थी। मां के बेसुध होने पर रिश्तेदारों ने अलमारी में रखे रुपये और गहने पार कर दिए। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह के मुताबिक, मंसूरनगर निवासी सैफ ने सीतापुर के अटरिया अनवरपुर निवासी रिश्तेदार मो. सोहेल, मोहम्मद शरीफ, मोहम्मद शकील और नाजमीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि रिश्तेदार अक्सर उनके घर आते थे। वह उनकी आर्थिक मदद भी करते थे। जिस वजह से रिश्तेदारों को उनके घर की पूरी जानकारी थी। पीड़ित का आरोप है कि कुछ दिन पूर्व उनके घर में रखी अलमारी में 73 हजार रुपये गायब थे। सोहेल पर संदेह होने पर पीड़ित ने उससे पूछताछ की, तब उसने चोरी करने की बात स्वीकार की थी। सख्ती बरतने पर रिश्तेदार ने बताया कि वारदात को अंजाम देने से पूर्व उसने उनकी बुजुर्ग मां को नशीली गोली दी थी।

# ठेकेदार पर आरोप, कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

▸▸ प्लंबर की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी मौत

▸▸ मृतक की भाभी ने कृष्णानगर कोतवाली में दी शिकायत

**अमृत विचार :** कृष्णानगर कोतवाली अंतर्गत प्रेमनगर चौराहे पर सीवर लाइन का काम कर रहे प्लंबर विशाल (28) की गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। शनिवार को भाभी सुषमा ने देवर की मौत के मामले में निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि देवर की मौत के बाद ठेकेदार उन्हें जानकारी नहीं दी है। फिलहाल जांच में सामने आया है कि मिरगी का दौरा पड़ने से प्लंबर की मौत हुई है।

गौरतलब है कि 25 अप्रैल को प्लंबर विशाल शर्मा दोस्त साजिद के साथ ठेकेदार के साथ सीवर लाइन का काम कर रहा था। तभी उसकी तबीयत अचानक से बिगड़ गई। आनन-फानन प्लंबर का भाई अमित उसे लोकबंधु अस्पताल लेकर पहुंचा। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया था। जहां शुक्रवार को प्लंबर की मौत हो गई। वहीं, भाभी सुषमा का आरोप है कि ठेकेदार और सुपरवाइजर ने उन्हें जानकारी नहीं दी थी। देवर की मौत के बाद दोनों ने उनसे संपर्क नहीं किया है। उन्होंने दोनों पर सही बात न बताने का आरोप लगाते हुए जांच किए जाने की मांग की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि प्लबंर को चक्कर आया था। आसपास के लोगों ने उसे सड़क किनारे बैठा दिया। उसकी गड्ढे में गिरने से नहीं बल्कि अचानक चक्कर आने से उसकी मौत हुई है। दुकानदार रविकांत शर्मा ने बताया कि उनकी दुकान के समाने प्लंबर को चक्कर आया था। ऐसी कोई भी घटना किस प्रकार की नहीं हुई है। प्लंबर की मौत गड्ढे में गिरने से हुई हो आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में सारी चीज हैं। प्रभारी निरीक्षक बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस प्लंबर के साथ काम रहे साथियों से पूछताछ करने में जुटी है। जांच में सामने आया है कि मिरगी का दौरा पड़ने से प्लंबर की मौत हुई है।

# कारोबारी के घर में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ दमकल ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज थाना अंतर्गत चिकन कारोबारी के घर में शुक्रवार देर रात आग लग गई। घर में धुआं भर जाने से लोगों से सांस देने के दिक्कत होने लगी। उससे लोगों की आंख खुल गई। जिसके बाद लोग चीख पुकार मचाते घर से बाहर निकले। हालांकि, घटनास्थल पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है।

एफएसओ चौक पुष्पेंद्र सिंह यादव के मुताबिक, तहसीनगंज चौराहे पर चिकन कारोबारी विनय दीक्षित का तीन मंजिला मकान है। शुक्रवार रात 3 बजे पहले माले पर लगे सीसीटीवी यूनिट में आग लग गई। देखते ही देखते आसपास रखे सामान को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही देर में पूरे घर में धुआं भर गया। बगल के कमरे में सो रहे लोगों की नींद खुली तो कमरे में धुआं भरा हुआ था। भागकर वह कमरे से बाहर आए तो दूसरे कमरे से आग की लपटें निकल रही थी। परिवार वालों ने पहले तो खुद ही पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग बढ़ती देख पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचित किया। एफएसओ ने बताया कि दमकल कमियों ने 15 मिनट के भीतर आग पर काबू पा लिया।

### आम के 41 पेड़ काटने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** मुन्नूखेड़ा में चोरी से आम के 41 पेड़ काटने पर वन विभाग की टीम ने बाग मालिक सहित चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। वन विभाग के क्षेत्र प्रभारी दिलीप सिंह चौहान के मुताबिक विभाग को सूचना मिली कि बीते मंगलवार रात मुन्नूखेड़ा में चोरी से आम के 41 पेड़ काटे गए थे। इस पर दिलीप जब चौकीदार बृजलाल के साथ मौके पर पहुंचे तो उन्हें 41 पेड़ों के ठूंठ मिले। इंस्पेक्टर माल मुन्नूखेड़ा निवासी बाग मालिक शिवरतन, लकड़ी कारोबारी आटगढ़ीसौरा निवासी सूरजपाल सिंह, सालेहनगर निवासी ताजमोहम्मद, ढोलबजा निवासी जमालू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।



इकाना स्टेडियम में एलएसजी टीम का प्रोत्साहन बढ़ाने पहुंचे राजधानी के लोग। फोटो : अमृत विचार




स्टेडियम में एलएसजी के कप्तान केएल राहुल के नाम के बैनर व फोटो लेकर टीम को सपोर्ट करते दर्शक। अमृत विचार



मैच देखने पहुंचे विदेशी दर्शक।

# हार और जीत के एहसास ने दर्शकों का हर पल बनाया खास

## आईपीएल 2024 : एलएसजी और राजस्थान में हुई रोमांचक भिड़ंत, राहुल और दीपक की बल्लेबाजी ने जीता दर्शकों का दिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मैच में एक-एक गेंद के साथ दर्शकों की धड़कनें बढ़ती जा रही थी। दर्शकों के चेहरे पर मायूसी और खुशियों के रंग आ-जा रहे थे। हार और जीत के एहसास ने इस मैच के हर पल को खास बना दिया। इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की टीम भले ही हार गई हो लेकिन खिलाड़ियों के जोश-जज्बे के सामने मेहमान टीम के भी पसीने छूट गए।

राहुल और दीपक हुड्डा की बल्लेबाजी ने दर्शकों का दिल जीत लिया। एलएसजी की हार के बाद भी दर्शक मायूस नहीं दिखे। शानदार क्रिकेट देखने के बाद क्रिकेट प्रेमी एलएसजी की जीत के लिए अगले मैच में फिर इकाना पहुंचने को बेकरार है। इस बार एलएसजी के सामने मुंबई इंडियंस होगी।





स्टेडियम में मैच के दौरान बल्लेबाजी करते केएल राहुल, मैच जीतने के बाद एक-दूसरे को बधाई देते राजस्थान के खिलाड़ी।

दुनिया भर के खूबसूरत स्टेडियमों में शामिल इकाना स्टेडियम में मैच देखने को दर्शकों की भीड़ शाम से जुटनी शुरू हो गई। पहली पारी खेलने उतरी एलएसजी टीम के दो विकेट गिरने के बाद दर्शक मायूस जरूर हुए, लेकिन कप्तान केएल राहुल पिच पर डटे रहे। 48 गेंदों में 76 रनों की धमाकेदार पारी खेलने वाले राहुल ने 8 चौके और 2 छक्के लगाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इसके बाद दीपक हुड्डा ने भी 31 गेंदों में 50 रन की पारी खेली।

दूसरी पारी में राजस्थान के बल्लेबाज संजू सैमसन ने तूफानी पारी खेल दर्शकों को रोमांचित किया। उन्होंने 33 गेंदों में नाबाद 71 रन बनाए। 7 चौके और 4 छक्के जड़ने वाले संजू-संजू की आवाज से इकाना गूंज उठा। उनका साथ ध्रुव जुरेल ने दिया। उन्होंने 34 गेंदों में नाबाद 52 रन बनाए। उन्होंने 5 चौके और 2 छक्के जड़े।

**क्रिकेट की पिच पर दिखा चुनावी रंग :** क्रिकेट के रोमांच से ही नहीं दर्शकों पर लोकसभा चुनाव का रंग भी नजर आ रहा है। स्टेडियम के बाहर दर्शकों के हाथ में एक ऐसा बैनर नजर आया जिस पर क्रिकेट के साथ राजनीतिक पार्टी का स्लोगन भी दिखाई दे रहा था। एलएसजी के समर्थन में पहुंचे दर्शकों के हाथ में मौजूद पोस्टर पर लिखा था कि 'अयोध्या से आई आवाज, इस बार 400 पार'।

यह संदेश टीम के लिए था या किसी खास दल के प्रचार का, इसकों को लेकर दर्शकों में खूब कौतुहल देखने को मिला। इसके अलावा राहुल के फैंस एक से बढ़ कर एक पोस्टर लिए नजर आए।

### अगला मुकाबला मुंबई से

इकाना स्टेडियम पर लखनऊ सुपर जांयट्स का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा है। इकाना रोहित का फेवरेट स्टेडियम रहा है। यहां खेले गए पहले टी-20 मैच में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 111 रनों के नाबाद पारी खेली थी। ऐसे में यहां पर उन्हें रोकना एलएसजी के लिए आसान नहीं होगा। 30 मार्च को होने वाले इस हाईवोल्टेज मुकाबले का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है।

### मैच की झलकियां

**अमित के अंदाज ने किया रोमांचित**

एलएसजी के अमित मिश्रा ने पराग का विकेट लिया तो इकाना स्टेडियम में शोर थमने का नाम नहीं ले रहा था। गेंदबाज अमित ने जब अपनी ही टीशर्ट के पीछे लिखे मिश्रा शब्द की तरफ अपनी अंगुलियों से इशारा किया तो एक बार फिर शोर एक छोर से दूसरे छोर तक गूंज उठा। इसके साथ ही एलएसजी के खेमे में भी खुशी की लहर दौड़ गई।

**पूरन, डिकॉक और स्टॉयनिस नहीं बिखेर सके जलवा**

घर में आज एलएसजी के स्टार बल्लेबाज जलवा नहीं बिखेर सके। तीनों ही बल्लेबाज जल्द ही आउट हो गए। इनके आउट होने से दर्शकों में थोड़ी निराशा देखने को मिली।

**एलएसजी की हार नहीं देखी**

एलएसजी की जीत को देखने पहुंचे दर्शक अपनी टीम को हारते हुए नहीं देखना चाहते थे। मैच पूरा होने से पहले अधिकांश दर्शक मैदान से बाहर निकलने लगे। मैच से पहले ही स्टेडियम की कुर्सियां खाली होने लगी।

**दोपहर में स्टेडियम के बाहर जुटी दर्शकों की भीड़**

मैच भले ही देर शाम शुरू होना था, लेकिन दर्शक दोपहर ही स्टेडियम के बाहर पहुंच गए। यहां पर दर्शकों ने एलएसजी टीम वाली टीशर्ट खरीदी। अधिकांश क्रिकेट प्रेमियों ने केएल राहुल के नाम वाली टीशर्ट ही खरीदी।

**अदालती नोटिस**

हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप बअदालत न्यायालय श्रीमान् जनपद न्यायाधीश, लखनऊ

प्रकीर्ण वाद संख्या-33/2024

ता0पेशी-29.04.2024

शिवम कश्यप आयु लगभग 21 वर्ष पुत्र स्व0 गिरधारी लाल निवासी-आलोक नगर, कल्याणपुर, विकास नगर, जिला-लखनऊ आदि -प्रार्थीगण/वादीगण

बनाम

1-सुमन आयु लगभग 37 वर्ष पत्नी स्व0 श्री मुकेश कश्यप पुत्री स्व0 गिरधारी लाल निवासी-5, आलोक नगर, कल्याणपुर, विकास नगर, जिला-लखनऊ-2-आरती कश्यप आयु लगभग 25 वर्ष पत्नी श्री अश्वनी कश्यप पुत्री स्व0 गिरधारी लाल निवासिनी-5, आलोक नगर, कल्याणपुर, विकास नगर, जिला-लखनऊ-3-उ0प्र0 राज्य द्वारा कलेक्टर जिला लखनऊ - विपक्षीगण

जन सामान्य हेतु सूचनार्थ :-चूंकि उपरोक्त नामांकित-प्रार्थीगण/वादीगण ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा-7, गार्जियन एण्ड वार्ड्स एक्ट-1890 हेतु। अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 29.04.2024 के दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 10.01.2024 के दिवस को दिखायी गयी।

दस्तखत हाकिम-मोहर अदालत

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं.**-1, **ई-प्रापण निविदा संख्या:** उप0मु0 इ0-नि0-पुल-गो0-01-2024 (सिंगल पैकेट सिस्टम) निविदा की अन्तिम तिथि 21.05.2024, **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के बहराइच-नानपारा-नेपालगंज खण्ड के आमान परिवर्तन के मध्य स्टेशन नानपारा-नेपालगंज में पुल सं0 1A(2x45.7 मी0) स्पान, आर0डी0एस0ओ ड्राइंग सं0 बी-17181/आर.सीरीज नवीनतम परिवर्तन के अनुसार 25-टन लोडिंग वेल्डेड टाइप ओपेन वेब गर्डर के विनिर्माण, आपूर्ति, एसेम्बलिंग/इरेक्शन एवं लॉचिंग का कार्य साथ में एच-बीम स्लीपर तथा राकर एवं रोलर बियरिंग के विनिर्माण, आपूर्ति एवं फिक्सिंग कार्य। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 6,84,31,745.78, **बयाना राशि:** ₹ 4,92,200.00, निविदा **प्रपत्र का मूल्य (₹ ):** ₹ 0.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** छ (06) माह,

**नोट:** • बिड प्रारम्भ करने की तिथि- दिनांक 07.05.2024, • उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि- दिनांक 21.05.2024, 15 बजे तक। • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि- दिनांक 21.05.2024, 15.30 बजे। • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है जो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

**श्री एस.एस. राम, कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/पुल/गोरखपुर-9794844274**

**उप मुख्य इंजी0/निर्माण/पुल गोरखपुर**

**मुजाधि/डब्लू-39**

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"



बीबीएयू परिसर में मांग पूरी न होने पर प्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# नहीं पूरी हुई मांगें, छात्रों का आंदोलन तेज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बीबीएयू में आंदोलन कर रहे छात्रों को गुरुवार देर रात पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसके बाद शुक्रवार को देर शाम गिरफ्तार छात्रों को बेल की स्वीकृति मिल गयी। शनिवार को सुबह जेल से छूटे छात्र विवि पहुंचें और डॉ. आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान छात्रों ने प्रदर्शन भी किया। छात्रों ने विवि प्रशासन को तानाशाह बताया है।

बता दें कि बीबीएयू में बीते 17 अप्रैल को सुरक्षाकर्मियों ने छात्रों को पीट दिया था। जिसको लेकर छात्र आंदोलन कर रहे थे, आंदोलन के दौरान कई छात्र भूख हड़ताल पर बैठ गये। कई छात्रों की तबियत भी बिगड़ी थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आंदोलन के दौरान कई दिन छात्रों और विवि प्रशासन के बीच बातचीत हुई लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। अंत में पुलिस ने बिना सूचना के छात्रों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं कई छात्राओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया, लेकिन कुछ देर बाद छोड़ दिया गया।

सुरक्षा एजेंसी के मैनेजर द्वारा मारपीट के प्रकरण में चार नामजद और 25 अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करायी थी। उनमें से नामजद छात्रों को विवि में प्रतिबंधित कर दिया है। कुलानुशासक संजय कुमार ने अश्वनी कुमार, आलोक कुमार राव, विकास कुमार और राहुल कुमार को तीन महीने तक विवि से निलंबित कर दिया है। छात्रों का आरोप है कि उनकी विश्वविद्यालय सुनवाई नहीं कर रहा है।

**जेल से छूटे छात्रों ने शनिवार को फिर विश्वविद्यालय में किया प्रदर्शन**

### ये हैं छात्रों की मांगें

- मारपीट घटना के लिए उकसाने वाले सुरक्षाधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो
- प्रॉक्टर व सुरक्षा अधिकारी को उनके पद से हटाया जाए।
- संबंधित एजेंसी के द्वारा जो चार नामजद व 25 अज्ञात छात्रों के ऊपर फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है, उसे वापस लिया जाए।

# ...नानक हर गुण गाये ले छाड सगल जंजाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिखों के 9वें गुरु साहिब गुरु तेग बहादुर का प्रकाश पर्व को समर्पित तीन दिवसीय गुरमति का पहला समागम शनिवार को गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा नाका हिंडोला में श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया।

शाम का विशेष दीवान 6.30 बजे रहिरास साहिब के पाठ से शुरू हुआ जो रात्रि 10.30 बजे तक चला। इसमें रागी जत्था ने अपनी मधुरवाणी में नाम सिमरन एवं शबद कीर्तन 'तेग बहादुर सिमरिऐ घर नौ निध आवै धाइ, सभ थाई होए सहाइ' गायन कर समूह साध संगत को निहाल किया। ज्ञानी सुखदेव सिंह ने बताया कि प्रभु का नाम ही मनुष्य के साथ जाता है। इनका श्लोक है 'जो उपजियो सो बिनस है परो आज के काल, नानक हर गुण गाये ले छाड सगल जंजाल'।

कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह ने किया। दीवान की समाप्ति के पश्चात् गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बग्गा ने आई साध संगत को साहिब गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व की बधाई दी।

### दर्शकों को नाटक ने किया मंत्रमुग्ध

**अमृत विचार, लखनऊ :** रेपर्टवा फाउंडेशन की ओर से दो दिवसीय नाटक तुम्हारे बारे में का आयोजन शनिवार को संगीत नाटक अकादमी गोमती नगर में किया गया। इसे मानव कौल द्वारा लिखित व निर्देशित किया गया है। यह नाटक रिश्तों, शून्यता, पूर्ति और कल्पनाओं के विषयों की पड़ताल करता है। पात्र अपनी गहरी इच्छाओं से प्रेरित होते हैं। जैसे-जैसे वे अपने रिश्तों की जटिलताओं से निपटते हैं, वे अपने भीतर खालीपन और उन अंतराल को भरने के लिए बनाई गई कल्पनाओं से जूझते हैं। इस नाटक में दर्शकों को मानसी भावलकर, प्रियंका चौधरी, सखी गोखले, घनश्याम लालसा, कौस्तुभ हरित, हरिषभ कांति की अदाकारी देखने को मिली।

**लखनऊ नगर निगम**

लखनऊ लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)

ई-मेल: nnlko@up.nic.in टेली-फैक्स 0522-2622440

निम्नलिखित भवनों के नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरांत नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(बी-2) के अन्तर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है। निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिनों के अंदर लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित संबंधित जोनल कार्यालय में प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

जोन-8

| क्र. स. | वार्ड का नाम | भवन संख्या | मोहल्ला | दर्ज भवन स्वामी का नाम | प्रस्तावित भवन स्वामी का नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शारदा नगर द्वितीय | E-348 | रत्नाकर खण्ड | निर्मला त्रिवेदी पत्नी राज कुमार त्रिवेदी | राज कुमार त्रिवेदी पुत्र स्व0 शिव किशोर त्रिवेदी | पारिवारिक |
| 2 | शारदा नगर द्वितीय | D-182 | साउथ सिटी | प्रमोद कुमार यादव पुत्र अक्षाइवर यादव | अमित बाजपेई पुत्र राज कुमार बाजपेई | रजिस्ट्री |
| 3 | शारदा नगर द्वितीय | ED- II/190 (UPHAR) | एल्डिको-2 | रवीन्दर सिंह बिष्ट एवं अल्का रवीन्दर | सुरेन्द्र सिंह एवं गर्वित सिंह | रजिस्ट्री |
| 4 | शारदा नगर द्वितीय | A/250 | एल्डिको-2 | रागनी यादव पत्नी आई0एम0 यादव | आरती गिरि पत्नी श्री राकेश कुमार गिरि | रजिस्ट्री |
| 5 | राजा बिजली पासी प्रथम | 586-KA/64 | मिर्जापुर | शत्रोहन | फूलमती | पारिवारिक |
| 6 | राजा बिजली पासी प्रथम | FLATE-406 | ट्रान्सपोर्ट नगर | राधा स्वामी सत्संग | मोहित कल्यानी | रजिस्ट्री |
| 7 | राजा बिजली पासी प्रथम | KN-1375(PN-E- 5) | औरंगाबाद जागीर | ईश्वरी देवी | मनीष त्रिपाठी | रजिस्ट्री |
| 8 | राजा बिजली पासी द्वितीय | KN-107(PN-10) | छुहारा खेडा | सरला सिंह राठौर | मियाज अहमद काजमी | रजिस्ट्री |
| 9 | राजा बिजली पासी द्वितीय | FLAT-505 | मानसरोवर सेक्टर-ओ | रेबा कयूम पत्नी मोम्मद कयूम | भाविनी बाजपेई पुत्री मुकेश नारायण बाजपेई | रजिस्ट्री |
| 10 | राजा बिजली पासी द्वितीय | A-164/1-255 | ओमेक्स सिटी | प्रेमचन्द्र | सुशील कुमार व दीपमाला श्रीवास्तव | रजिस्ट्री |
| 11 | विद्यावती द्वितीय | MMD-1/346/D1 | सेक्टर-डी1 | रजिन्दर कौर | श्रीमती मोहिनी पाण्डेय | रजिस्ट्री |
| 12 | विद्यावती द्वितीय | SS-II/258/D1 | सेक्टर-डी1 | विमला देवी | शिल्पी खन्ना आशीष खन्ना | रजिस्ट्री |
| 13 | विद्यावती द्वितीय | L-II/319/G | सेक्टर-जी | ममता | अरूण कुमार बंसल | रजिस्ट्री |
| 14 | खरिका प्रथम | 592A/477 | रथीन्द्र नगर | ऊषा देवी | रेनू सिंह | रजिस्ट्री |
| 15 | खरिका द्वितीय | 6-C/851 | वृन्दावन सेक्टर-06 | अजीत कुमार श्रीवास्तव | रजनीश वर्मा | रजिस्ट्री |
| 16 | इब्राहिमपुर द्वितीय | T-4/F-1103 | वृन्दावन सेक्टर-9 | कृष्ण प्रताप सिंह | दीपक तिवारी | रजिस्ट्री |

जोनल अधिकारी, जोन- 8
नगर निगम लखनऊ

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं0-
**याँ/246/1/15/24-25/ओटी-02**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदंडो के अनुसार ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं,

**क्रम सं0 1:-कार्य का संक्षिप्त विवरण:** 54 नगों का अनुसूची रखरखाव अनुबंध, केम्पी मेक-फास्ट एमआईजी एक्स 450, फास्ट एमआईजी केएमएस 500 और प्रो 5200 ईवीओ इन्वर्टर आधारित वेल्डिंग उपकरण को 01 वर्ष की अवधि के लिए मैकेनिकल वर्कशाप इज्जतनगर में कराये जाने हेतु (कार्य के दायरे के अनुसार), **अनुमानित मूल्य (रु0 में):** ₹ 3701720.64 (रुपये सैंतीस लाख एक हजार सात सौ बीस एवं चौसठ पैसे मात्र), **बिड सिक्योरिटी (रू0मे):** ₹ 74,000.00 (रूपये चौहत्तर हजार मात्र), निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, कार्य अवधि: एक वर्ष/12 माह, निविदा खुलने की तिथि: 20.05.2024 को 15.30 बजे,

**नोट:-1.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 25.04.2024 को समय 17:00 बजे से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर टेंडर खुलने की तिथि 20.05.2024 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है। 2. उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिए कि वो अपने आपको IT Act 2000 के अंतर्गत CA द्वारा जारी क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ ireps वेबसाइट पर पंजीकृत कराएं। 3.निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी लैटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. ई-निविदा हेतु बिड सिक्योरिटी का भुगतान निविदा प्रपत्र के अनुसार स्वीकार की जायेगी।

**उपमुयाँइ/प्लांट, यांत्रिक कारखाना**
**मुजाधि/यांत्रिक-10 इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**बाधा दूर** | विकास कार्य न कराए जाने का मुद्दा उठाकर किया था लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का एलान

# बीडीओ के आश्वासन पर माने मल्लाहन खेड़ा के ग्रामीण, करेंगे मतदान

संवाददाता, बख्शी का तालाब

**अमृत विचार :** खंड विकास अधिकारी के आश्वासन पर बीकेटी के मल्लाहन खेड़ा मजरा कठवारा गांव के ग्रामीण लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए मान गए। उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्य नहीं किए जाने पर मतदान के बहिष्कार का एलान किया था। इसके लिए उन्होंने बैनर भी लगाया था जो शनिवार को उतार लिया का ऐलान किया था।

बीकेटी विकासखंड क्षेत्र के मल्लाहन खेड़ा मजरा कठवारा गांव के ग्रामीणों ने ' काम नहीं तो वोट नहीं' का बैनर लगाकर एलान किया था कि जब तक उन्हें मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलेंगी, तब तक वे वोट नहीं डालेंगे। ग्रामीणों ने कहा था कि नेता चुनाव के वक्त आते हैं। बात करके और वादे करके चले जाते हैं, लेकिन आज तक एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। हम सब ने इससे पूर्व भी हुए चुनावों में गांव में बैनर के जरिए चुनाव का बहिष्कार किया था और आज भी हम चुनाव का बहिष्कार कर रहे हैं।




मल्लाहन खेड़ा गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकालते छात्र व अधिकारी। अमृत विचार

शनिवार को खंड विकास अधिकारी पूजा पाण्डेय मल्लाहन खेड़ा गांव पहुंची, और ग्रामीणों से मिलकर उनकी प्रमुख समस्याओं को जाना। उन्होंने आश्वासन दिया कि चुनाव बाद बारात घर, शवदाहगृह, प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य मांगों को पूरा किया जाएगा। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या मोहिनी आभा व बीएलओ सुधा सिंह के साथ उन्होंने गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इसमें बच्चे भी शामिल थे। इस दौरान नायब तहसीलदार बीकेटी आकाश पाण्डेय, ग्राम प्रधान अशोक कुमार, पंचायत सचिव दिनेश कुमार पाण्डेय, प्रधान प्रतिनिधि उदयभान सिंह मौजूद रहे।

**लखनऊ विकास प्राधिकरण**

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.)। टोल-फ्री : 1800 1800 5000, वेबसाइट : http://www.ldaonline.co.in

**-: सार्वजनिक सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेंट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण/नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड/भवन/फ्लैट संख्या | योजना का नाम व सेक्टर/खण्ड | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | श्री राज कुमार जायसवाल | भूखण्ड संख्या-एस0एस0-1298 सेक्टर- एच | कानपुर रोड योजना | 02.08.2023 | 1. श्री सुजीत जायसवाल 2. श्री रंजीत जायसवाल | पंजीकृत वसीयत के आधार पर | पुत्रगण |
| 2. | श्री घासी राम देसवाल (मृतक) | व्यावसायिक भूखण्ड संख्या-डी-16 | विभूति खण्ड गोमती नगर | 22.03.2013 | श्री अरूण देसवाल | 1. श्रीमती स्नेहलता देशवाल 2. श्रीमती सत्यवती देशवाल | पुत्र |
| 3. | श्रीमती अन्शू बजाज | भूखण्ड सं0-E-1/129 | ट्रान्सपोर्ट नगर | 16.05.2021 | श्रीमती दामिनी पहवा | श्री चन्द्र मोहन बजाज श्री गौतम बजाज | पुत्री |
| 4. | श्री अबू शोएब | भवन सं0-बी-9/3, | बाल्दा रोड कालोनी | 25.11.2016 | श्री शाहिद शोएब | श्रीमती शगुफ्ता जमाल | पुत्री |
| 5. | 1. श्रीमती मिथिलेश शुक्ला व श्री राजीव शुक्ला 2. श्रीमती विजया शर्मा | भवन सं0-ए-2/2 | बाल्दा रोड कालोनी | 10.03.2006 | श्री अरूण कुमार शर्मा | कु0 मलिका शर्मा | पुत्री |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव**

## एक नजर

### शिविर में 50 से अधिक चालकों का नेत्र परीक्षण

**अमृत विचार, निगोहां :** शनिवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लखनऊ-रायबरेली टोलवे लिमिटेड की ओर से शेखपुर स्थित टोल प्लाजा पर वाहन चालकों के लिए नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। इसमें 50 से अधिक वाहन चालकों के साथ आसपास गावों के लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। 25 लोगों को निशुल्क चश्मा दिया गया। नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर आशीष कुमार शुक्ला ने बताया कि जांच में किसी में मोतियाबिंद नहीं पाया गया।

### नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्रों का समागम आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्रों का द्वितीय समागम 28 अप्रैल दिन रविवार को अम्बेडकर स्मारक के बगल स्थित भागीदारी भवन, गोमती नगर में होगा। कार्यक्रम आयोजन समिति से जुड़े जिम्मेदार डॉ. राम चन्द्र (पूर्व छात्र, जवाहर नवोदय विद्यालय फैजाबाद / अयोध्या बैच-1986-1993) ने बताया कि इस बार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति मुख्यालय नोएडा, संजय शुक्ला होंगे। शैक्षणिक कार्यक्रम प्रात: 10 बजे से शुरू होगा, जिसमें 4 एलुमनी के सम्बोधन, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

### एथनॉल टैंकर लीक, दमकल कर्मियों ने संभाला मोर्चा

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत लखनऊ सीतापुर हाइवे पर सीतापुर स्थित डालमियां चीनी मील से एथनॉल भरा टैंकर अचानक लीक हो गया। सूचना मिलते ही छठामील स्थित फायर स्टेशन से दो दमकल मशीनें मौके पर पहुंच गईं। फायर स्टेशन प्रभारी प्रशांत कुमार के मुताबिक एथनॉल का टैंकर दूसरे राज्य में जा रहा था लीकेज के बाद दूसरे टैंकर में एथनॉल पलट दिया गया है। दमकल टीम मौके पर मुस्तैद रही।

# किस बूथ पर है ड्यूटी, एसएमएस से मिलेगी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा और पूर्वी विधानसभा उपचुनाव में ड्यूटी करने वाले मतदान कर्मियों को 29 अप्रैल को दो पाली में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने शनिवार को केकेसी डिग्री कॉलेज में मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया।

केकेसी डिग्री कॉलेज में मतदान कर्मियों के हाईटेक प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया है। 40 कमरों में स्मार्ट बोर्ड लगाए गए हैं। स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से मास्टर ट्रेनर्स मतदान कार्मियों को प्रशिक्षण देंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने ट्रेनिंग सेंटर पहुंच कर मास्टर ट्रेनर्स को दिया प्रशिक्षण।



केकेसी डिग्री कॉलेज में प्रशिक्षण देते जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार।

- **केकेसी डिग्री कॉलेज में बनाया गया हाईटेक प्रशिक्षण केंद्र, 29 को दिया जाएगा प्रशिक्षण**
- **स्मार्ट बोर्ड पर मास्टर ट्रेनर्स देंगे मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण**

उन्होंने बताया कि मतदान के लिए ड्यूटी पर लगाए गए लोगों के पास मोबाइल पर मैसेज आएगा। मैसेज डीएम एलकेओ के नाम से होगा। एसएमएस के माध्यम से कर्मियों को किस बूथ पर ड्यूटी है, सेक्टर मजिस्ट्रेट का नाम और मोबाइल नंबर के अलावा बंस नंबर की जानकारी मिलेगी।

**चुनाव से संबंधित शिकायत के लिए जारी किया मोबाइल नंबर** - कलेक्ट्रेट के पहली मंजिल पर पर चुनाव प्रेक्षकों के लिए विशेष कक्ष बनाया गया है। शनिवार को इस कक्ष में मेज कुर्सी, सोफा समेत अन्य फर्नीचर व्यवस्थित ढंग से लगाया गया। चुनाव के दौरान प्रेक्षक यहीं से चुनाव संबंधी गतिविधियों पर नजर रखेंगे। साथ ही चुनाव से संबंधित शिकायतों के लिए सूचना विभाग ने मोबाइल नंबर 7839011886 जारी किया है।

### प्रत्याशियों के खर्च पर नजर रखेगी टीम

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के चुनावी खर्च पर नजर रखने के लिए अलग से टीमें बनाई गई हैं। शनिवार को निर्वाचन के लिए तैनात व्यय प्रेक्षक सुदीप दबस ने बैठक की और चुनाव संबंधित कार्यों की समीक्षा की। प्रत्याशियों के चुनावी खर्च पर नजर रखने के लिए सात सदस्यीय टीम बनाई। इसमें जीएसटी, आबकारी और आयकर विभाग से एक-एक नोडल अधिकारी को तैनात किया गया है। इनके अलावा लीड बैंक मैनेजर को भी नोडल बनाया गया है। उनके अधीन लखनऊ और मोहनलालगंज के लिए तैनात किए गए सहायक व्यय प्रेक्षक कार्य करेंगे। टीम इस बात पर नजर रखेगी कि कोई प्रत्याशी चुनावी खर्च छिपा तो नहीं रहा है।

# एयरपोर्ट पर रहेगी सुरक्षा एजेंसियों की पैनी नजर

संवाददाता, सरोजनीनगर

- **लोकसभा चुनाव को लेकर बढ़ेगी यात्रियों की संख्या, सेलिब्रेटी भी आएंगे**
- **चौथे व पांचवें चरण में राजधानी व आसपास के जिलों में होगा मतदान**

**अमृत विचार :** लोकसभा के चौथे व पांचवें चरण में राजधानी के आसपास के जिलों में मतदान होना है। इसको लेकर एयरपोर्ट पर यात्रियों व नेताओं के आने-जाने की संख्या बढ़ जाएगी। एयरपोर्ट प्रशासन इसकी तैयारी में जुटा है। शनिवार को यहां पहुंची सुरक्षा एवं जांच एजेंसियों के अधिकारियों ने कई वाहनों की चेकिंग की और उन्हें हिदायत भी दी।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में राजधानी की सीमा से जुड़े उन्नाव सहित कई जनपदों में मतदान होना है। राजधानी के आसपास के जनपदों में मतदान की तिथियां करीब आने पर यहां क्षेत्रीय नेताओं के साथ ही स्टार प्रचारकों की भी संख्या बढ़ेगी। इस दौरान कुछ नेता व स्टार प्रचार नियमित उड़ानों से आएंगे तो कुछ चार्टर्ड विमानों से राजधानी पहुंचेंगे। इसको लेकर एयरपोर्ट प्रशासन ने विमानों को खड़े करने के लिए पार्किंग के साथ ही अन्य तैयारियां शुरू कर दी हैं। एफएसटी तथा एसएसटी टीमों ने शनिवार को एयरपोर्ट आने-जाने वालों पर नजर रखी।

# बीटेक छात्र पर गोली चलाने वाला हुक्का बार संचालक साथी सहित गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **बीबीडी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जेल**

**अमृत विचार :** बीबीडी पुलिस ने बीटेक छात्र पर गोली चलाने वाले हुक्का बार संचालक को साथी के साथ गिरफ्तार किया है। हमलावरों के पास से अवैध असलहा व कारतूस बरामद किए है। कैफे संचालक पॉलीटेक्निक चौराहे के पास अवैध स्टैण्ड भी संचालित करता था। उसके खिलाफ वर्ष 2022 में गाजीपुर कोतवाली में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था।

प्रभारी निरीक्षक अजय नारायण सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह इन्दिरानगर थाना अंतर्गत शगुन विहार निवासी भानू प्रताप सिंह और गुडम्बा कल्याणपुर निवासी दीपक गोस्वामी को गिरफ्त में लिया है। गत 6 मार्च की रात बिहार विशनपुर निवासी बीटेक छात्र अतुल राज दोस्त के साथ बर्थडे पार्टी मनाने कैफे में गया था। वहां हुक्के का रेट पूछने पर भानू प्रताप सिंह ने दीपक गोस्वामी व अन्य के साथ मिल कर हमला किया था। अतुल को दौड़ा कर पीटने के बाद भानू प्रताप ने असलहे से फायरिंग की थी। हमले में छात्र किसी तरह से बच गया था। वारदात को अंजाम देने के बाद से ही आरोपी फरार थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सर्विलांस की मदद से कैफे संचालक भानू प्रताप और उसके साथी दीपक को गिरफ्तार किया गया है।

### तत्कालीन जेसीपी ने की थी कार्रवाई

पॉलीटेक्निक चौराहे से पूर्वांचल के लिए डग्गामार बसों का संचालन हो रहा था। इस बात की जानकारी होने पर तत्कालीन जेसीपी कानून एवं व्यवस्था पीयूष मोंडिया ने छापा भी मारा था। स्टैंड का संचालन भानू प्रताप सिंह साथियों की मदद से करता था। पुलिस का दबाव पड़ने के बाद ही भानू प्रताप ने स्टैंड का धंधा बंद कर दिया था।

### लूट की झूठी सूचना देने के आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** माल थाना अंतर्गत पुलिस को लूट की झूठी सूचना एक युवक को भारी पड़ गया। पुलिस ने कुछ ही देर में वाहन सहित सूचनाकर्ता को दबोच लिया। पुलिस ने झूठी सूचना पर आरोपी के विरुद्ध कई धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम कुलदीप नामक व्यक्ति ने 112 नम्बर पर पुलिस को सूचना दी कि कस्बा माल स्थिति राजा साहब माल की कोठी के पास बदमाशों ने उसकी इनोवा कार यूपी 32 एच 1900 को अज्ञात बदमाशों ने लूट लिया है। सूचना मिलते ही हरकत में आयी पुलिस ने कस्बे से बाहर जाने वाले सभी मार्गों पर वाहन चेकिंग के लिये सक्रिय हो गयी। कुछ ही देर में पुलिस ने गाड़ी को कस्बे से बरामद कर लिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सूचनाकर्ता कुलदीप सिंह पुत्र जेंडर सिंह निवासी सलेमपुर थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात जो पेशे से ड्राइवर है।

# विपक्षी पार्टियों ने हमेशा परिवार हित देखा : द्विवेदी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** विपक्षी पार्टियों ने हमेशा अपने परिवार का हित देखा है, जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। यह बात भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने क्राइस्टचर्च सभागार में ईसाई समाज की बैठक में कही।

भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को ईसाई समाज ने हमेशा समर्थन दिया है। इस बार भी सभी का समर्थन मिलेगा। इस दौरान आरके क्षेत्री, राजेश मैसी, फादर कमल जॉर्ज मैसी, सानू शा, फादर डॉ मॉर्निस कुमार, बिशप सेठ आदि मौजूद रहे।

पूर्वी, उत्तर, पश्चिम, मध्य और कैंट विधानसभा में भी नुक्कड़ सभाएं आयोजित की गईं। इस दौरान भाजपा नेताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही रक्षामंत्री की ओर से कराए गए विकास कार्य गिनाए। इस दौरान महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, राज्यसभा सदस्य बृजलाल, स्वाति सिंह, विधायक डॉ. नीरज बोरा, मेयर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी मुकेश शर्मा, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, पूर्व मंत्री मोहसिन रजा, मनीष शुक्ला आदि ने सभा को संबोधित किया।



क्राइस्टचर्च सभागार में बैठक को संबोधित करते भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी।

- **नुक्कड़ सभाएं कर गिनाए रक्षामंत्री के विकास कार्य मांगे वोट**

# कार में फंसकर 50 मीटर घिसटी बाइक, दंपति और बेटा गंभीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चिनहट इलाके में तेज रफ्तार एसयूवी कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति व बेटा उछल कर दूर जा गिरे और तीनों गंभीर घायल हो गये। वहीं कार के अगले हिस्से में फंसी बाइक करीब 50 मीटर घिसटते हुये बिजली के खंभे में टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद आरोपी कार छोड़ कर मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

चिनहट के बिहारी पुरम निवासी नौमीनाथ कनौजिया शनिवार देर शाम पत्नी नीतू सिंह व छह वर्षीय बेटे राज के साथ बाइक से मल्हौर से चिनहट तिराहे की ओर जा रहे थे। इसी बीच मल्हौर रोड पर शनि मंदिर के पास बगल में चल रही तेज रफ्तार एसयूवी कार के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से दंपति और बच्चा उछलकर सड़क की ओर दूसरी ओर जा गिरे। जबकि बाइक कार के बोनट में फंस गई। हादसे के बाद मौके से भागने के प्रयास में चालक ने कार की रफ्तार और बढ़ा दी। इससे बोनट में फंसी बाइक घिसटते हुये बिजली के पोल के बीच जा फंसी। इससे दोनों वाहन रुक गये। खतरनाक नजारा देख आसपास मौजूद लोगों के होश उड़ गए। राहत की बात यह रही कि कार पोल से टकराने के बाद रुक गयी। यदि ऐसा नहीं होता तो आसपास के अन्य लोग भी चपेट में आकर हादसे का शिकार हो सकते थे। इंस्पेक्टर चिनहट अश्वनी चतुर्वेदी के मुताबिक तीनों की हालत गंभीर बनी हुई है। कार को कब्जे में लेकर नंबर के आधार पर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।



खंभे और एसयूवी कार के बीच फंसी बाइक व मौके पर जुटी भीड़ और मौजूद पुलिसकर्मी।

# शाम होते ही शहीद पथ पर रेंगने लगे वाहन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ सुपर जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स क्रिकेट मैच को देखने के लिए शनिवार को क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ इकाना स्टेडियम पर उमड़ पड़ी। इसे लेकर शहीद पथ पर वाहनों की लम्बी कतारें देखने को मिली है। वहीं, बनाए गए वैकल्पिक मार्गों पर भी वाहन चालक वाहनों के साथ रेंगते रहे। हालांकि, सुरक्षा की दृष्टि से चौराहों पर भारी मात्रा में पुलिस बल मुस्तैद रहा।

दरअसल, शनिवार को इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच किक्रेट मैच था। शाम चार बजे से ही इकाना स्टेडियम में क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसका खामियाजा अन्य राहगीरों को भी उठाना पड़ा। हालांकि, शुक्रवार को पुलिस यातायात विभाग ने वैकल्पिक मार्ग चयनित किए थे, ताकि मैच शुरू होने या फिर खत्म होने के बाद यातायात पर नियंत्रण रखा जा सके। रात 11 बजे आईपीएल मैच की समाप्ति के बाद शहीद पथ पर वाहन घंटों तक रेंगते रहे। इसके अलावा चयनित किए गए वैकल्पिक मार्गों पर भी वाहनों का काफी दबाव था। करीब 12:45 बजे शहीद पथ पर वाहनों का संचालन सुचारु हो सका।



इकाना स्टेडियम के बाहर सड़क पर जमा क्रिकेट प्रेमियों की भीड़। अमृत विचार

- **सुरक्षा की दृष्टि से चौराहों पर भारी मात्रा में पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे**

### तेज रफ्तार कार ने ई रिक्शा में मारी टक्कर, पांच घायल

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर में तेज रफ्तार कार ने एक ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बैटरी रिक्शा पर सवार पांच लोग घायल हो गए। साथ ही बैटरी रिक्शा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस मामले में बैटरी रिक्शा चालक ने कार चालक के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर के न्यू गुड़ौरा स्थित सिहारी देवी मंदिर के पीछे रहने वाले लाल बाबू यादव के मुताबिक शुक्रवार को वह अपने ई रिक्शा में सवारी बिठाकर शहीद पथ की सर्विस लेन से जा रहा था। तभी सामने से आ रही कार (यूपी 32 एनसी 9389) के चालक ने रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बैटरी रिक्शा पर सवार लक्ष्मी, गगन उर्फ सात्विक, ज्योति सिंह, शीला सिंह और पूनम चोटिल हो गई। सभी को लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में उसका रिक्शा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### प्लाट की बाउंड्री वॉल गिराई रास्ता भी किया बंद

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** उत्तराखंड प्रांत के नैनीताल जिले में रामनगर स्थित नंदा लाइन निवासी प्रतीक जायसवाल ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्लाट की बाउंड्री वॉल गिराने के साथ ही रास्ता बंद करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रतीक जायसवाल का कहना है कि उन्होंने वर्ष 1986 में सरोजनीनगर के मीरनपुर पिनवट स्थित खसरा संख्या - एम 13, क्षेत्रफल 4 बीघा एक बिस्वा 14 बिस्वांसी जमीन खरीदी थी। उसके बाद उसे सुरक्षित रखने के लिए चारों तरफ बाउंड्री वॉल का निर्माण कराने के साथ उसकी देखरेख के लिए वहां पर एक कर्मचारी नियुक्त कर दिया। आरोप है कि बीते दिनों उक्त कर्मचारी द्वारा पता चला कि उसके प्लाट पर अपराधिक पृवत्ति के व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा करने की नीयत से उसकी बाउंड्री वॉल तोड़ दी और प्लाट पर जाने का रास्ता भी अवैध रूप से बंद कर दिया।

# ब्लड कैंसर के इलाज में कारगर हो रही हैं दवाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एक समय ऐसा था जब ब्लड कैंसर की दवाएं नहीं थीं। इस बीमारी से जूझ रहे मरीजों को पीड़ा सहनी पड़ती थी। लेकिन आज ब्लड कैंसर के उपचार में बहुत सी ऐसी दवाएं उपलब्ध हैं, जिनको मरीज घर पर सामान्य दवाओं की तरह ले सकता है। नई जनरेशन वाली दवाएं भी आ रही हैं जो कि बहुत ही कारगर है। यह जानकारी पॉन्डिचेरी से आये डॉ. देवदत्त बासु ने साझा की। वह उत्तर प्रदेश हेमेटोलॉजी ग्रुप के तत्वावधान में केजीएमयू के अटल बिहारी बाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय प्रथम एनुवल कॉन्क्लेव के पहले दिन शनिवार को आयोजित सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि अब सीएमएल और सीएलएल ऐसे ब्लड कैंसर हैं, जो कि दवाओं से काफी हद तक कंट्रोल हो जाते हैं। मरीज सामान्य जीवन जीता है। ऐसे ही प्रोलीफेरेटिव नियोप्लासम की बीमारी में भी अब दवाएं उपलब्ध हैं। कोलकाता से आईं डॉ. तूफानी कांति दोलई ने बताया ब्लड कैंसर के उपचार में डायग्नोसिस महत्वपूर्ण होता है, उसी के आधार पर उपचार का तरीका निर्धारित किया जाता है। बोनमैरो की जांच अत्यधिक महत्वपूर्ण है। चंडीगढ़ से आए डॉ. पंकज मल्होत्रा ने कहा सीएलएल कैंसर का उपचार ओरल ट्रीटमेंट के द्वारा किया जा सकता है। इसमें कुछ मरीजो को बाद में दवाइयों की जरूरत नहीं पड़ती। प्रो. ऐके त्रिपाठी ओरेशन में मुम्बई के प्रो. एमबी अग्रवाल ने प्लेटलेट्स की उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एक छोटी सी 2-3 माइक्रोन की कोशिका की हमारे जीवन में बहुत उपयोगिता है। उन्होंने बताया कि प्लेटलेट्स की कमी अक्सर गंभीर बीमारियों की ओर संकेत करती हैं। आयोजक सचिव डॉ. एसपी वर्मा ने बताया कि कॉन्क्लेव की थीम एक्सप्लोरिंग इमर्जिंग कॉन्सेप्टस इन हेमेटोलॉजी है।इस कॉन्क्लेव में देश के 30 प्रसिद्ध हीमेटोलॉजिस्ट और 200 से ज्यादा डेलीगेट्स सहभागिता कर रहे है।



कार्यक्रम में शामिल विशेषज्ञ। अमृत विचार

- **केजीएमयू में आयोजित कॉन्क्लेव में विशेषज्ञों ने कैंसर पर की चर्चा**

# शार्ट सर्किट से टेंट का सामान जलकर राख

**अमृत विचार, लखनऊ।** मड़ियांव कोतवाली अंतर्गत फैजुल्लागंज में शनिवार सुबह करीब चार बजे एक प्लॉट में आग लग गई। आग फैली तो प्लाट में पड़े टेंट के सामान भी इसकी जद में आ गए। घंटेभर बाद दमकल की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया लिया।

फैजुल्लागंज नयापुरवा मोहल्ले में मो.इकबाल का एक प्लाट में टेंट का सामान रखा था। शनिवार सुबह प्लाट में आग लग गई। जानकारी मिलते ही बीकेटी फायर स्टेशन से तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और राहत कार्य में जुट गई। एफएसओ बीकेटी प्रशांत कुमार ने बताया कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। उधर, जानकीपुरम सहारा स्टेट में शनिवार दोपहर कूड़े के ढेर में आग लग गई। तीन दमकल की गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई। नगर निगम के कर्मियों ने जेसीबी से सूखे कूड़े को अलग किया, तब जाकर दो घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। एफएसओ बीकेटी नेआशंका जताई है कि किसी ने जलती सिगरेट कूड़े में फेंक दी जिससे आग लग गई।


## कार्यालय- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सिद्धार्थनगर

पत्रांक: बेसिक / 500-01 / 2024-25 दिनांक: 25 अप्रैल, 2024

**विज्ञप्ति**

कार्यालय के पत्र संख्या: बेसिक / प्रशा0/ 8336-39 / 2022-23 दिनांक 09.12.2022 द्वारा आपको निलम्बित कर उसी विद्यालय प्रा0वि0 ससना, विकास खण्ड - नौगढ़, पर सम्बद्ध करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी नौगढ़ को आरोप पत्र तैयार कर प्रस्तुत करने एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी इटवा को विभागीय जाँच अधिकारी नियुक्त किया गया था। खण्ड शिक्षा अधिकारी इटवा ने दिनांक 24.04.2023 को आरोप पत्र की छायाप्रति आपके विद्यालय प्रा0वि0 ससना विकास खण्ड- नौगढ़ पर आपको प्राप्त कराया। अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आप द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 31.01.2024 के माध्यम से अवगत कराया कि जाँच अधिकारी /खण्ड शिक्षा अधिकारी इटवा द्वारा प्राप्त कराये गये आरोप को समर्थित करने वाले संगत साक्ष्यों की प्रतियाँ अभिकथन / प्रतिउत्तर तैयार किये जाने हेतु उपलब्ध कराये जाने की आप द्वारा मांग की गयी। उक्त के क्रम में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्र संख्या- बेसिक/प्रशा0/ 13970/2023-24 दिनांक 16 जनवरी, 2024 को आपके निवास के पते पर उल्लिखित आरोपों के समर्थन में बिन्दुवार आरोपों के साक्ष्य रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भेजा गया, जो आप द्वारा लेने से इंकार कर दिया गया। पुन: अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्र संख्या: बेसिक/शिकायत/14448-49 / 2023-24 दिनांक 05 फरवरी, 2024 के माध्यम से दिनांक 12.02.2024 को समय अपराह्न 03: 30 साक्ष्य प्राप्त करने हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पर सुनवाई नियत की गयी थी। उक्त सुनवाई में आप अनुपस्थित रहीं। पुन: अधोहस्ताक्षरी द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी नौगढ़ को उल्लिखित आरोपों के समर्थन में बिन्दुवार आरोपों के साक्ष्य आपको प्राप्त कराने हेतु आपके विद्यालय पर दिनांक 18.04.2024 एवं 22.04.2024 को भेजा गया, परन्तु आप द्वारा साक्ष्य प्राप्त करने से मना कर दिया गया। आप भली भाँति अवगत हैं कि यह प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या: रिट-A- 723 / 2023 से आच्छादित है, परन्तु आपके असहयोग के कारण अनुशासनिक कार्यवाही में अंतिम निर्णय नहीं हो पा रहा है।

अत: इस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए सूचित किया जाता है कि आप अपना उल्लिखित आरोपों के समर्थन में बिन्दुवार आरोपों के साक्ष्य अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर 10: 00 AM से 05: 00 PM तक दिनांक 30.04.2024 तक प्राप्त कर लें। अन्यथा यह मान लिया जायेगा कि आरोपों को समर्पित करने वाले साक्ष्य की आपको कोई आवश्यकता नहीं है साथ ही अनुशासनिक कार्यवाही में एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगी। क्योंकि प्रकरण माननीय न्यायालय से आच्छादित होने के कारण शीघ्र निस्तारण अपेक्षित है।

**(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)**
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
सिद्धार्थनगर


# हाथ और गर्दन में कंपन पार्किसंस के संकेत : डॉ. रुचिका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पार्किंसंस उम्र दराज लोगों में होने वाल रोग है, लेकिन अब युवा भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। हाथ और गर्दन में कंपन इसके संकेत हो सकते हैं। इन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इस रोग का कोई सटीक इलाज नहीं है। दवाओं और स्वस्थ्य जीवन शैली से इसके जोखिमों को कम किया जा सकता है। यह बातें शनिवार को पीजीआई में पार्किंसंस रोग पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में संस्थान के न्यूरोलॉजी विभाग की डॉ. रुचिका टण्डन ने कहीं। उन्होंने बताया कि यह बीमारी बढ़ने पर संज्ञानात्मक बदलाव और मनोदशा में गड़बड़ी के साथ-साथ बोलने और निगलने में दिक्कतें बढ़ जाती हैं। यह बीमारी सिर में चोट लगने, आनुवांशिक समेत पर्यावरण विषमताओं की वजह से होती है।

पीजीआई के न्यूरोलॉजी विभाग की ओर से शनिवार की सुबह संस्थान निदेशक डॉ. आरके धीमान के नेतृत्व में संस्थान परिसर में बीमारी की रोकथाम एवं बचाव को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। प्रमुख डॉ. एसके झा ने बताया कि पार्किंसंस रोग धीरे-धीरे बढ़ने वाला एक तंत्रिका संबंधी रोग है। इसके लक्षण की जितनी जल्दी पहचान होगी, उतनी जल्दी उपचार से इसे काबू में किया जा सकता है। न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. वीके पालीवाल ने बताया कि इन मरीजों में दवाएं लम्बे समय तक कारगर नहीं होती हैं। अमूमन देखा गया है कि पांच साल बाद मरीजों को दवाएं काम नहीं करती हैं। इसकी वजह से मरीजों में दिक्कत अधिक बढ़ जाती है। इन मरीजों के लिये डीप ब्रेन स्टिमुलेशन तकनीक कारगर है। इस मौके पर न्यूरोलॉजी विभाग के डॉक्टर, रेजीडेंट और स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए। जागरूकता कार्यक्रम में मरीजों और तीमारदारों को जागरूक किया गया।



जागरूकता कार्यक्रम में शामिल मेडिकल छात्र- छात्राएं व डॉक्टर। अमृत विचार

- **पीजीआई में पार्किंसंस रोग पर जागरूकता रैली एवं संगोष्ठी का हुआ आयोजन, जागरूकता रैली भी निकाली गई**

### मारपीट के साथ एससी-एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** बिजनौर के एल्डिको शौर्य में रहने वाले रिटायर्ड डिप्टी कमिश्नर प्रोजेक्ट व अपना दल (एस) के प्रदेश महासचिव शिव प्रसाद वर्मा ने सुभाष यादव नामक युवक पर गाली गलौज मारपीट और एससी/ एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिवप्रसाद वर्मा का कहना है कि गुरुवार शाम करीब 7:30 बजे वह क्लब के सामने वाले पार्क में प्रवक्ता रमाकांत और सहायक अध्यापक मनोज चौधरी के साथ बेंच पर बैठे थे। इस दौरान मनोज चौधरी लगातार सुभाष यादव के सपोर्ट में हूटिंग कर रहा था। शिव प्रसाद वर्मा का कहना है कि सुभाष यादव से नए वर्ष की पार्टी में विवाद हो गया था। तब से सुभाष रंजिश रखने लगा। आरोप है कि मनोज चौधरी जब हूटिंग कर रहा था, तो मनोज चौधरी को पीड़ित और रमाकांत समझने का प्रयास कर रहे थे। आरोप है इसी बीच अचानक वहां पहुंचे सुभाष यादव ने पीड़ित शिव प्रसाद को जाति सूचक गालियां देने के साथ उनसे मारपीट शुरू कर दी।



# सपा का गढ़ है, चूड़ियों का शहर आसानी से नहीं टूटेगा

फिरोजाबाद शहर चूड़ियों के निर्माण और कारोबार के लिए देश-दुनिया में प्रसिद्ध है। इसी कारण इसे सुहागनगरी के रूप में भी जाना जाता है। यहां पर कांच के रंग बिरंगे खूबसूरत बर्तन, गिलास, सजावटी सामान, झूमर और झाड़-फानूस आदि बनते हैं। यहां के कांच के सामान का सौ से अधिक देशों को निर्यात होता है।




मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** फिरोजाबाद लोकसभा सीट वर्ष 1957 में अस्तित्व में आई थी। उस समय यह सामान्य सीट थी। 1967 से यह सीट (एससी वर्ग) के लिए आरक्षित हो गई और लगातार चार दशक तक आरक्षित रही। वर्तमान में फिरोजाबाद लोकसभा सीट सपा का गढ़ मानी जाती है। यहां से मुलायम सिंह यादव, अखिलेश यादव, डिंपल यादव और राजबब्बर चुनाव लड़ चुके हैं। इस बार फिरोजाबाद सीट पर सात मई को मतदान होगा। चुनाव में सात प्रत्याशी मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी ने प्रो. राम गोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव को फिर से चुनाव मैदान में उतारा है। भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व सांसद बृजराज सिंह के बेटे ठाकुर विश्वदीप सिंह और बसपा ने पूर्व मंत्री चौधरी वशीर को उम्मीदवार बनाया है। पिछली बार चाचा शिवपाल सिंह के यहां से चुनाव लड़ने के कारण अक्षय यादव हार गए थे। इस बार शिवपाल अक्षय की जीत के लिए वोट मांग रहे हैं। शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां जनसभा करके मुकाबला दिलचस्प बना गए हैं।

उत्तर प्रदेश में मिशन -80 का लक्ष्य लेकर चल रही भारतीय जनता पार्टी ने हर सीट पर जातीय गणित, जीत की संभावना, सर्वेक्षण और विपक्षी दल के प्रत्याशी को ध्यान में रखते हुए दांव लगाए हैं। ऐसी ही महत्पूर्ण सीट फिरोजाबाद लोकसभा भी है, जहां इस बार पार्टी ने अपने सांसद चद्रसेन जादौन को दोबारा मौका नहीं देकर उनके स्थान पर उद्यमी एवं शिक्षाविद ठाकुर विश्वदीप सिंह को मैदान में उतारा है। ठाकुर विश्वदीप सिंह के पिता ठाकुर बृजराज सिंह 1957 में फिरोजाबाद सीट से सांसद रह चुके हैं। यही नहीं उनकी मां स्व सुशीला ब्रजराज सिंह भी जलेसर लोकसभा सीट से तीन बार चुनाव लड़ी थीं लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी थी। ठाकुर विश्वदीप सिंह भी वर्ष 2014 में लोकसभा का चुनाव बहुजन समाज पार्टी से लड़ चुके हैं, जिसमें वह तीसरे स्थान पर रहे थे। उन्हें 1,18,909 वोट मिले थे। उस चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अक्षय यादव को जीत मिली थी। उन्हें पांच लाख से अधिक वोट मिले थे।

इस बार भी विश्वदीप सिंह के सामने सपा से अक्षय यादव ही प्रत्याशी हैं। इन दोनों प्रत्याशियों का मुकाबला करने के लिए बहुजन समाज पार्टी ने काफी सोच-समझकर पूर्व मंत्री चौधरी बशीर पर दांव लगाया है। बसपा ने पहले सतेंद्र जान सोली फिरोजाबाद से प्रत्याशी घोषित किया था, लेकिन उनका विरोध हो गया था।

### 2019 लोकसभा चुनाव : जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | डॉ. चन्द्र सेन जादौन | 4,95,819 |
| सपा | अक्षय यादव | 4,67,038 |
| पीएसपी(एल) | शिवपाल सिंह यादव | 91,869 |

### 2014 लोकसभा चुनाव का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| सपा | अक्षय यादव | 5,34,583 |
| भाजपा | प्रो. एसपी सिंह बघेल | 4,20,524 |
| बसपा | ठाकुर विश्वदीप सिंह | 1,18,909 |
| कांग्रेस | अतुल चतुर्वेदी | 7,447 |

### विधानसभा वार मतदाता संख्या

| | |
|---|---|
| टूंडला | 3,59,655, |
| जसराना | 3,50,462 |
| फिरोजाबाद | 3,88,825 |
| शिकोहाबाद | 3,35,037 |
| सिरसागंज | 3,11,189 |

### 2014 - वोट प्रतिशत

भाजपा 36.90%
सपा 48.50%
बसपा 10.80%

### 2019 वोट प्रतिशत

भाजपा 46.10%
सपा 43.50%

- भाजपा ने मौजूदा सांसद की जगह 2014 में बसपा से लड़े शिक्षाविद ठाकुर विश्वदीप सिंह तो बसपा ने पूर्व मंत्री चौधरी वशीर पर लगाया हैं दांव
- 2014 में जीतने वाले सपा के अक्षय यादव पिछली बार परिवार में पड़ी फूट के कारण थोड़े अंतर से हार गए थे भाजपा से चुनाव

- **पौने छह लाख के आसपास यादव और मुस्लिम मतदाता सपा का वोट बैंक:** फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर यादव वोटरों की संख्या लगभग चार लाख और मुस्लिम वोटरों की संख्या पौने दो लाख के आसपास है। मुस्लिम और यादव वोटर सपा का वोट बैंक माना जाता हैं। अन्य जातियों में ठाकुर मतदाता दो लाख के करीब तो जाटव वोटर की संख्या भी पौने दो लाख है। दो लाख के आसपास लोधी वोटर और करीब डेढ़ लाख ब्राह्मण मतदाताओं के बाद एक लाख से अधिक निषाद हैं।
- **भाजपा 90 के दशक में राम लहर के दौरान लगा चुकी है जीत की हैट्रिक:** 1990 के दशक में रामलहर के चलते 1991 के बाद लगातार तीन चुनावों में यहां भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की। भाजपा के प्रभु दयाल कठेरिया ने यहां से जीत की हैट्रिक लगाई। 1991 में उन्होंने जनता दल के शिवनारायण गौतम को हराया। 1996 में सपा के रामजीलाल सुमन को शिकस्त दी तो 1998 में तीसरी बार जीत हासिल की।


## मुख्य समस्याएं

- फिरोजाबाद में सबसे बड़ी समस्या पेयजल की है। पानी आता नहीं है, दूषित जलापूर्ति होती है। जनता आए दिन पानी की समस्या पर प्रदर्शन करती रहती है। हाल ही में शहर में जेडा झाल परियोजना के तहत गंगाजल की आपूर्ति शुरू की गई है। लेकिन अभी समस्या का पूरी तरह समाधान नहीं हुआ है।
- मेडिकल निर्माणाधीन है। सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों का संकट रहता है। मौसमी बीमारियों के साथ संचारी रोग और वायरल फीवर की बीमारी हर चार-छह माह में फैलती रहती है।
- कांच उद्योग के चलते यहां ट्रांसपोर्ट नगर की मांग लंबे अरसे से की जा रही है, लेकिन ट्रांसपोर्ट नगर नहीं बन सका है।
- ग्लास एक्सपोर्ट हब का बनाने का प्रस्ताव सालों पुराना है, अक्सर इसे लेकर बातें होती हैं, लेकिन अब तक कुछ नहीं हो पाया है।
- रेलवे स्टेशन पर पहले 20 ट्रेनें रुकती थीं, लेकिन कोविड के बाद से सिर्फ 10 ट्रेनें ही रुकती हैं। इस कारण आवागमन की समस्या है।
- यहां के कुटीर उद्योग को गैस की सुविधा मिली है, लेकिन उसकी कीमतें काफी ज्यादा हैं।
- शिक्षा के लिए उच्च शिक्षण या प्रशिक्षण संस्थान नहीं हैं।

### दो बार निर्दलीय जीते, तीन-तीन बार रामजीलाल सुमन और प्रभु लाल कठेरिया

- 1957 में निर्दलीय बृजराज सिंह ने कांग्रेस के रघुवर सिंह को हराया। 1962 में कांग्रेस के शंभू नाथ चतुर्वेदी रिपब्लिक पार्टी के दाताराम गोरख से जीते। 1967 में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के एससी लाल ने कांग्रेस के सी अंबेश को हरा दिया। 1971 में कांग्रेस के छत्रपति अंबेश ने भारतीय क्रांति दल के शिव चरन लाल को हराया। 1977 में भारतीय लोक दल के रामजी लाल सुमन कांग्रेस के राजा राम पीपल से जीते। 1980 में निर्दलीय राजेश कुमार सिंह ने कांग्रेस के आजाद कुमार कर्दम को पराजित किया। 1984 में कांग्रेस के गंगाराम ने लोकदल के राजेश कुमार सिंह को शिकस्त दी। 1989 में जनता दल के रामजीलाल सुमन ने कांग्रेस के गंगाराम को हराया। 1991 में भाजपा के प्रभु दयाल कठेरिया जनता दल के शिवनारायण गौतम से जीते। 1996 में भाजपा के प्रभु दयाल कठेरिया ने सपा के रामजीलाल सुमन को हराया। 1998 में भी प्रभु दयाल जीते। 1999 में सपा के रामजीलाल सुमन भाजपा के प्रभु दयाल कठेरिया को हराया। 2004 में सपा के रामजीलाल सुमन भाजपा के किशोरीलाल माहौल को हराकर जीते। 2009 में अखिलेश यादव ने जीत हासिल की थी।


सपा उम्मीदवार अक्षय यादव।


भाजपा उम्मीदवार विश्वदीप सिंह।

**2019** में पारिवारिक रार के कारण सपा को मिली थी इस सीट पर हार

**25** हजार मतों से चुनाव हार गए थे सपा प्रत्याशी अक्षय यादव

### सैफई कुनबे में फूट के चलते पिछली बार चाचा के कारण हारे थे अक्षय

- 2019 के चुनाव में सपा से फिरोजाबाद सीट भाजपा ने छीन ली थी। सपा की हार की वजह शिवपाल सिंह यादव थे। शिवपाल उस समय अपने भतीजे अखिलेश यादव से नाराज थे। इसलिए सपा प्रत्याशी अक्षय यादव के सामने अपनी खुद की पार्टी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) से चुनाव लड़ा था। इससे सपा का वोट बंट गया था। सपा की फूट से भाजपा का कमल खिल गया था। भाजपा के चंद्रसेन जादौन करीब 25 हजार मतों से चुनाव जीत गए थे। शिवपाल को 91 हजार से ज्यादा वोट मिले थे।




### तीन विधानसभा क्षेत्रों में सपा और दो पर भाजपा का कब्जा

- फिरोजाबाद लोकसभा सीट के अंतर्गत पांच विधानसभा क्षेत्र टूंडला, जसराना, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद व सिरसागंज आते हैं। लोकसभा सीट पर कुल मतदाताओं की संख्या 17लाख 45 हजार से ज्यादा है। शिकोहाबाद और सिरसागंज विधान सभा क्षेत्र यादव बाहुल्य हैं। इन दोनों सीटों पर 2022 के चुनाव में सपा ने जीत हासिल की थी। जसराना में यादव और लोधी ज्यादा वोटर हैं। यहां भी सपा ने विधानसभा चुनाव जीता था। फिरोजाबाद में मुस्लिम समुदाय के वोटर निर्णायक भूमिका में माने जाते हैं, लेकिन विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कमल खिला दिया था। टूंडला में जाटव मतदाता सबसे ज्यादा हैं। यहां भी भाजपा विधानसभा चुनाव में जीती थी।

### अखिलेश के सीट छोड़ने पर नाराज जनता ने डिपंल को नहीं दिया था जीतने का मौका



- लोकसभा और विधानसभा चुनावों में इस सीट से मुलायम सिंह यादव और उनके पुत्र अखिलेश यादव चुनाव जीत चुके हैं। लेकिन सीट जीतने के बाद छोड़ने की नाराजगी में यहां की जनता मुलायम परिवार को सबक भी सिखा चुकी है। 2009 के लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव फिरोजबाद और कन्नौज दो सीटों से लड़कर चुनाव जीते थे। बाद में उन्होंने फिरोजाबाद सीट छोड़ दी थी। उपचुनाव में उनकी पत्नी डिंपल यादव मैदान में उतरी थीं। लेकिन सीट छोड़ने की नाराजगी ऐसी भारी पड़ी कि डिपंल को पूर्व सिने स्टार और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राज बब्बर के हाथों हार झेलनी पड़ी थी।

# कन्नौज में अखिलेश के उतरने से उलट-पलट गया समीकरण

इरा अवस्थी, कन्नौज

- भाजपा को भारी पड़ सकती व्यापारियों की नाराजगी
- हाथी किसी का खेल बनाएगा तो किसी का बिगाड़ेगा

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए कन्नौज में मतदान को अब 15 दिन शेष हैं। 29 अप्रैल को नाम वापसी व चुनाव चिन्ह आवंटन के बाद मैदान में डटे 'शूरवीरों' की तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी। लेकिन लंबे इंतजार के बाद नामांकन के अंतिम दिन सपा अध्यक्ष के पर्चा भरने के बाद क्षेत्र में चुनावी समीकरणों में भारी उलट-पुलट हो गया है। बताया जा रहा है कि 'कमल' से खफा व्यापारियों तथा कई अन्य तबकों की नाराजगी भाजपा को भारी पड़ सकती है। यद्यपि मैदान में 'हाथी' भी है जो किसी का खेल बनाएगा तो किसी का बिगाड़ने का काम करेगा।

वर्ष 1999 में समाजवादी पार्टी अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने कन्नौज से चुनाव लड़ा और जीता था। इसके बाद इस सीट से इस्तीफा देकर तब राजनीति का क ख ग सिखाने के लिए बेटे अखिलेश उर्फ टीपू को यहां की जनता के सुपुर्द किया था। जनता ने भी उन्हें हाथो हाथ लिया और भारी बहुमत से जीत दिलाकर संसद पहुंचा दिया। तब लड़कपन की आयु थी और राजनीति का नया नया मैदान था लेकिन अब वह मंझे हुए राजनीतिज्ञ हो चुके हैं। कहां नफा होगा कहां नुकसान और कौन सा दांव कब चलना है यह भी अच्छी तरह से जानते हैं। तभी तो तमाम गुणा-भाग लगाने के बाद अंतिम समय में अपनी 'प्राइमरी पाठशाला' से चौथी बार ताल ठोंककर 'धमाका' किया। वर्ष 2000 से लगातार तीन लोकसभा चुनाव में वे यहां से भारी बहुमत से सांसद चुने गए थे। गत चुनाव में सीट सपा के हाथ से जाने के बाद यह टीस साल ही रही थी तो दूसरी तरफ से भाजपा प्रत्याशी की लगातार चुनौतियां और ललकार भी सामने थी। शायद यही वजह रही कि ऊहापोह का दौर एक महीने से भी ज्यादा चला लेकिन तय रणनीति के तहत अगला कदम लिया। अब सत्ता दल के सूत्र ही बता रहे हैं कि तेजप्रताप यदि प्रत्याशी होते तो भाजपा की राह खासी आसान थी। इसका कारण यह था कि लोगों के सामने कोई विकल्प ही नहीं बच रहा था। ऐसी खबरें भी सपा सुप्रीमो तक पहुंचीं थीं। यह भी कि यदि वे आते हैं तो टक्कर होगी और परिणाम सकारात्मक होने के आसार ज्यादा बनेंगे। अब जब भाजपा-सपा आमने-सामने के रण में डट चुके हैं तो सत्ताधारी दल का खेमा नई रणनीति बना रहा है। सत्ता दल के सूत्र बता रहे हैं कि भाजपा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर उठाए गए कुछ ऐसे कदम जिनसे व्यापार को धक्का पहुंचा है, से व्यापारियों का एक वर्ग नाराज है। मौजूदा सांसद व प्रत्याशी के प्रति भी गुस्सा भी है।




दिखाई ताकत अखिलेश यादव ने शनिवार को कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी पर कड़े प्रहार किए।

# शिव गोपाल मिश्र बनाए गए राष्ट्रीय महामंत्री

**नई दिल्ली, अमृत विचार:** ताल कटोरा इंडोर स्टेडियम नई दिल्ली में रेलकर्मियों के सबसे बड़े व पुराने संगठन आल इण्डिया रेलवे मेन्स फेडरेशन के शताब्दी अधिवेशन के प्रतिनिधि सत्र का आयोजन बीते दिनों हुआ। इसमें भारतीय रेल के कोने-कोने से 2500 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आगामी तीन वर्षों के लिए एआईआरएफ के पदाधिकारी, जोनल सचिवों एवं राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्यों का भी चुनाव सर्वसम्मति से हुआ।



चुनाव में निर्विरोध रूप से शिव गोपाल मिश्र को एआईआरएफ का राष्ट्रीय महामंत्री व सदन रेलवे के डॉ. एन कन्हैया को राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चुना गया। चुनाव में साथी जेआर भोसले को कार्यकारी अध्यक्ष तथा सीएच शंकरराव को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किये गये।

सहायक महामंत्री के रूप में मुकेश माथुर, वेनु पी नायर, मुकेश गालव एस के त्यागी, कन्हैया लाल गुप्ता, अमित घोष चुने गये। बता दें कि आल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफयर फेडरेशन का पहला वार्षिक अधिवेशन संपन्न 26 अप्रैल को एआईआरएफ के शताब्दी अधिवेंशन के चौथे दिन सिविक सेन्टर, मिन्टो रोड, नई दिल्ली के केदारनाथ साहनी आडिटोरियम मे 'आल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफयर फेडरेशन' का पहल वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न हुआ।

## विभिन्न मार्गों से चलाई जाएंगी विशेष गाड़ियां

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों का संचालन निम्न मार्गों से इस प्रकार किया जा रहा है। 04052 नई दिल्ली-दरभंगा विशेष गाड़ी 27 अप्रैल को (12566 नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस के मार्ग पर) नई दिल्ली से प्रस्थान कर नई दिल्ली-गाजियाबाद-अलीगढ़- टूण्डला-इटावा-कानपुर सेंट्रल-ऐशबाग-बाराबंकी-गोंडा-गोरखपुर-देवरिया सदर-सीवान-छपरा-समस्तीपुर-दरभंगा के रास्ते चलाई जा रही हैं। 04038 नई दिल्ली-सहरसा विशेष गाड़ी 27 अप्रैल को (12554 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस के मार्ग पर) नई दिल्ली से 20 .15 बजे प्रस्थान कर नई दिल्ली-गाजियाबाद-अलीगढ़-टूण्डला-इटावा-कानपुर सेंट्रल-ऐशबाग-बाराबंकी-गोंडा-बस्ती-गोरखपुर-देवरिया सदर-सीवान-छपरा-सोनपुर-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-बेगूसराय-खगड़िया-सहरसा के रास्ते चलाई जा रही हैं।

# डंपर-कार में सीधी भिड़ंत तीन लोगों की गई जान

**बिधनू, (कानपुर), अमृत विचार:** हमीरपुर हाईवे पर माधवबाग बाजार के पास तेज रफ्तार डंपर ने कार में सीधी टक्कर मार दी। इस हादसे में ससुर, बहू और कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया।

राहगीरों की सूचना पर बिधनू पुलिस ने घायलों को बाहर निकाला। घायल युवक अपने पिता का इलाज कराने के लिए परिवार समेत हैलट जा रहा था। फतेहपुर जिले के जहानाबाद कस्बा निवासी हाशिम (52) ने बताया कि उनके पिता हबीब (85) की शनिवार की दोपहर अचानक तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। पिता को हैलट में दिखाने के लिए उन्होंने डिघरुवा निवासी अमौली ब्लॉक के सफाई कर्मी पंकज वर्मा (34) की कार बुक की थी। हाशिम अपनी पत्नी हुश्नआरा (45), बेटे अमन (18) के साथ पिता हबीब को लेकर हैलट आ रहे थे कि यह घटना घट गई।

### श्रमिक को रौंदते हुए कंटेनर में घुसी कार, दो की मौत

**हरदोई, अमृत विचार:** लखनऊ-बरेली रोड पर जहानीखेड़ा के पास तेज़ रफ्तार कार मज़दूर को रौंदते कंटेनर में जा घुसी। हादसे में मज़दूर और कार चला रहे युवक की मौत हो गई। शनिवार की शाम को पिहानी कोतवाली के जहानीखेड़ा के पास लखनऊ-बरेली रोड पर लग्ज़री कार पिहानी कोतवाली के महमूदपुर सरैंया निवासी 25 वर्षीय जमन पुत्र सोहबत अली को रौंदते हुए वहीं ढाबे के पास सड़क के किनारे खड़े कंटेनर में जा घुसी। हादसे में मज़दूर जमन और कार चला रहे युवक की वहीं पर मौत हो गई।

### भाई ने भाई का होंठ चबाकर किया अलग, मुकदमा दर्ज

**उमरी बेगमगंज (गोंडा), अमृत विचार:** हिस्सेदारी के विवाद को लेकर पिता पुत्र में शुरू हुई तकरार दो भाइयों के बीच खूनी संघर्ष में बदल गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बड़े भाई व भाभी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में लेकर जेल रवाना कर दिया। क्षेत्र के ऐली परसौली निवासी मिश्रीलाल गुप्ता का बड़े बेटे उग्रसेन गुप्ता से हिस्सेदारी को लेकर विवाद शुरू हुआ था। रविवार की रात दोनों में हाथापाई भी हुई, लेकिन गांव वालों के बीच बराव के बाद मामला शांत हो गया। शनिवार को मिश्रीलाल गुप्ता का छोटा बेटा गुड्डी लाल और मझला बेटा इंद्रसेन बड़े भाई से पूछताछ करने उसके घर पहुंचा तो दोनों में कहा सुनी शुरू हो गई और देखते ही देखते मामला खूनी संघर्ष में बदल गया। जिसमें उग्रसेन गुप्ता ने अपने भाई इंद्रसेन का होंठ दांतों से काटकर अलग कर दिया।

# फर्जी ई-मेल आईडी से चयन, वेतन भी पास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एक फर्जी ई-मेल पर शिक्षा विभाग में शिक्षकों के चयन का मामला सामने आया है। फिलहाल विभाग की ओर से ऐसे दो शिक्षकों को जद में लिया है जिनका उस आईडी के जरिए माध्यमिक बालिका विद्यालयों में चयन हुआ। खास बात यह है कि फर्जी ई-मेल आईडी के जरिए चयनित होने वाले शिक्षक वेतन भी हासिल कर रहे थे। खुलासा होने के बाद अब शिक्षा विभाग की ओर से पूरे मामले की जांच की जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि जांच में दोषी आरोपियों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।

पूरा मामला वर्ष 2023 अक्टूबर से शुरू हुआ। शिक्षा विभाग में जांच के दौरान पाया गया कि 20 अक्टूबर 2023 को एडी चयन आयोग का एक पत्र एडी माध्यमिक की ई-मेल आईडी से जिले के शिक्षा विभाग को आया। उस पत्र में पैनल में शामिल शिक्षकों के नाम दिए गए थे। बड़े अधिकारियों का आदेश मानकर उस वक्त डीआईओएस -दो की ओर से दो शिक्षकों को चयन पत्र जारी कर दिया गया। दोनो ही शिक्षकों की आर्य कन्य इंटर कॉलेज और मदन मोहन अग्रवाल बालिका इंटर कॉलेज में नियुक्त हुई। नवंबर महीने में नियुक्ति होन के बाद दोनो ही स्कूलों के शिक्षकों को वेतन भी जारी किया जाने लगा। शिक्षा विभाग की ओर से कुछ दिन पूर्व रूटीन जांच के दौरान यह प्रकरण सामने आए। शिक्षा विभाग के अधिकारी अब यह मान रहे हैं कि यह मामला विस्तृत भी हो सकता है। इसलिए पूरे प्रकरण की बारीकी से जांच की जा रही है। मामले पर जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि जांच के दौरान यह प्रकरण सामने आया है।

### '06' लगाकर बनाई फर्जी मेल आईडी

शिक्षा अधिकारियों ने जांच के दौरान पाया कि चयन बोर्ड का वह पत्र जो एडी माध्यमिक की ई-मेल से अग्रसारित किया गया था, उस फर्जी आईडी में सिर्फ 06 जोड़ा गया था। पूरी ई-मेल आईडी हूबहू होने की वजह से अधिकारियों की ओर से उसकी जांच नहीं की गई। आईडी के जरिए दिए गए आदेश के अनुसार पूरी प्रक्रिया का पालन कर दिया गया।

### हाईस्कूल में फेल होने पर छात्र ने की खुदकुशी

**राठ, (हमीरपुर), अमृत विचार:** हाईस्कूल की परीक्षा में रिजल्ट आने के बाद फेल होने से डिप्रेशन में आए एक छात्र ने अपने घर में आग लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली क्षेत्र के मसगवां गांव निवासी अमरचंद्र अहिरवार राठ में पीआरडी का जवान है। अमरचंद का 17 वर्षीय पुत्र साहित्य अमगांव के एक विद्यालय में दसवीं कक्षा का छात्र था। अमरचंद ने बताया कि उसके पुत्र ने इस बार दसवीं कक्षा की परीक्षा दी थी। बताया कि यूपी बोर्ड ने 20 अप्रैल को रिजल्ट जारी किया था। बताया कि दसवीं कक्षा में फेल होने की वजह से उसका पुत्र डिप्रेशन में आ गया था। बताया कि 22 अप्रैल को वह ड्यूटी पर गया हुआ था। घर में उसका बेटा साहित्य अकेला था। बताया कि शाम को अचानक उसके घर से धुआं निकलने लगा। यह देखकर मौके पर मौजूद लोगों ने पड़ोसियों की छतों से अंदर घुसकर साहित्य को घर से बाहर निकाला। तब तक वह गंभीर रूप से झुलस चुका था।

# मनुष्य प्रकृति का भाग

मानवीय जीवन मूल्यों पर संकट है। इतिहास के किसी अन्य कालखण्ड में इस तरह का मानवीय संकट नहीं था। समाचार माध्यम भी जब कब विश्व युद्ध की आशंका की बातें करते हैं। विचार ही मनुष्य जाति के वाह्य स्वरूप और आंतरिक उदात्त भाव के प्रसारक रहे हैं। विचार भी अपना प्रभाव खो रहे हैं। मानवीय सभ्यता आधुनिक काल का मनुष्य विरोधी प्रेरक तत्व बन गई है। वातावरण में निश्चिन्तता नहीं है। संदेह और अनिश्चितता का वातावरण है। मनुष्य जाति भविष्य के भय से डरी हुई है। धन का प्रभाव और धन का अभाव दोनों ही मारक हैं। मानवता का बड़ा भाग पर्याप्त भोजन से वंचित है। इस वर्ग में सामान्य चिकित्सा और शिक्षा, आश्रय-घर का अभाव है। आधुनिक सभ्यता के प्रभाव में अभावग्रस्त लोगों के सामने संकट है। विज्ञान के जानकार प्रकृति के तमाम रहस्य बता रहे हैं। निसंदेह वैज्ञानिक शोधों ने चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी उपलब्धियां हासिल की हैं। लेकिन आधुनिक वैज्ञानिक शोधों ने पृथ्वी ग्रह के अस्तित्व के समाप्त होने का खतरा पैदा कर दिया है।

युद्ध के तमाम आश्चर्यजनक हथियार पृथ्वी और मानव जाति के अस्तित्व के लिए खतरा बन गए हैं। परमाणु हथियार सहित अनेक आश्चर्यजनक अस्त्रों की खोजों से पृथ्वी के अस्तित्व पर खतरा है। पृथ्वी ग्रह संकट में है और उससे पोषण पाने वाली मानव जाति भी संकट में है। वैज्ञानिकों ने तमाम ग्रहों की गतिविधि का पता लगा लिया है। आशंका है कि किसी समय पृथ्वी चन्द्रमा के निकट पहुंच सकती है। सूर्य का ईंधन लाखों वर्ष से खर्च हो रहा है। सूर्य के ठंडा हो जाने से ही मनुष्य जाति नष्ट हो सकती है। हम इन्हें भविष्य की आशंकाएं कह सकते हैं। डॉक्टर राधाकृष्णन ने 'धर्म और समाज' में 'धर्म की आवश्यकता' शीर्षक में कहा है, ''अधिक सम्भावना इस बात की है कि मानव जाति स्वयं जानबूझकर किए गए कार्यों से, अपनी मूर्खता और स्वार्थ के कारण नष्ट हो सकती है। संसार आनंद के लिए है। हम सूक्ष्म यंत्र जात की पूर्णतः तक पहुंचने में लगाई जा रही ऊर्जाओं के केवल थोड़े से हिस्से का ही इसके लिए प्रयोग करें तो सबको आनंदमय बनाया जा सकता है।''

सम्पूर्ण मानवता विषाद ग्रस्त जान पड़ रही है। आदर्श परम्पराएं, स्वतः प्रेरित अनुशासन और राष्ट्र राज्यों द्वारा स्थापित विधि व्यवस्था शिथिल हो रही है। डार्विन ने लिखा है, ''मनुष्य जीवन सभ्यता में उन्नति करता जा रहा है। छोटे वर्ग समूह बड़े समुदायों में संगठित होते जाते हैं। त्यों त्यों व्यक्ति को यह बात समझ में आती जाती है कि उसे अपनी सामाजिक सहज प्रवृत्तियों और संवेदनाओं का विस्तार अपने राष्ट्र के लिए कर लेना चाहिए।''



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> सभ्यता आखिरकार क्या है? मनुष्य के बौद्धिक विकास का सबसे बड़ा उपकरण संवाद है और संवाद की प्रारंभिक शर्त है प्रेम पूर्ण भाषा और वाणी। वैदिक काल में संवाद की अनेक संस्थाएं थी। सभा और समितियां विचार विमर्श का मंच थी। सभा में विचार रखने वाले सभेय कहे जाते थे।

सभ्यता आखिरकार क्या है? मनुष्य के बौद्धिक विकास का सबसे बड़ा उपकरण संवाद है और संवाद की प्रारंभिक शर्त है प्रेम पूर्ण भाषा और वाणी। वैदिक काल में संवाद की अनेक संस्थाएं थी। सभा और समितियां विचार विमर्श का मंच थी। सभा में विचार रखने वाले सभेय कहे जाते थे। इसी से शब्द बना है सभासद। सभा में प्रेमपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने वाले व्यक्ति को सभ्य कहा जाता था। किसी समूह का शब्द आचरण और सौन्दर्यबोध सभ्यता है लेकिन प्रेमपूर्ण संवाद घटा है।

प्रकृति और मनुष्य के मध्य परस्परावलंबन है। मनुष्य प्रकृति का भाग है। हमारे और प्रकृति के मध्य आत्मीयता होनी चाहिए। प्रकृति की सभी शक्तियों के लिए चित्त में आत्मीय भाव के साथ आदर भाव की भी आवश्यकता है। लेकिन प्रकृति और मनुष्य के बीच अंतर्विरोध भी है। आंधी, तूफान और ऐसी ही तमाम प्राकृतिक आपदाएं मनुष्य को व्यथा देती हैं और जीवन के लिए खतरा भी बनती हैं। ऐसी घटनाओं को प्राकृतिक मानकर अपना जीवनयापन करने की बात सही है। लेकिन अनेक संकट आधुनिक सभ्यता ने भी पैदा किए हैं। भूमण्डलीय ताप, भूगर्भ जल स्तर का गिरना, वायु प्रदूषण आदि आपदाएं उपभोक्तावादी आचरण से पैदा होती हैं।

सी.बी.जुंग ने अपनी पुस्तक 'मॉडर्न मैन इन सर्च ऑफ अ सोल' में लिखा है, ''आधुनिक सभ्यता और मनुष्य उन्नति की चरम सीमा पर है। भविष्य में लोग उससे भी आगे निकल जाएंगे।'' यह बात ठीक है कि वह एक युगव्यापी विकास का अंतिम परिणाम है। लेकिन साथ ही यह मानव जाति की आशाओं की दृष्टि से अधिकतम निराशाजनक भी है। आधुनिक मनुष्य को इसकी जानकारी भी है। उसने देख लिया है कि विज्ञान, शिल्प और संगठन कितने लाभकारी हैं और वे कितने विनाशकारी हो सकते हैं। ईसाई चर्च, मनुष्यों का भाईचारा, अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संगठन और आर्थिक हितों की एकता सब के सब खोटे सिद्ध हुए हैं। मनोविज्ञान की भाषा में कहें तो लगभग प्राणान्तक आघात पहुंचा है। परिणामस्वरूप मनुष्य अनिश्चितता में जी रहा है।

परिदृश्य चिन्ताजनक है। मनुष्य की वाह्य समृद्धि बढ़ी है। मनुष्य यंत्र हो रहा है। उसकी आत्मा खो गई है। वह खोई हुई आत्मा की पुनः प्राप्ति का प्रयास नहीं कर रहा है। भारत की प्राचीन सभ्यता में तमाम भौतिक अभावों के बावजूद मनुष्य आनंदित था। राष्ट्र के प्रति उसकी निष्ठा थी। सभी रिश्तों में आत्मीयता थी। मनुष्य में मनुष्येत्तर प्राणियों और सम्पूर्ण जगत् के प्रति भी आत्मभाव था। भारत के मनुष्य की दृष्टि और जीवन की गतिविधि सामूहिक थी। सुख दुख सामूहिक थे। पर्व उत्सव सामूहिक उत्सव आनंद का स्रोत थे। परिवार आनंद मठ था। यत्र तत्र सर्वत्र आनंद था। आधुनिक सभ्यता के प्रभाव में जीवन का आनंद रस सूख गया है। आधुनिक सभ्यता द्वारा मनुष्य को नितांत व्यक्तिवादी और मशीन बनाया है।

वैदिक सभ्यता और संस्कृति में सम्पूर्ण विश्व को परिवार जाना गया है। वसुधैव कुटुम्बकम वैदिक संस्कृति का लोकप्रिय सूत्र है। विश्व के अणु और परमाणु के प्रति श्रद्धा और आदरभाव रहा है। शांति मानवता की प्यास है। वैदिक साहित्य में शांति को जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया है। भारतीय समाज के चिन्तकों, विद्वानों और वैदिक काल के ऋषियों ने शांति की उपासना की है। ऋग्वेद में विश्व शांति की प्रार्थना है। यह भारतवासियों की शांति की प्यास को सुंदर अभिव्यक्ति देती है। शांति मंत्र में कहते हैं, ''अंतरिक्ष शांत हों। पृथ्वी शांत हों। आकाश शांत हों। वनस्पतियां औषधियां शांत हों। शांति भी शांत हो।'' यहां केवल मनुष्यों के बीच परस्पर सद्भाव वाली शांति की ही बात नहीं है। यहां पृथ्वी से लेकर आकाश तक शांति स्थापित होने की प्रार्थना है। शांति अशांति की अनुपस्थिति नहीं है। शांति मौलिक रूप में मानव मन की प्राकृतिक प्यास है। अशांत चित्त से सृजन संभव नहीं होते। अशांत चित्त विध्वंसक होता है और शांत चित्त सर्जक।

विश्व तनाव में है। हिन्दुत्व परिपूर्ण जीवन दृष्टि है। पूरी जीवन दृष्टि आंतरिक आत्मीयता के आधार पर विकसित हुई है। धरती माता है। आकाश पिता है। जल माताएं हैं। जल से जीवन का उद्भव ऋग्वेद में उल्लिखित है। जलमाताओं ने ही संसार को जन्म दिया। नदियां माताएं हैं। सूर्य संरक्षक हैं। परोपकार और सदाचार उत्कृष्ट जीवन मूल्य हैं। दुख और वैराग्य के स्थान पर आनंद और प्रवृत्ति हैं। संसार त्याज्य नहीं है। संसार धर्म क्षेत्र, कर्म क्षेत्र है। जीवन कर्म प्रधान है। जीवन में पलायन का कोई भाव नहीं। वनस्पतियां भी प्रणाम के योग्य हैं। उन्हें देवता कहा गया है। वैदिक सभ्यता में विचार विविधता है। जीवन और जगत् को समझने के लिए पूर्व मीमांसा, सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, बुद्ध और जैन 8 दर्शन हैं। भारतीय दर्शन किसी देवदूत की घोषणा नहीं है। आधुनिक सभ्यता की सभी विसंगतियों के उपचार हिन्दुत्व में हैं।

# सूरतः नोटा का गला घोंटा

> 4 जून को सारी मतगणनाएं होनी है और तदोपरांत प्रमाणपत्र जारी होते रहेंगे। इसके पीछे की निहित भावना यह है कि पहले घोषणाएं हो जाने से शेष मतदान पर प्रभाव पड़ जायगा। अन्यथा जैसे जैसे चुनाव होते जा रहे हैं, वैसे वैसे गणनाएं क्यों नहीं की जा रहीं हैं? क्या सूरत अनोखा है?

भाजपा शासित प्रदेश और प्रधानमंत्री के गृह राज्य गुजरात के सूरत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित हो गया और अति उत्साही निर्वाचन अधिकारी ने विजय का प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया। मुख्य विपक्षी कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन पत्र इस आधार पर खारिज किया गया कि उस पर प्रस्तावकों के हस्ताक्षर प्रथम दृष्ट्या गलत हैं। यानी निर्वाचन अधिकारी हस्तलेख विशेषज्ञ भी बन गए। स्पष्टतया यह प्रकरण चण्डीगढ़ मेयर चुनाव का द्वितीय और संशोधित संस्करण है, जिस पर सुप्रीमकोर्ट करारा न्यायिक तमाचा मार चुकी है। अगर यह मान भी लिया जाए कि नामांकन निरस्तीकरण सही है और बाकी सारे प्रत्याशियों की नाम वापसी के पीछे कोई दबाव नहीं है, सब को इकट्ठा ब्रह्म ज्ञान हो गया कि आओ नामांकन वापस ले लें, यह सूरत के हित में है, तो भी विजय प्रमाण पत्र जारी करना तो 100 प्रतिशत गलत है। इसके दो प्रबल कारण हैं। प्रथम तो यह कि देश भर के निर्वाचन प्रमाण पत्र निर्गत करने की तो तिथि निर्धारित है।

4 जून को सारी मतगणनाएं होनी है और तदोपरांत प्रमाणपत्र जारी होते रहेंगे। इसके पीछे की निहित भावना यह है कि पहले घोषणाएं हो जाने से शेष मतदान पर प्रभाव पड़ जायगा। अन्यथा जैसे-जैसे चुनाव होते जा रहे हैं, वैसे-वैसे गणनाएं क्यों नहीं की जा रहीं हैं? क्या सूरत अनोखा है? दूसरा कारण यह कि कोई प्रतिद्वन्द्वी मैदान में न होते हुए भी मतदान जरूरी था। अब नोटा भी एक विकल्प होता है। इस पर सुप्रीमकोर्ट की मोहर है कि नोटा भी मतदाता का अधिकार है। ऐसे में क्या यह सम्भव नहीं था कि सूरत के सारे वोट नोटा पर पड़ते और कमल पर एक भी उंगली न पड़ती। तर्क तो यह है ही। तब क्या भाजपा प्रत्याशी विजयी माना जाता? अथवा थोड़े वोट कमल को मिलते किंतु नोटा के वोटों की संख्या ज्यादा होती? तब क्या होता? नोटा पर अभी कानून बहुत स्पष्ट नहीं हैं। ऐसे में काफी कुछ कोर्ट के फैसले पर निर्भर करता, किंतु यहां तो निर्वाचन अधिकारी ने गजब ही कर दिया। मतदान का समय ही नहीं दिया। नोटा और इस रूप में उस जनता के अधिकारों का गला घोंट दिया गया, जो नोटा का विकल्प चुनती। मोदी है तो मुमकिन है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

सुप्रीमकोर्ट में नोटा को लेकर एक जनहित याचिका पड़ गई है, जिसमें सूरत का प्रकरण भी संदर्भित है। अदालत ने याचिका विचारार्थ स्वीकार करते हुए चुनाव आयोग से नोटा विषयक कानून की जांच कर जवाब दाखिल करने को कहा है। देखिये आगे क्या होता है। आशा है कि इस बार नोटा के बारे में कुछ धुंधलका और छटेगा तथा स्थितियां साफ होंगी। शायद सूरत पर भी कुछ आदेश हो जाए।

# दूसरे चरण में भी कम मतदान के मायने

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को 13 राज्यों की 88 सीटों पर शाम सात बजे तक 60.96 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 2019 के लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 95 सीटों पर 67.6 प्रतिशत मतदान हुआ था आंकड़ों की बात करें तो सबसे ज्यादा त्रिपुरा में 78.6 प्रतिशत और सबसे कम उत्तर प्रदेश में 54.8 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। वहीं मणिपुर में 77.2 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 73.1 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 71.8 प्रतिशत, असम में 70.8, जम्मू और कश्मीर में 71.6, केरल में 65.3, कर्नाटक में 67.3, राजस्थान में 63.9, मध्य प्रदेश में 56.8, महाराष्ट्र में 54.3 और बिहार में 54.9 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट किया।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

> पहले चरण में जहां 48 फीसदी लोगों ने वोट किया, वहीं दूसरे चरण में 54.9 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कई लोग बिहार में कम वोटिंग प्रतिशत को मौसम और पलायन से जोड़कर भी देख रहे हैं। उत्तर भारत में गर्म मौसम भी वजह से इन दिनों मौसम का तापमान काफी बढ़ गया है। लू और गर्म हवाओं ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त किया हुआ है। लोगों के वोट करने को लेकर घर से बाहर नहीं निकलने की ये भी एक वजह बताई जा रही है।

वोट करने के लिए लोगों के घरों से बाहर नहीं निकलने को लेकर राजनीतिक दलों को साथ-साथ चुनाव आयोग की भी चिंता बढ़ा दी है। खासकर हिंदी भाषी राज्यों में तो मतदाता वोटिंग को लेकर जैसे नीरस हो गए हैं। इससे पहले 2014 और 2019 में अच्छी-खासी तादाद में लोगों ने वोट किया था, लेकिन इस बार मतदाताओं में वो जोश देखने को नहीं मिल रहा है। कर्नाटक और केरल जैसे राज्यों में भी महत्वपूर्ण गिरावट दर्ज की गई, केरल में दोहरे अंकों में गिरावट देखी गई, जिनमें से सबसे बड़ी गिरावट वडकारा में 18.24 प्रतिशत थी। इसी तरह, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में मतदान में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई, राजस्थान के अजमेर जिले में 14.89 प्रतिशत की उल्लेखनीय गिरावट देखी गई। त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों ने इस गिरावट की प्रवृत्ति का अनुसरण किया, जिससे पूरे मंडल में चुनावी व्यस्तता में व्यापक कमी की पुष्टि हुई। किसी भी राज्य में मतदान प्रतिशत में वृद्धि नहीं दिखी है, जो कि चुनाव के इस चरण में मतदाताओं की कम भागीदारी की एक राष्ट्रव्यापी प्रवृत्ति को उजागर करता है। इन राज्यों में भी कम वोटिंग फेज-2 में शुक्रवार को 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान हुआ और कम मतदान का सिलसिला इस चरण में भी जारी रहा। ऐसे 11 राज्यों-असम, बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में शाम 5 बजे तक उत्तर प्रदेश में मतदान सबसे कम रहा, इसके बाद बिहार का स्थान रहा। दोनों राज्यों में लगभग 53 प्रतिशत मतदान हुआ। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी 60 प्रतिशत से कम मतदान हुआ। इसके विपरीत, त्रिपुरा और मणिपुर में मतदान प्रतिशत सबसे अधिक-75 प्रतिशत से अधिक रहा। पहले चरण में भी दोनों राज्यों में अपेक्षाकृत अधिक मतदान हुआ। चुनाव और राजनीतिक रूप से सजग कहे जाने वाले बिहार में भी इस बार मतदाता वोट को लेकर काफी नीरस दिख रहे हैं। पहले चरण में जहां 48 फीसदी लोगों ने वोट किया, वहीं दूसरे चरण में 54.9 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कई लोग बिहार में कम वोटिंग प्रतिशत को मौसम और पलायन से जोड़कर भी देख रहे हैं। उत्तर भारत में गर्म मौसम भी वजह से इन दिनों मौसम का तापमान काफी बढ़ गया है। लू और गर्म हवाओं ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त किया हुआ है। लोगों के वोट करने को लेकर घर से बाहर नहीं निकलने की ये भी एक वजह बताई जा रही है। वहीं चुनाव में विपक्षी पार्टियों की कम सक्रियता से भी कम वोटिंग प्रतिशत को जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं आजकल के चुनाव में फिजिकल प्रचार की बजाय सोशल मीडिया का ज्यादा इस्तेमाल भी वोटिंग ट्रेंड को कम कर रहा है।

मतदान प्रतिशत में आई बड़ी गिरावट को लेकर राजनीतिक जानकारों का एक तर्क ये भी है कि भाजपा द्वारा दिए स्लोगन 'अबकी बार 400 पार' और 'तीसरी बार मोदी सरकार' जैसे नारों ने देशभर में ऐसा सेनेरियों बनाया है कि मानों भाजपा की जीत सुनिश्चित है। इससे मतदाताओं के मन में ऐसा भाव पैदा हुआ कि जब एक पार्टी को जीतना ही है तो मतदान करें या न करें, क्या फर्क पड़ेगा। इसकी दूसरी वजह विपक्षी दलों द्वारा चुनाव प्रचार में उत्साह की कमी को भी माना जा रहा है।

## डर, लोभ, कर्तव्य-बोध और ज्ञान

डर, लोभ, कर्तव्य-बोध और ज्ञान चारों मनोस्थितियों से हम वाकिफ हैं, लेकिन इनकी परिभाषा को एक बार फिर से जान लेने में कोई हर्ज नहीं है। डर किसी ख़तरे या ख़तरे को समझने या पहचानने की प्रतिक्रिया स्वरूप एक अप्रिय मौलिक भावना है। इसके ठीक विपरीत लोभ किसी प्रिय या अभिलषित की प्राप्ति की संभावना में एक चहेती मौलिक भावना है। ये दोनों भावनाएं मूलतः पाशविक हैं और विकास की शुरुआत से ही आ जाती हैं। कर्तव्य बोध मानव के विकास और फलतः सामाजिक होने पर आता है। यह सामान्य रूप से कुछ कार्य करने की प्रतिबद्धता का बोध है जो किन्हीं खास परिस्थितियों में अपेक्षित है। कर्तव्य बोध डर और लोभ दोनों का नियामक हो सकता है। निचले स्तर के पशुओं में यह भावना शायद ही पायी जाती है। ज्ञान वस्तुस्थिति को सतही और गंभीर रूप में समझ सकने की स्थिति है। डर, लोभ और कर्तव्य को भी ज्ञान के चलते समझा जा सकता है और उचित प्रतिक्रिया की जा सकती है। यह मानव विकास के उच्च स्तर पर होता है। धर्म सामाजिक इंजिनीयरिंग का वह उपादान है जो डर, लोभ, कर्तव्य बोध और ज्ञान के सम्मिश्रण और बहुधा संश्लेषण से बनता है। ध्यातव्य है कि धर्म में आवश्यक रूपेण इन चारों भावनाओं का समावेश होता है। केवल डर और लोभ से धर्म नहीं बनता, अन्यथा जानवर भी धार्मिक होते। उसी तरह केवल कर्तव्य बोध या शुद्ध ज्ञान धर्म नहीं बना सकते। मानव समाज में अनेक धर्म प्रचलन में हैं। उनमें फर्क इस बात को लेकर है कि उपर्युक्त चारों तत्वों का सम्मिश्रण किस अनुपात में है।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इस विवेचना से इशारा मिलता है कि व्यक्ति के कर्मों के प्रतिदान में हर धर्म ने डर और लोभ को स्थान क्यों दिया है जब कि ज्ञान के आधार पर उन्हें स्थापित नहीं किया जा सकता। इससे यह भी पता चलता है कि कोई भी धर्म केवल इथिक्स या दर्शन क्यों नहीं है। यह भूलने की बात नहीं है कि विज्ञान को उपादेयता से कोई मतलब नहीं होता, केवल ज्ञान से मतलब होता है। लेकिन इंजिनीयरिंग को उपादेयता से भी मतलब होता है। चूंकि धर्म सोशल इंजिनीयरिंग का उपादान है, तो इसमें केवल ज्ञान ही नहीं उपादेयता पर भी ध्यान रखा गया है। केवल विज्ञान के सहारे न तो धर्म को समझा जा सकता है और न उसकी स्थापना हो सकती है।

## लोकतंत्रः सबसे बड़ी विरासत

राष्ट्रीय-जीवन की अविच्छिन्न परंपरा ने हमको सबसे बड़ी विरासत दी है, वह लोकतंत्र ही है। और इस विरासत की रक्षा करना हमारा सबसे बड़ा राष्ट्रीय कर्तव्य है। लोकतंत्र को आगे बढ़ाना हमारा सबसे बड़ा दायित्व है। हम शिक्षा-क्षेत्र में हैं या साहित्य के क्षेत्र में हैं, हम न्याय के क्षेत्र में हैं या उद्योग-व्यापार के क्षेत्र में हैं, हम प्रशासन में हैं या राजनीति में हैं अथवा पत्रकारिता में हैं, लोकतंत्र के मार्ग की बाधाओं को दूर करने के लिए हमें आगे बढ़ना ही होगा।

लोकतंत्र केवल राजनैतिक-प्रणाली ही नहीं है, लोकतंत्र जीवन की एक प्रणाली है, एक संपूर्ण जीवन-दर्शन है। लोकतंत्र की यह परिभाषा सही नहीं है कि आप एक दिन वोट दे कर पांच साल तक आराम करते रहें। यदि जनता का प्रतिनिधि (चुने जाने के बाद) जनता की आवाज को दबाने की भूमिका निभा रहा है, जन विरोधी निर्णय में भागीदार है। तो जनता को अपने प्रतिनिधि को वापस बुलाने का अधिकार क्यों नहीं मिलना चाहिए? जनता मकानमालिक है, प्रतिनिधि किरायेदार है। किरायेदार मकान को ध्वस्त करता रहे और मकानमालिक से कहे कि पांच साल बाद दूसरा किरायेदार रख लेना। फिर दूसरा किरायेदार भी मकान को क्षति पंहुचाए और कहे कि पांच साल तक चुप रहो। यह लोकतंत्र की कुत्सित व्याख्या है। लोकतंत्र जनता को जो अधिकार देता है, वह क्षणिक नहीं है, वह सतत है, निरंतर है। अभी हम लोकतंत्र के मार्ग पर चल रहे हैं, लोकतंत्र की मंजिल अभी बहुत दूर है, रास्ते में अनेकानेक रुकावटें और बाधाएं आ रही हैं और हमारा संघर्ष उन बाधाओं से चल रहा है फिर भी हम लोकतंत्र के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। ये बाधाएं और रुकावटें बहुत ही शक्तिशाली हैं। सामन्ती-मानसिकता हो या व्यक्ति और वर्ग के स्वार्थ हो, कदम-कदम पर कांटों की तरह चुभते हैं। ऐसा कौन सा दल है, जहां जनता के प्रति निष्ठा का महत्व हो। जिस दिन पारदर्शिता और राष्ट्रीय निर्णयों में जन की भागीदारी हो जाएगी, उस दिन कोई भी संकल्प मुश्किल नहीं होगा। लेकिन अभी तो प्रत्येक दल सुप्रीमो का मुखापेक्षी बना हुआ है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

# जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणाम

जनसंख्या वृद्धि की समस्या आज केवल भारत की नहीं अपितु एशिया के अधिकांश देशों की प्रमुख समस्या बन गई है। जनसंख्या वृद्धि के कारण आज विश्व के सम्मुख अभाव, बेकारी, बीमारी, निर्धनता, प्राकृतिक प्रकोप, शारीरिक, मानसिक विकृतियां आदि गंभीर रूप धारण करती जा रही हैं जो मानव विकास के साथ-साथ संपूर्ण विश्व के विकास के लिए भी घातक है। भारतीय समाज में अत्यधिक जनसंख्या के कारण बहुत सी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं जिससे सरकारी योजनाएं कुछ ही समय तक कारगर रहती हैं उसके बाद वह असफल हो जाती हैं क्योंकि वर्तमान जनसंख्या को ध्यान में रखकर ही योजनाएं बनाई जाती हैं। कुछ समय बाद जब जनसंख्या अधिक बढ़ जाती है तो वह योजना भी कारगर सिद्ध नहीं होती जिसके कारण भ्रष्टाचार, सामाजिक, आर्थिक असमानता में वृद्धि, सरकारी तंत्र के प्रति अविश्वास एवं विभिन्न प्रकार के संघर्षों में भी वृद्धि होने लगती है। जनसंख्या वृद्धि विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और प्राकृतिक विपत्तियों का मूल कारण है जिसके कारण अत्यधिक पर्यावरण प्रदूषण एवं असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

वर्तमान में भारत को विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश का गौरव प्राप्त हुआ है जिससे भारत में जनसंख्या विस्फोट जैसी भयानक स्थिति उत्पन्न हो गई है। भारत में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, नैतिक, शारीरिक, मानसिक, स्वास्थ्यगत, शैक्षिक, बेरोजगारी, बेकारी, भुखमरी, प्राकृतिक, पर्यावरण संबंधी आदि अनगिनत समस्याएं जनसंख्या वृद्धि के कारण ही उत्पन्न हो गई हैं जो मानव अस्तित्व के लिए घातक सिद्ध हो सकती हैं।



डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, बरेली

> जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों के बारे में प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक बनाएं जिससे जनसंख्या वृद्धि कम करने में एवं विभिन्न योजनाओं के सफल होने के अवसर बढ़ जाएंगे और लोगों में संसाधनों के उपभोग की प्रवृत्ति के साथ-साथ संसाधनों के उत्पादन की प्रवृत्ति के लिए भी प्रोत्साहन करके कुछ हद तक संसाधनों की पूर्ति की जा सकती है, जैसे- छत, बालकनी, गार्डन आदि में फल और सब्जियों को उगाकर पर्यावरण को भी सुरक्षित किया जा सकता है और विभिन्न रसायन युक्त फल और सब्जियां खाने से बच जाएंगे और स्वास्थ्य भी सही होगा।

किसी भी राष्ट्र के निर्माण एवं आर्थिक विकास हेतु वहां की जनसंख्या महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है साथ ही उस देश के आर्थिक विकास का उस देश की जनसंख्या पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। इस तरह जनसंख्या तथा आर्थिक विकास के बीच प्रत्यक्ष एवं परस्पर संबंध होता है। प्रत्येक देश का उत्पादन स्तर, आर्थिक विकास की दर, राष्ट्रीय तथा प्रति व्यक्ति आय, देश में उत्पादक क्रियाओं का संचालन, रहन-सहन का स्तर आदि सभी दशाएं उस देश की जनसंख्या के आकार, गठन एवं वितरण आदि पर निर्भर करती हैं। यद्यपि आर्थिक विकास में प्राकृतिक संसाधनों तथा पूंजी की मात्रा का भी विशिष्ट योगदान होता है परंतु यह आर्थिक विकास के निर्जीव साधन है। मानव ही वह शक्ति है जो इन संसाधनों को अपनी कार्य-कुशलता तथा बौद्धिक क्षमता द्वारा उचित दिशा में गतिशील कर इनका अनुकूलतम उपयोग करती है तथा विकास का मार्ग प्रशस्त करती है इसीलिए जनसंख्या एवं आर्थिक विकास दोनों प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से एक दूसरे को प्रभावित करते हैं परंतु किसी भी राष्ट्र को अत्यधिक जनसंख्या वृद्धि से होने वाली विभिन्न समस्याओं से भी निरंतर दो-चार होना पड़ता है।

यदि क्षेत्रफल की दृष्टि से देखा जाए तो भारत विश्व के सात बड़े देशों में रूस, कनाडा, चीन, अमेरिका, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत 'सातवें' स्थान पर है और जनसंख्या की दृष्टि से 'प्रथम' स्थान पर है। भारत की जनसंख्या चीन की तुलना में 2.9 मिलियन ज्यादा हो गई है। 'संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष' ने इसके आंकड़े भी जारी कर दिए हैं। भारत दुनिया का सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश बन गया है। भारत में 15 से 64 साल तक के लोगों की संख्या 68 प्रतिशत है। यू. एन. ने पिछले साल इन आंकड़ों का दावा किया था। भारत की आबादी वर्तमान में 142.86 करोड़ पहुंच गई है जबकि चीन की जनसंख्या 142.57 करोड़ है।

भारत एक विकासशील देश है और भारत में बढ़ती हुई जनसंख्या केवल आर्थिक विकास में ही बाधक नहीं है बल्कि देश की अनेक समस्याओं का भी मूल कारण है। भारत के पास अभी भी समय है कि वह जनसंख्या वृद्धि पर रोक लगाने हेतु विभिन्न उपायों का सख्ती से पालन करें और भारत के नागरिकों में जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों के बारे में प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक बनाएं जिससे जनसंख्या वृद्धि कम करने में एवं विभिन्न योजनाओं के सफल होने के अवसर बढ़ जाएंगे और लोगों में संसाधनों के उपभोग की प्रवृत्ति के साथ-साथ संसाधनों के उत्पादन की प्रवृत्ति के लिए भी प्रोत्साहन करके कुछ हद तक संसाधनों की पूर्ति की जा सकती है, जैसे- छत, बालकनी, गार्डन आदि में फल और सब्जियों को उगाकर पर्यावरण को भी सुरक्षित किया जा सकता है और विभिन्न रसायन युक्त फल और सब्जियां खाने से बच जाएंगे और स्वास्थ्य भी सही होगा। समय के सदुपयोग के साथ मनोरंजन भी होगा जिससे लोगों का मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य सही रहेगा और धन की भी बचत होगी। यह कदम पर्यावरण के साथ-साथ देश के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगा।

# जरूरी है बौद्धिक संपदा की रक्षा

डिजिटल युग में, फोटोग्राफी पहले से कहीं अधिक सुलभ हो गई है। उच्च गुणवत्ता वाले कैमरों से लैस स्मार्टफोन के प्रसार ने व्यक्तियों के लिए छवियों को कैप्चर करना और साझा करना आसान बना दिया है। हालांकि, इस पहुंच ने फोटोग्राफरों की बौद्धिक संपदा का दोहन भी किया है। बहुत से लोग उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरों के लिए इंटरनेट ब्राउज़ करते हैं, उन्हें डाउनलोड करते हैं, और मूल रचनाकारों की अनुमति या मुआवजे के बिना उनका उपयोग करते हैं।

फोटोग्राफी में बौद्धिक संपदा की चोरी के व्यक्तिगत फोटोग्राफरों और समग्र रूप से क्षेत्र दोनों के लिए दूरगामी परिणाम हैं। जब व्यक्ति बिना अनुमति या उचित एट्रिब्यूशन के तस्वीरों का उपयोग करते हैं, तो वे मूल रचनाकारों के अधिकारों को कमजोर करते हैं। चोरी का यह कार्य न केवल फोटोग्राफर के काम की मान्यता और मूल्य को कम करता है, बल्कि अपने शिल्प से आजीविका कमाने की उनकी क्षमता को भी कम करता है। इसके अलावा, उचित एट्रिब्यूशन की अनुपस्थिति फोटोग्राफरों को उनके कलात्मक प्रयासों के लिए मान्यता से वंचित करती है और उनके पेशेवर विकास में बाधा डालती है।



तपन कुमार
एमजेपीआरयू, बरेली

यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि तस्वीरों के अनधिकृत उपयोग सहित बौद्धिक संपदा की चोरी अवैध है और कानून के तहत दंडनीय है। रचनाकारों के अधिकारों की रक्षा करने और उनके काम के लिए उचित मुआवजा सुनिश्चित करने के लिए कई देशों में कॉपीराइट कानून मौजूद हैं। ये कानून फोटोग्राफरों को अपनी तस्वीरों को पुनः पेश करने, वितरित करने, प्रदर्शित करने और लाइसेंस देने के लिए विशेष अधिकार प्रदान करते हैं। इन अधिकारों का कोई भी अनधिकृत उपयोग या शोषण कॉपीराइट उल्लंघन के बराबर है।

फोटोग्राफी में बौद्धिक संपदा की चोरी के मुद्दे को संबोधित करने के लिए, आम जनता में फोटोग्राफरों के अधिकारों और उनके काम का सम्मान करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। जिम्मेदार उपयोग की संस्कृति को बढ़ावा देने में शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। व्यक्तियों को यह समझने की आवश्यकता है कि तस्वीरें लेने के लिए स्वतंत्र नहीं हैं और बिना अनुमति के किसी और के काम का उपयोग करना उनके अधिकारों का उल्लंघन है।

फोटोग्राफर स्वयं अपनी बौद्धिक संपदा की रक्षा के लिए सक्रिय कदम उठा सकते हैं। वे अपने स्वामित्व का दावा करने और अनधिकृत उपयोग को प्रतिबंधित करने के लिए वाटरमार्क, मेटाडेटा और डिजिटल अधिकार प्रबंधन उपकरणों का उपयोग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, फोटोग्राफरों को अपने कानूनी संरक्षण को मजबूत करने और स्वामित्व का एक स्पष्ट रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए प्रासंगिक कॉपीराइट अधिकारियों के साथ अपने काम को पंजीकृत करने पर विचार करना चाहिए।

# जंगलों की आग बुझाने को वायुसेना ने संभाला मोर्चा

संवाददाता, भीमताल



भीमताल झील से पानी लेता वायु सेना का हेलीकॉप्टर। ● अमृत विचार



सल्ट में जंगल की आग के चपेट में आया सीएचसी का ऑक्सीजन प्लांट परिसर।

**अमृत विचार:** नैनीताल जिले के जंगल इन दिनों भीषण आग की चपेट में हैं। कई दिनों से धधक रहे जंगलों की आग से अभी तक अरबों रुपये की वन संपदा जलकर नष्ट हो चुकी है। जंगल में प्रवास करने वाले कई जीव-जंतु प्रभावित हो चुके हैं।

आपदा प्रबंधन और वन विभाग के कर्मचारियों ने आग बुझाने में काफी मशक्कत की लेकिन पूरी सफलता नहीं मिलने पर आखिरकार वायु सेना को मोर्चा संभालना पड़ा। आग बुझाने के लिए वायु सेना के हेलीकॉप्टर ने शुक्रवार को नैनीताल झील, भीमताल झील और सातताल से पानी लेने के लिए हवाई निरीक्षण किया था। शनिवार को वायु सेना ने आग को बुझाने के लिए पूरी तरह मोर्चा संभालते हुए भीमताल झील से पानी लेकर पाइंस क्षेत्र में भड़की आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

वायु सेना ने एमआई-17 हेलीकाप्टर से भीमताल झील से पानी उठाकर जंगलों में डालना प्रारंभ कर दिया है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत शनिवार सुबह पौने छह बजे वायु सेना का एमआई-17 हेलीकाप्टर भीमताल झील पहुंचा और पानी लेकर आग बुझाने के कार्य में जुट गया।

▸▸ **एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील के पानी से बुझाई आग**

हेलीकाप्टर ने सवेरे एक घंटे के भीतर ही लगभग आठ बार उड़ान भरकर पाइंस क्षेत्र में आग बुझाई। इधर जहां जंगलों में आग लगने से वातावरण में जो धुआं था उस पर भी कुछ गिरावट आई है। वन विभाग की जानकारी के मुताबिक आग बुझाने का कार्य वायु सेना की ओर से युद्धस्तर पर किया जा रहा है। वहीं बताते हैं कि वर्तमान में वन विभाग की ओर से हेलीकाप्टर की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

# सांड का सींग युवक के सीने के आरपार, मौत

संवाददाता, हल्दूचौड़

● **हल्दूचौड़ में शुक्रवार की देर रात हुई घटना**



**अमृत विचार:** दोस्त के साथ लालकुआं से हल्द्वानी की ओर जा रहे धारचूला निवासी स्कूटी सवार युवक को हल्दूचौड़ में सांड ने टक्कर मारी जिसमें उसका सींग युवक के सीने के आरपार हो गया। राहगीरों ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार योगेश सिंह (25 वर्ष) पुत्र जगत सिंह निवासी धारचूला अपनी बहन के घर इंद्रानगर प्रथम बिंदुखता आया था। उसके साथ में बैठा युवक पुष्कर सिंह पुत्र जमन सिंह भी योगेश की बहन के पड़ोस में ही रहता है। शुक्रवार देर सायं लगभग साढ़े नौ बजे दोनों युवक स्कूटी से हल्द्वानी की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह हल्दूचौड़ में भारतीय स्टेट बैंक के सामने पहुंचे तभी सड़क के बीचों-बीच खड़े सांड ने स्कूटी पर बैठे योगेश को टक्कर मारी जिसमें सांड का सींग योगेश के सीने में घुस गया जबकि स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गई। राहगीरों ने उसे चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# फैसले में लैंगिक रूढ़िवादी धारणा प्रदर्शित नहीं होनी चाहिए

## दिल्ली हाई कोर्ट ने महिला पुलिस अधिकारी के पति को क्रूरता के आरोप से मुक्त करने के आदेश को रद किया

नयी दिल्ली, एजेंसी




▸▸ **पुलिस अधिकारी घरेलू हिंसा का शिकार नहीं हो सकती**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक महिला पुलिस अधिकारी के पति को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत क्रूरता के आरोप से आरोपमुक्त करने के आदेश को रद कर दिया। अदालत ने कहा कि किसी भी लैंगिक या पेशे के संबंध में रूढिवादी धारणा अदालत के आदेश में नहीं प्रदर्शित होना चाहिए और हर फैसले में लिंग-तटस्थता रहनी चाहिए।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि सत्र अदालत के निष्कर्ष आपराधिक न्यायशास्त्र और निष्पक्ष सुनवाई के सिद्धांतों पर आधारित नहीं, बल्कि एक अनुचित धारणा और पूर्वाग्रह पर आधारित थे कि एक पुलिस अधिकारी कभी भी घरेलू हिंसा का शिकार नहीं हो सकती। उच्च न्यायालय ने एक हालिया आदेश में कहा कि विशेष रूप से एक न्यायाधीश के रूप में यह धारणा रखना कि एक महिला, पुलिस अधिकारी के रूप में अपने पेशे के आधार पर, संभवतः अपने व्यक्तिगत या वैवाहिक जीवन में पीड़ित नहीं हो सकती है, अपनी तरह का अन्याय है और गलत धारणा है। आदेश में कहा गया कि न्यायाधीशों को यह नहीं भूलना चाहिए कि फैसला लिखते समय लिंग तटस्थ होने का विचार न केवल यह है कि निर्णय में प्रयुक्त शब्दावली और शब्द लिंग तटस्थ हों, बल्कि इसका अर्थ यह भी है कि न्यायाधीश का विचार लिंग या पेशे के आधार पर पूर्वकल्पित धारणाओं या पूर्वाग्रहों से मुक्त होना चाहिए। आदेश में कहा गया कि लिंग-तटस्थता का सार निर्णय की प्रत्येक पंक्ति में झलकना चाहिए और न्यायाधीश को ऐसे विचार विकसित करने चाहिए जो स्वाभाविक रूप से लिंग-तटस्थ हों।

उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में न्यायिक शिक्षा में लैंगिक संवेदनशीलता के विषय को शामिल करने का भी आह्वान किया और दिल्ली न्यायिक अकादमी को इसे पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने के लिए कहा। अदालत ने कहा कि कानून के तहत न्याय और समानता के सिद्धांतों की अनदेखी की गई और शिकायतकर्ता महिला के लिंग और पेशेवर पृष्ठभूमि पर अनुचित जोर दिया गया। अदालत ने कहा कि मामले में, पति और पत्नी दोनों दिल्ली पुलिस में कार्यरत थे, लेकिन सत्र अदालत ने पत्नी की स्थिति को उसके खिलाफ माना, जबकि इसके विपरीत, आरोपी पति की पेशेवर स्थिति के कारण माना गया कि उसने अपनी पत्नी को नहीं डराया धमकाया होगा। आदेश में कहा गया कि न्यायिक अकादमियों का मुख्य कर्तव्य यह सुनिश्चित करने पर होना चाहिए कि न्यायाधीश वादियों को लैंगिक पूर्वाग्रह के चश्मे से न देखें, बल्कि किसी भी छिपे हुए पूर्वाग्रह या धारणा से अवगत रहते हुए लैंगिक तटस्थता, निष्पक्षता, समानता के नजरिये से अपने फैसले लिखें।

# सरकारी कर्मियों में मीडिया से बातचीत की बढ़ती प्रवृत्ति चिंता का विषय : कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ **कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने का हाई कोर्ट ने दिया निर्देश**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने विभिन्न रैंकों के सरकारी कर्मचारियों में मीडिया से बात करने की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में सभी रैंकों के सरकारी कर्मचारी, चाहे वह राज्य कैडर में कार्यरत केंद्रीय सेवाओं में शामिल अधिकारी हों, उनमें लापरवाही और स्वतंत्र रूप से मीडिया से बात करने की एक सामान्य प्रवृत्ति विकसित होती जा रही है।

जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक खुलकर मीडिया से बातचीत करते नजर आते हैं। इसी प्रकार राज्य से संबंधित मुद्दों पर सरकारी कर्मचारी और पदानुक्रम में नीचे सेवारत लोगों में भी यही स्थिति बनी हुई है। सरकारी कर्मचारियों द्वारा स्थापित आचार नियमों का पालन किए बिना मीडिया से बातचीत करने की प्रचलित प्रथा पर न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की पीठ ने आपत्ति जताते हुए कहा कि जब तक नियमों में कोई बुनियादी बदलाव नहीं होता, तब तक सरकारी कर्मचारियों को मीडिया से बात करने की आजादी नहीं मिलनी चाहिए।

कोर्ट ने कानपुर निवासी आदर्श कुमार द्वारा मीडिया में दिए गए बयान पर कोई राय व्यक्त करने से इनकार करते हुए कहा कि प्रत्येक सरकारी कर्मचारी को मीडिया से बात करने के लिए स्वतंत्र न रखने का एक प्रमुख कारण यह है कि एक ही मुद्दे पर सरकार का विरोधाभासी रुख सामने नहीं आएगा। महत्वपूर्ण मुद्दों पर राय व्यक्त करने के लिए सरकार की ओर से एक अधिकृत प्रवक्ता होना चाहिए। अंत में कोर्ट ने प्रदेश के कार्मिक विभाग के अपर मुख्य सचिव, लखनऊ को एक सप्ताह के भीतर एक हलफनामा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है, जिसमें वह यह बताएंगे कि प्रशिक्षण अकादमियों में सरकारी कर्मचारियों की युवा पीढ़ी को प्रशिक्षित करने के लिए समय-समय पर क्या कदम उठाए जाते हैं, जिससे वे मीडिया से बात करने के लिए प्रलोभित ना हों, साथ ही मीडिया के साथ सरकारी कर्मचारियों की बातचीत को नियंत्रित करने वाले वर्तमान सेवा नियमों का भी विवरण प्रस्तुत करें। मामले की अगली सुनवाई आगामी 3 मई 2024 को सूचीबद्ध की गई है। इस आदेश की प्रति अपर मुख्य सचिव, कार्मिक विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को प्रेषित करने का निर्देश दिया गया है।

# राहुल गांधी ने हमेशा भगवान राम के अस्तित्व को नकारा : धामी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा, (मुरादाबाद)



**अमृत विचार :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व सांसद सर्वेश सिंह के आवास के निकट खड़े पत्रकारों के पास पहुंचकर कहा कि कांग्रेस समेत राहुल गांधी ने हमेशा भगवान राम के अस्तित्व को नकारा है। निमंत्रण के बावजूद राहुल गांधी भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में नहीं गए। अब चुनाव के समय नामांकन से पूर्व अयोध्या भी जाएंगे। मंदिर जाकर पूजा भी कर रहे हैं। लेकिन चुनाव में कांग्रेस को जनता ने नकार दिया है। जनता मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को तहसील के ग्राम रतूपुरा में दिवंगत पूर्व सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि राहुल गांधी हों या प्रियंका गांधी या फिर उनकी पार्टी के अन्य लोग हों, सब लोग जानते हैं, उन्होंने हमेशा राम मंदिर बनने का विरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दिया है। भगवान राम और रामसेतु के अस्तित्व को नहीं माना है। निमंत्रण देने के बाद भी राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में अयोध्या नहीं पहुंचे। अब चुनाव को देखकर रंग बदल रहे हैं। देश की जनता देख रही है कि उन्होंने किस प्रकार सनातन परंपराओं और भगवान राम का विरोध किया है। अब चुनाव का समय आने पर राहुल गांधी समेत कांग्रेस के लोग जनेऊ पहनकर मंदिर जा रहे हैं। पूजापाठ भी कर रहे हैं। उनके क्रिया कलापों का चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

# नशीली दवाओं की गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़

नयी दिल्ली, एजेंसी

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गुजरात पुलिस के आतंकवाद रोधी दस्ते के साथ मिलकर गुजरात और राजस्थान में नशीली दवा बनाने वाली तीन अत्याधुनिक गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ कर 300 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की दवा जब्त की हैं।

ब्यूरो ने शनिवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि इस संयुक्त कार्रवाई में मुख्य रूप से मेफेड्रोन नाम की नशीली दवा बनाने वाली तीन गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ किया गया है । ब्यूरो ने कहा है कि अभी चौथी प्रयोगशाला पर छापेमारी जारी है। रात भर कई राज्यों में चले ऑपरेशन में 149 किलोग्राम मेफेड्रोन (पाउडर और तरल रूप में), 50 किलोग्राम एफेड्रिन और 200 लीटर एसीटोन जब्त किया गया। इस अभियान में सात व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं और सरगना की पहचान कर ली गयी है। जल्दी ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बताया कि इस दौरान कुल 149 किलोग्राम मेफेड्रोन (पाउडर और तरल रूप में), 50 किलोग्राम एफेड्रिन और 200 लीटर एसीटोन की बरामदगी की गयी।

# केजरीवाल को कोई तोड़ नहीं सकता : सुनीता

नयी दिल्ली, ,एजेंसी



▸▸ **दिल्ली के मुख्यमंत्री की पत्नी ने किया पहला चुनावी रोड शो**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शनिवार शाम को पूर्वी दिल्ली से आम आदमी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी कुलदीप कुमार के समर्थन में पहला रोड शो किया।

उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल शेर हैं और कोई उन्हें तोड़ नहीं सकता। एक वाहन में सवार, सुनीता केजरीवाल पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र के कोंडली इलाके में मतदाताओं का हाथ जोड़कर अभिवादन करती नजर आईं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया गया क्योंकि उन्होंने स्कूल बनवाए, मुफ्त बिजली मुहैया कराई और मोहल्ला क्लीनिक खोले। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि हम तानाशाही हटाने और लोकतंत्र बचाने के लिए वोट करेंगे।

जैसे ही सुनीता केजरीवाल का काफिला संकरी गलियों से गुजरा, बड़ी संख्या में आप समर्थक, दिल्ली के मुख्यमंत्री के कट-आउट और नीले और पीले आम आदमी पार्टी के झंडे लेकर वहां इकट्ठा हो गए और जेल के ताले टूटेंगे, केजरीवाल छूटेंगे जैसे नारे लगाए। रोडशो के दौरान देशभक्ति के गाने भी बजाए गए। आप के गठबंधन सहयोगी कांग्रेस के स्थानीय नेता भी अपने समर्थकों के साथ रोड शो में शामिल हुए। स्थानीय निवासी विमला देवी ने कहा कि चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी अच्छी बात नहीं है। देवी ने कहा, कि मुझे लगता है कि इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेगा। मुख्यमंत्री ने दिल्ली के लोगों को बहुत सारी सुविधाएं प्रदान की हैं। लोग निश्चित तौर पर उनकी पार्टी को वोट देंगे। पार्टी नेताओं के मुताबिक, अब निरस्त हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद उनकी पत्नी आप के चुनाव अभियान की अगुवाई करेंगी। इसी के तहत सुनीता रविवार को पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में भी रोड शो करेंगी। पार्टी नेताओं ने कहा कि सुनीता केजरीवाल दक्षिणी दिल्ली और नयी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्रों के साथ-साथ गुजरात, हरियाणा और पंजाब में भी आप उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगी।

## वर्ग पहेली-53

**बाएं से दाएं**

3.1. मात्रा, परिणाम 2. तौल।

5. लानत, फटकार, धिक्कार।

6.1. चरित्रहीन पुत्र, नालायक बेटा, बुरे चाल-चलन वाला पुत्र 2. कुल को कलंकित करने वाला पुत्र।

7.1. एक प्रकार का पौधा जिसके चौड़े पत्तों पर कांटे होते हैं, थूहर 2. एक प्रकार का नेपाली बाजा 3. कान में पहनने का एक प्रकार का गहना।

11. खेत नापने की एक इकाई, ज़मीन के माप बिस्वांसी का बीसवां हिस्सा।

**ऊपर से नीचे**

1. एकत्र होना।


2.1. कील के आधार पर घूमने वाला गोलाकार टुकड़ा, चकरघिन्नी 2. लकड़ी का एक खिलौना, चकई, फिरकी।

4.1. जोतने का काम करवाना 2. ऐसा काम करना जिससे घोडे

8.1. शोध-छात्र 2. शोध या अनुसंधान कार्य में लगा हुआ कोई व्यक्ति, (रिसर्चर)।

9.1. भीतरी, आंतरिक 2. अंतर्मन का।

10.1. फंसाने का फंदा, पाश 2. रस्सी का वह फंदा जिसमें गला फंसाने से दम घुटता है और आदमी मर जाता है 3. उक्त प्रकार से दिया जाने वाला प्राणदंड 4. कोई ऐसा संकटपूर्ण बंधन जिसमें प्राण जाने का भय हो या प्राण निकलने का-सा कष्ट हो 5. आफ़त, मुसीबत। (मु.) -चढ़ाना: (किसी को) मार देना, ख़तरे में झोंकना।



## वर्ग पहेली -52 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 हा | ■ | 2 भू | ■ | ■ | 3 अ |
| 4 क | ला | वं | त | ■ | ■ | हि |
| ला | ■ | ■ | का | ■ | ■ | ना |
| मे | ■ | ■ | 5 ली | 6 क | ■ | थ |
| पा | ■ | 7 व | न | च | र | ■ |
| क | ■ | ■ | ■ | लो | ■ | ■ |
| ■ | 8 पु | रा | त | न | पं | थी |

## सुडोकू -132

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | | 8 | | | 6 | 9 | | |
| | 1 | | | | 4 | 5 | 2 | |
| 7 | | 3 | | | | | | |
| | 5 | | 7 | | 8 | | | |
| | 9 | | | 2 | | 7 | | |
| | 4 | 9 | 6 | | | | 7 | |
| 6 | | 2 | 5 | | | 1 | | |
| | | | 8 | | 1 | | | |

## सुडोकू -131 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 6 | 7 | 8 | 4 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 5 | 9 | 1 | 6 | 4 | 3 | 7 |
| 6 | 7 | 9 | 4 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 | 8 |
| 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 4 |
| 8 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 | 7 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 अप्रैल रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 08.21 तक तत्पश्चात पंचमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 29 अप्रैल 04.49 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** - आज अपने सिद्धान्त को लेकर जड़ व्यवहार रखने से हानि हो सकती है। आप इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान खरीदने में धन खर्च कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन में कुछ कड़वाहट हो सकती है। नया कारोबार आज शुरू न करें। छात्र नए अनुभव और ज्ञान को सीखने में रुचि लेंगे।

**वृष** - आज व्यवसाय से जुड़े लोगों को अपने ग्राहकों के प्रति अच्छा भाव रखना चाहिए। शरीर में थोड़ी थकावट रहेगी। हर कार्य में जल्दबाज़ी और लापरवाही से बचना चाहिए। फोन और इन्टरनेट पर कुछ समस्या हो सकती है। बुरी संगत से आपको बचना चाहिए।

**मिथुन** - आज व्यापार में आप बड़ा धन निवेश कर सकते हैं। सहकर्मियों के साथ आपको काम करने में आसानी में होगी। ससुराल पक्ष से धन लाभ प्राप्त होगा। आज आप घर की मरम्मत से जुड़े कार्य कर सकते हैं।

**कर्क** - आज किसी बड़े समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। समय रहते आप अपना काम पूर्ण करने का प्रयास करें। पिता के मार्गदर्शन से व्यवसाय में बढ़ोतरी होगी। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें।

**सिंह** - आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को बॉस की नाराजगी झेलनी पड़ेगी। घर में अशान्ति का माहौल हो सकता है। बच्चों पर गुस्सा निकालने से बचें। आज आपको तनाव से बचने के लिये योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए।

**कन्या** - आज कारोबार में सावधानी पूर्वक निवेश करें। कड़वे वचन बोलने से बचें। स्वभाव में लचीलापन बनाए रखें। एसिडिटी और गैस की समस्या हो सकती है। आज आपको संतान के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। श्वास के रोग परेशान कर सकते हैं।

**तुला** - आज वैवाहिक जीवन बहुत ही सुखमय रहेगा। महत्वपूर्ण काम आसानी से बनते जायेंगे। अधिकारियों की नजर में आपकी छवि मजबूत होगी। प्रेम संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। अपने करियर को लेकर नई योजना बनायेंगे।

**वृश्चिक** - आज आक्रामक भाषा शैली के कारण आपके संबंध बिगड़ सकते हैं। किसी पर भी बहुत भरोसा न करें। रिश्तेदारों के बीच आपकी छवि मजबूत होगी। पूर्व में उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिलेगा। भावुकता के बजाय बुद्धि से काम लें।

**धनु** - आज आपकी कार्यशैली में सुधार आयेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनायेंगे। अपनों से बड़ों का सम्मान करें। आप नया ज्ञान सीखने का प्रयास करेंगे। बाहरी विवादों का असर आपके पारिवारिक जीवन पर पड़ सकता है।

**मकर** - आज नया रोजगार शुरू करने के लिए दिन सही नहीं है। स्वजनों की अनदेखी के कारण आपको बुरा लगेगा। आपके मान-सम्मान में कमी आ सकती है। भाग्य आज आपका साथ नहीं दे रहा है। इसीलिए आज आपको जोखिम भरे कार्यों से दूर रहना चाहिए।

**कुंभ** - आज राजनीति से जुड़े जातकों को बड़ा राजनीतिक पद मिल सकता है। बच्चों के साथ आज बहुत अच्छा समय बितायेंगे। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। साझेदारी में चल रहे व्यवसाय में उच्च आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

**मीन** - आज प्रेम संबंधों को लेकर विवाह में परिणित कर सकते हैं। बच्चों के जिद्दी व्यवहार से थोड़े परेशान रहेंगे। मित्रों के साथ आपका समय अच्छा बीतेगा। अटके हुए काम समय पर पूर्ण होंगे। अचानक खर्चों में बढ़ोतरी होगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
सिंबा
सुबह : 11.18
रूस्तम
रात : 09.11

SONY PIX
द मास्क
सुबह : 10.56
2012
शाम : 06.19

SONY MAX
नमस्ते लंदन
सुबह : 09.37
हिंदी मीडियम
शाम : 05.59

ZEE CINEMA
सीक्रेट सुपरस्टार
दोपहर : 12.05
मिशन रानीगंज
शाम : 06.00

colors CINEPLEX
डुप्लीकेट
सुबह : 10.49
दोस्ताना
रात : 08.35

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर शाम :05.59 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- चिंटू से परेशान थे,
टीचर- चिंटू अपने बैग से सारी किताबें निकालो...
चिंटू- निकाल लीं सर !टीचर-ये वाली किताब किसकी है?
चिंटू-कागज की है सर, टीचर- ये तो मुझे भी पता है कागज की है।
चिंटू- तो फिर क्यों पूछ रहे हैं?
टीचर बेहोश है...

पत्नी :- आपको मेरी सुंदरता ज़्यादा अच्छी लगती है या मेरे संस्कार?
पति :- मुझे तो तेरी ये मज़ाक करने की आदत बहुत अच्छी लगती है।
पति की बात सुनकर पत्नी हैरान रह गई।

# कांग्रेस के सामने भाजपा के किले को भेदने की चुनौती

## विधानसभा उप चुनावः लखनऊ पूर्वी — दोनों ही नए चेहरे होने से हो सकता है कड़ा मुकाबला

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ


**अमृत विचारः** विधानसभा लखनऊ पूर्व सीट पर करीब तीन दशक से भगवा परचम लहरा रहा है। तमाम प्रयास के बाद भी विरोधी दल भाजपा की इस सीट को फतह करने में नाकाम रहे हैं। ऐसे में इस बार भी उपचुनाव में इंडी गठबंधन प्रत्याशी के लिए जीत दर्ज कर पाना बेहद कठिन चुनौती होगी। फिलहाल भाजपा ने ओपी श्रीवास्तव और कांग्रेस ने मुकेश चौहान जैसे नए चेहरों पर विधानसभा उप चुनाव में दांव लगाया है। खास बात यह है कि दोनों प्रत्याशी पहली बार किसी बड़े चुनाव में किस्मत आजमा रहे हैं। विधान सभा लखनऊ पूर्व में भाजपा ने 1991 से जीत का सिलसिला जारी रखा है और 2022 चुनाव में 59.40 प्रतिशत वोट हासिल किए हैं। 32.7 प्रतिशत वोट हासिल कर सपा दूसरे नंबर पर रही थी। इससे पहले वर्ष 2017 के चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी को 24.71 प्रतिशत वोट मिले थे। बीते आंकड़े बता रहे हैं कि बीजेपी को हराने के लिए सपा और कांग्रेस को बड़ा उलटफेर करना होगा।

लखनऊ पूर्वी सीट पर बीजेपी के भगवती शुक्ला ने साल 1991 में पहली बार जीत दर्ज की थी। इसके बाद से बीजेपी यहां से कभी नहीं हारी। साल 2014 के विधानसभा उपचुनाव में बीजेपी के आशुतोष टंडन ने सपा प्रत्याशी जूही सिंह को 26,495 वोटों से हराया था। साल 2017 के चुनाव में भी आशुतोष टंडन ने सपा-कांग्रेस के संयुक्त प्रत्याशी अनुराग भदौरिया को 79,230 वोटों से करारी शिकस्त दी थी। साल 2022 में फिर सपा प्रत्याशी अनुराग भदौरिया को 68,731 वोटों से हराया। आशुतोष टंडन के निधन के बाद होने वाले उपचुनाव में बीजेपी ने ओपी श्रीवास्तव, जबकि कांग्रेस ने इस्माईलगंज प्रथम से दो बार के पार्षद मुकेश सिंह चौहान को टिकट दिया है। कांग्रेस प्रत्याशी लगातार सपा का समर्थन हासिल होने का दावा कर रहे हैं। लेकिन सपा की तरफ से अब तक तस्वीर साफ नहीं की गई है। नामांकन के दौरान भी सपा और गठबंधन के अन्य दलों के कोई नेता दिखाई नहीं दिए।

- लखनऊ की इस विधान सभा सीट को विरोधी दल 1991 से जीतने में रहे हैं असफल




ओपी श्रीवास्तव



मुकेश चौहान

### विधान सभा चुनाव 2022 में किसको मिले कितने वोट




### पिछले चुनाव में कांग्रेस को मिले थे 1.74 प्रतिशत वोट

लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस के लिए बीजेपी से लड़ना आसान नहीं होगा। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मनोज तिवारी को महज 1.74 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि बीजेपी प्रत्याशी को 59 .40 प्रतिशत वोट मिला था। ऐसे में कांग्रेस को सपा और अन्य दल का कितना समर्थन मिलता है। यह जीत और हार तय करेगी। ऐसा होने के बाद गठबंधन और बीजेपी के बीच टक्कर संभव है। क्योंकि दोनो की प्रत्याशी नए चेहरे है और जनता किसे चुनती है यह तो 20 मई की वोटिंग तय करेगी।

### 2012 में केवल पूर्वी सीट पर ही जीत हासिल की थी

परिसीमन के बाद 2012 के चुनाव में महोना सीट को खत्म करके बीकेटी व लखनऊ उत्तर नई सीट बनी थी। जिसके चलते लखनऊ पूर्व विधान सभा के क्षेत्र का भी परिवर्तन हुआ था। सपा में अखिलेश यादव की सक्रिय राजनीति की शुरुआत का यह पहला चुनाव था। ऐसे में प्रदेश में सपा का जोर तो था, लेकिन अटल का गढ़ रहे लखनऊ में भाजपा का दबदबा बना रहने के कयास लग रहे थे। वर्ष 2007 में आठ में से शहर की चार सीटों पर जीती भाजपा के लिए कहा जा रहा था कि 2012 में भी पार्टी को बहुत नुकसान नहीं होगा, लेकिन हुआ उल्टा। 2012 में नौ में से सात सीटों पर सपा ने जीत दर्ज कराई। सिर्फ लखनऊ पूर्व सीट पर भाजपा से वरिष्ठ नेता कलराज मिश्र और कैंट से कांग्रेस से रीता बहुगुणा जोशी ने जीत दर्ज कराई। वहीं, लखनऊ पश्चिम, मध्य की परंपरागत सीट भी भाजपा ने खो दी।

# काव्य गोष्ठी के बहाने स्मृति को किया प्रस्तुत

अमेठी/गौरीगंज

**अमृत विचारः** शनिवार की देर शाम नगरपालिका के माधवपुर वार्ड में काव्य गोष्ठी के बहाने केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की चुनावी सभा कराई गई। कार्यक्रम का आयोजन हाल ही में भाजपा ज्वाइन करने वाले विधायक राकेश प्रताप सिंह के भाई मुकेश प्रताप सिंह और विधायक के समर्थकों ने किया। विधायक राकेश प्रताप सिंह कार्यक्रम में पूरे समय मौजूद रहे और अपने समर्थकों के साथ केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का स्वागत सम्मान किया गया। स्वागत कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की जीत सुनिश्चित करने के लिए एक जुट होकर मतदान का संदेश दिया।

भाजपा कार्यालय की ओर से शनिवार को माधवपुर में शाम सात बजे से काव्य गोष्ठी में स्मृति ईरानी के बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम स्थल पर काव्य गोष्ठी जैसा कुछ भी नहीं दिखा।कवि दूर दूर तक नहीं नजर आए। कार्यक्रम में विधायक राकेश प्रताप सिंह के समर्थक प्रधान,बीडीसी और नगर के अन्य नागरिक मौजूद रहे। राकेश प्रताप सिंह ने एक एक करके सबसे स्मृति ईरानी का स्वागत कराकर अपने जनाधार की ताकत दिखाई।

स्मृति ईरानी कार्यक्रम में लगभग 8.15 बजे पहुंची। उनके साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र व अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व विधायक जंगबहादुर सिंह , अमरनाथ पासी,नवनीत मिश्र, जगदेव मौर्य, केशव सिंह आदि मौजूद रहे।

### गांधी परिवार पर बोला हमला

स्मृति ईरानी ने यहां भी कांग्रेस और गांधी परिवार को निशाने पर लिया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए कमल का बटन दबाकर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की अपील की ।कवि बुद्ध सेन शर्मा की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम को प्रगति शील किसान रणांजय सिंह,मो सुल्तान सिद्दीकी, राकेश मटियारी आदि ने संबोधित किया।

# नेहरू और इंदिरा की बराबरी कर सकते हैं मोदी

- लगातार तीसरी बार एक ही सीट से जीत का बना सकते हैं रिकॉर्ड
- सबकी नजर एक बार फिर वाराणसी लोक सभा सीट पर
- 2019 में प्रधानमंत्री मोदी ने 4,79,505 मतों के अंतर से जीता था चुनाव

चुनाव डेस्क, लखनऊ



**अमृत विचारः** दुनिया के सभी छोटे-बड़े देशों की नजर एक बार फिर भारत की सांस्कृतिक राजधानी बनारस पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इतिहास दोहराने के लिए वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में दावेदार हैं इस बार पीएम मोदी के निशाने पर तीन रिकॉर्ड हैं। पहला रिकॉर्ड है वाराणसी सीट से जीत की हैट्रिक। इससे पहले दो सांसद ही यहां से जीत की हैट्रिक लगा सके हैं। इसके अलावा मोदी, पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी की तरह यूपी के एक निर्वाचन क्षेत्र से तीन चुनाव जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी कर सकते हैं। बतौर प्रधानमंत्री नेहरू फूलपुर लोकसभा सीट से लगातार तीन चुनाव जीते थे, जबकि इंदिरा ने भी रायबरेली से यही रिकॉर्ड बनाया था।

वाराणसी शहर को मंदिरों का शहर, देश की धार्मिक राजधानी, 'दीपों का शहर, भगवान शिव की नगरी, 'ज्ञान नगरी' जैसे कई नामों से संबोधित किया जाता है। बाबा विश्वनाथ की धरती कहे जाने वाले वाराणसी संसदीय सीट के तहत 5 विधानसभा सीटें आती हैं, जिसमें रोहनियां, वाराणसी नॉर्थ, वाराणसी साउथ, वाराणसी कैंट और सेवापुरी सीट शामिल हैं। विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटों पर बीजेपी गठबंधन को जीत मिली थी, 4 सीट बीजेपी के खाते में गई थी तो एक सीट अपना दल (एस) के पास गई थी। वाराणसी सीट से नरेंद्र मोदी के चुनाव लड़ने की वजह से देश की टॉप सीट है।

2019 के संसदीय चुनाव में वाराणसी लोकसभा सीट से नरेंद्र मोदी बीजेपी के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे थे, मोदी के सामने समाजवादी पार्टी की ओर से शालिनी यादव मैदान में थीं तो कांग्रेस ने अजय राय को मैदान में उतारा। चुनाव एकतरफा रहा था और पीएम मोदी ने 479,505 मतों के अंतर से यह चुनाव जीत लिया था। पीएम नरेंद्र मोदी को चुनाव में 674,664 वोट मिले थे जबकि शालिनी यादव को 195,159 वोट आए तो वहीं अजय राय को 152,548 वोट मिले। वाराणसी सीट पर कुल 1,060,829 वोट पड़े थे।

इससे पहले 2014 के चुनाव में भी नरेंद्र मोदी ने यहीं से चुनाव लड़ा था। वाराणसी सीट पर इस चुनाव में मोदी को 581, 022 वोट मिले थे जबकि उनके सामने आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल मैदान में थे, केजरीवाल को 209,238 वोट मिले थे, मोदी ने यह चुनाव 371,784 मतों के अंतर से जीत लिया और इस जीत के बाद देश के प्रधानमंत्री भी बने। 2009 के चुनाव में बीजेपी के टिकट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी को जीत मिली थी। उन्होंने बसपा के उम्मीदवार और माफिया डॉन मुख्तार अंसारी को कड़े मुकाबले में 17,211 मतों से हराया था। चुनाव में अजय राय सपा के टिकट पर मैदान में थे और तीसरे स्थान पर रहे थे।

### सपा-बसपा का नहीं खुला खाता

- बनारस शहर संस्कृतियों के संगम के लिए जाना जाता है। देशभर की संस्कृतियां काशी में रच-बसी हैं। अलग सोच और अलग अंदाज में जीने वाले बनारसियों ने सबसे ज्यादा लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा कांग्रेस और भाजपा का साथ दिया है। यहां से सात-सात बार भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। बनारस यूपी की उन लोकसभा सीटों में एक है, जहां सपा या बसपा ने कभी जीत हासिल नहीं की।

### जनता लहर में कांग्रेस बुरी तरह हारी

1971 के चुनाव के बाद और अगले चुनाव से पहले देश ने आपातकाल का दौर देखा। आपातकाल खत्म हुआ तो 1977 में फिर से चुनाव हुए। जनता लहर में कांग्रेस बुरी तरह हारी। वाराणसी सीट भी पार्टी ने गंवा दी। यहां कांग्रेस के राजा राम को भारतीय लोक दल के चंद्रशेखर ने 1,71,854 वोट से करारी हार झेलनी पड़ी। 1980 के लोकसभा चुनाव एक बार फिर कांग्रेस ने वाराणसी सीट पर वापसी की। यहां कांग्रेस की तरफ से उतरे उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी ने पार्टी को जीत दिलाई। उन्होंने जनता पार्टी (सेक्युलर) के प्रत्याशी राज नारायण के खिलाफ 24,735 मतों से जीत दर्ज की।

### मुख्तार अंसारी ने भी लड़ा था चुनाव

28 मार्च को बांदा में मुख्तार अंसारी की मौत के बाद उनके सियासत की भी चर्चा इन दिनों पूरे उत्तर प्रदेश में है . पांच बार विधायक रहे मुख्तार अंसारी ने भी 2009 लोकसभा चुनाव में बसपा के टिकट पर वाराणसी से चुनाव लड़ा था। 2009 चुनावी परिणाम में मुरली मनोहर जोशी ने 17211 वोट से मुख्तार अंसारी को हराकर जीत हासिल की थी। ऐसे में कहा जाता है की इस सीट पर जीत हासिल करने के लिए बीजेपी को काफी जोर लगाना पड़ा था।

### ये भी हैं मैदान में

2024 में वाराणसी लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन की ओर से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एक बार फिर नरेंद्र मोदी के सामने चुनावी मैदान में है तो वहीं बसपा की और से सैयद नियाज अली अपना जोर अजमा रहे हैं। यहां मतदान सातवें चरण में होगा।




अजय राय



सैयद नियाज अली

### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा







| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| नरेंद्र मोदी | 6,74,664 |
| शालिनी यादव | 1,95,159 |
| अजय राय | 1,52,548 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | नरेंद्र मोदी | 5,81,022 |
| एएपी | अरविंद केजरीवाल | 209,238 |
| कांग्रेस | अजय राय | 75,614 |
| बसपा | विजय प्रकाश जयसवाल | 60,579 |
| सपा | कैलाश चौरसिया | 45,291 |






### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | रघुनाथ सिंह/त्रिभुवन नारायण | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957व 62 | रघुनाथ सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | सत्य नारायण सिंह | भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी |
| 1971 | राजाराम शास्त्री | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | चन्द्रशेखर | जनता पार्टी |
| 1980 | कमलापति त्रिपाठी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | श्यामलाल यादव | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | अनिल शास्त्री | जनता दल |
| 1991 | श्रीश चंद्र दीक्षित | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996,98 व 99 | शंकर प्रसाद जयसवाल | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | राजेश कुमार मिश्र | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |


2014 नोटा **2,051** | 2019 नोटा **4,037**

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | मुरली मनोहर जोशी | 203,122 |
| बसपा | मुख्तार अंसारी | 185,911 |
| सपा | अजय राय | 123,874 |
| कांग्रेस | राजेश कुमार मिश्र | 66,386 |

**2024**

- कुल मतदाता - 19,62,948
- पुरुष - 10,65,485
- महिला - 8,97,328
- अन्य - 174




### अपनी ढपली अपना राग



पहले की सरकार आतंकवादियों को बिरयानी खिलाती थीं। अब देश में कोई भी पटाखा फूटता है तो पाकिस्तान भी सामने आकर सफाई देता है कि मेरा हाथ नहीं। - योगी आदित्यनाथ



राम के अस्तित्व पर सवाल उठाने वाले अब वोट मांगने के लिए राम मंदिर का दौरा कर रहे हैं, जो भगवान को धोखा देने के अलावा व कुछ नहीं है। -स्मृति ईरानी



जो-जो काम समाजवादी पार्टी ने शुरू किए थे, उन सभी कामों को भाजपा ने बंद करा दिया। आज युवा रोजगार के लिए भटक रहा है। -अखिलेश यादव



सरकार ने चौ. चरण सिंह को भारत रत्न देकर जो सम्मान दिया है, उसके बाद अब किसानों की बारी है। ऐसा वोट डालिए कि लखनऊ व दिल्ली में सबको पता चल जाए। -चारू चौधरी

# चार बार के चैंपियन के सामने प्रशिक्षु राजनीतिक खिलाड़ी का दांव

## चुनावी अखाड़े में दोनों खिलाड़ियों पर मतदाताओं की नजर

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** गोंडा जिले के राजनीतिक पितामह कहे जाने वाले कुंवर आनंद सिंह का बेटा भी अब धोबी पछाड़ में चैंपियन बन चुका है। राजनीतिक दांवपेंच की बारीकी परख रखने वाले पिता की बराबरी कर चुके भाजपा के दिग्गज खिलाड़ी कीर्तिवर्धन सिंह चार बार के चैंपियन रह चुके हैं और पांचवीं बार मैदान मारने को लेकर चुनावी दंगल के हर दांव की परख रखते हैं। उनके सामने विरासत की राजनीति की निकली कोपल को दिग्गज खिलाड़ी का सामना करना पड़ा रहा है। इस प्रशिक्षु खिलाड़ी के पास कितने कारगर दांव हैं और अभी कितना सीखना है यह लड़ने वाले दिन पता चलेगा। लेकिन पीछे से शाबाशी देने वाले उनका मनोबल बढ़ा रहे हैं।

जी हां हम बात कर रहे हैं 59-लोकसभा क्षेत्र गोंडा की। देश की 73 साल की राजनीति में गोंडा सीट पर 40 साल तक सिर्फ एक ही परिवार का बर्चस्व रहा है। मनकापुर कोट की खोक से जन्मी राजनीति को सीखने, जीने व उसी में सम्मिलित होने की कला राज परिवार में है। 1971 में जब कुंवर आनंद सिंह के राजमहल पर आकर इंदिरा गांधी ने चुनाव लड़ने के लिए आनंद सिंह की पीठ थपथपाई थी। तो आनंद सिंह ने भी इंदिरा गांधी की बात का मान रखा और गोंडा लोकसभा सीट जीत कर उनकी झोली में डाल दिया।

राष्ट्रीय आपात के कारण यह सीट 1977 में उनके हाथ से खिसक गई, लेकिन जिस राजनीति का जन्म किसी राजघराने से होता था उसी दांव को चलकर आनंद सिंह ने 1980 में दोबारा वह सीट जीत ली। इतना ही नहीं वह लगातार तीन कार्यकाल तक सांसद रहे और उनकी दखल राष्ट्रीय राजनीति में होने लगी। इसका असर यह रहा कि विधानसभा चुनावों में जिन पर उनका बरदहस्त होता था वह सीट जीत जाता था। 1989 में उन्हें राजनीतिक पितामह की संज्ञा दी जाने लगी। उसी राजनीति की कोख से उनके पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह का उदय हुआ। अपने पिता की राह पर चलते हुए कीर्तिवर्धन सिंह ने दो बार सपा तो दो बार भाजपा से चुनावी जंग जीत चुके हैं। सपा में रहकर भाजपा को हराया और भाजपा में रहकर सपा को मात दी। ऐसे में शह मात दोनों के पैंतरे उनके पास हैं और इन्हीं पैंतरों तथा पिता से सीखी पैंतरे को साथ लेकर वह पांचवीं बार चुनावी अखाड़े में हैं। उनके सामने राजनीति के पितामह बेनी प्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा जिसने राजनीति में अभी अभी कदम रखा है और बिना प्रशिक्षण लिए ही चार बार के पहलवान के सामने लड़ने को भेज दिया गया है। राजनीतिक घराने से होने के नाते थोड़ी बहुत राजनीति की जानकार को स्वयं अखाड़े में मुकाबला करना है। घर वाले व चाहने वाले अखाड़े के बाहर रखकर शाबाश कहकर उत्साह तो अवश्य बढ़ा सकते हैं लेकिन लड़ाई तो खिलाड़ी को ही लड़नी होगी। इसके पहले श्रेया वर्मा न तो विधायक रहीं और न सांसद। पहली बार चुनाव लड़ रही हैं वह भी देश के सबसे बड़े सीट के लिए।



### सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा ने रामजस कालेज से किया है ग्रेजुएट

सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा समाजवादी पार्टी के खांटी नेता बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री हैं। उन्होंने शुरुआती पढ़ाई वेल्हम गर्ल्स स्कूल देहरादून से की है। इसके बाद अपने बाबा बेनी प्रसाद वर्मा जब कांग्रेस सरकार में केंद्रीय मंत्री थे उनके साथ रहकर दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कालेज से अर्थशास्त्र से बीए आनर्स किया। युवा महिला नेता होने के साथ वह अपने पिता राकेश वर्मा के 2022 के चुनाव में कमान संभाल चुकी हैं।

### कीर्तिवर्धन सिंह ने लखनऊ विश्वविद्यालय से की है एमएससी

कीर्तिवर्धन सिंह भी उच्च कोटि की शिक्षा ग्रहण की है। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से बीएससी व एमएससी की परीक्षा पास की है। वह चार बार सांसद रह चुके हैं। 1998 व 2004 में सपा से सांसद रह चुके हैं। 2014 व 2019 में भाजपा से भी वह दो बार सांसद रह चुके हैं। वह 2014 में अनुमान समिति, बाद में विज्ञान और प्रोद्योगिकी, पर्यावरण एवं वन संबंधी स्थाई समिति के सदस्य रहे हैं। रक्षा मंत्रालय सलाहकार समिति का सदस्य भी उन्हें बनाया गया था।

### सपा और भाजपा के उम्मीदवारों ने खरीदा नामांकन पत्र

पांचवें चरण में होने वाले गोंडा लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले ही दिन भाजपा उम्मीदवार ने दो तथा सपा उम्मीदवार ने चार सेटों में परचे भी खरीद लिए हैं। नामांकन व जांच के बाद दोनों अधिकृति प्रत्याशी घोषित होते ही टकराव के लिए मैदान में दिखेंगे।

# चुनावी चक्कर

- **सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो :**

वाराणसी में लोकतंत्र को मजबूत बनाने और मतदाताओं को जागरूक करने, स्वच्छता को संस्कार में शामिल करने के लिए नमामि गंगे काशी क्षेत्र के वेदपाठी बटुकों ने लोगों को जागरूक किया। वे हाथों में तख्तियां लेकर सड़कों पर उतरे। सदस्यों ने शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। 'सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो'। 'हम सबने यह ठाना है, शत-प्रतिशत मतदान कराना है'। 'सब मिलकर मतदान करेंगे स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण करेंगे'। 'लोकतंत्र का यह आधार , वोट कोई न हो बेकार' आदि स्लोगन और नारों के साथ लोगों को जागरूक किया। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक ने कहा कि हमारे पास मतदान के रूप में सुअवसर है। भारत में समृद्धिशाली, आत्मनिर्भर व राष्ट्र को समर्पित सरकार बनाने का, आइए हम एक ऐसी सरकार का चयन करें जो राष्ट्रीय सुरक्षा को बल देने वाली हो। जो बिजली-सड़क-पानी की अच्छी व्यवस्था देने वाली हो। जिस पर माताओं बहनों को विश्वास हो सके। जो किसानों की चिंता कर सके , गरीबों की सुध ले सके। कहा कि हमें ऐसी सरकार चुननी है जो हमारी राष्ट्रीय, सांस्कृतिक ऐतिहासिक एवं धार्मिक विरासत का सम्मान करने व उसे आगे बढ़ाने वाली हो एवं जिसका नेतृत्व सक्षम, कर्मठ एवं इमानदार हो। मतदान करना सबका राष्ट्रीय कर्तव्य है। सभी को लोकतंत्र के इस पर्व का भागीदार बनना चाहिए। कितना भी जरूरी समय क्यों न हो . मतदान के लिए समय जरूर निकालें। इस दौरान काशी क्षेत्र के संयोजक, महर्षि योगी विद्यालय के वेदपाठी बटुक व क्षेत्रीय नागरिक शामिल रहे।





# 'झारखंड झुकेगा नहीं' कमल भी खिलने से रुकेगा नहीं

**कब कहां मतदान**

13 मई– सिंहभूम, पलामू, लोहरदगा, खूंटी।
20 मई – हजारीबाग, कोडरमा, चतरा।
25 मई – रांची, जमशेदपुर, धनबाद, गिरीडीह।
01 जून– राजमहल, दुमका और गोड्डा।

**सोरेन के भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भाजपा 14 में 12 सीटें जीतने का पिछला इतिहास दोहरा सकती, लेकिन झामुमो लोगों के दिल में उतरा तो कई सीटें गंवा सकती**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार:** झारखंड में प्राकृतिक संसाधन और खनिज संपदा प्रचुर मात्रा में है, फिर भी इसे बेरोजगारी, गरीबी और बुनियादी ढांचे के विकास की कमी जैसे सवालों से जूझना पड़ता है। राज्य में सबसे बड़ी आबादी आदिवासियों की है, इस कारण यहां की कुल 14 लोकसभा सीटों में पांच एसटी वर्ग और एक सीट एससी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है। वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव यहां चार चरणों में हुआ था। इस बार भी राज्य में जमीनी जटिलताएं देखते हुए चार चरणों में 13 मई से पहली जून तक वोट डाले जाएंगे। पिछले एक दशक में भाजपा की लोकसभा चुनाव की सफलता छोड़ दें, तो यहां कोई भी राजनीतिक दल राजनीति में अपना दबदबा कायम नहीं कर पाया है। 2019 के चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने 12 सीटें जीती थीं।

लेकिन 2019 में ही विधानसभा चुनाव कांग्रेस, आरजेडी और झामुमो गठबंधन जीत गया था। इस तथ्य के साथ ही हाल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने की घटना ने 2024 के लोकसभा चुनाव को और जटिल तथा अप्रत्याशित बना दिया है। राज्य में मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडिया गठबंधन में है। इक्का-दुक्का सीटों पर भाकपा, माकपा और एआईएमआईएम के उम्मीदवार तीसरा कोण बनाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं।

**2019 का दलीय जनादेश**

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | 11 | 76,23,987 |
| कांग्रेस | 01 | 23,38,466 |
| झामुमो | 01 | 17,22,635 |
| आजसू | 01 | 6,48,277 |

**2014 में किसे कितने वोट**

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | 12 | 52,07,439 |
| जेएमएम | 02 | 12,05,031 |
| कांग्रेस | 00 | 17,24,740 |
| आजसू | 00 | 4,81,667 |

**वोट शेयर – 2019**

| | |
|---|---|
| भाजपा | 51% |
| कांग्रेस | 15.6% |
| झामुमो | 11.5% |
| आजसू | 4.3% |

**वोट शेयर – 2014**

| | |
|---|---|
| भाजपा | 40.1% |
| कांग्रेस | 13.5% |
| झामुमो | 9.3% |
| आजसू | 3.7% |

**12** सीटें पिछली बार राज्य में एनडीए ने जीती थीं



## कल्पना सोरेन चुनाव जीतकर संभालेंगी राज्य की कमान?

- झारखंड में होने वाले गांडेय विधान सभा सीट के उप चुनाव में झामुमो ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को उतारने का फैसला लिया है। भाजपा ने गांडेय सीट के उपचुनाव में प्रदेश मंत्री दिलीप कुमार वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। वर्ष 2019 में गांडेय विधानसभा के चुनाव में झामुमो के डॉ. सरफराज अहमद ने जीते थे। लेकिन बदली राजनीतिक परिस्थितियों में उन्होंने चार माह पहले विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था।

## भाजपा ने इस बार खेला है ओबीसी कार्ड

- इस बार भाजपा ने राज्य में ओबीसी वोटर को अपनी ओर करने की पूरी कोशिश की है। माना जा रहा है कि भाजपा के रणनीतिकारों ने अगड़े वोटों पर अपनी स्वभाविक हिस्सेदारी मान कर पिछड़ों को लुभाने के प्रयास किया है। यही वजह है कि सामान्य सीटों पर भी ओबीसी प्रत्याशी को प्राथमिकता दी है।

## धनबाद में भी नए प्रत्याशियों में संघर्ष

- धनबाद लोकसभा सीट पर भी दोनों नए चेहरे टकराएंगे। यहां कांग्रेस की अनुपमा सिंह और भाजपा के ढुल्लू महतो के बीच संघर्ष है। इस सीट पर भाजपा ने अपने सांसद पीएन सिंह का टिकट काटकर बाघमारा से विधायक ढुल्लू महतो को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने पूर्व मंत्री और मजदूर नेता राजेन्द्र सिंह की बहू और विधायक अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को उतारा है।



## अर्जुन मुंडा के सामने फिर कालीचरण

खूंटी लोकसभा सीट पर रोचक चुनावी जंग हो रही है। यहां भाजपा ने केंद्रीय मंत्री और राज्य के तीन बार मुख्यमंत्री रहे अर्जुन मुंडा को मैदान में उतारा है। उन्होंने 2019 में यह सीट 1,445 मतों के मामूली अंतर से जीती थी। उनको एक बार फिर भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा के भाई कालीचरण मुंडा कांग्रेस से टक्कर देंगे।

## हजारीबाग और चतरा सीट पर नए चेहरों के बीच मुकाबला


- हजारीबाग सीट जिसका प्रतिनिधित्व कभी पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा और बाद में उनके बेटे पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा ने किया। इस बार भाजपा ने सांसद जयंत सिन्हा की जगह स्थानीय विधायक मनीष जायसवाल को मैदान में उतारा है। जयंत सिन्हा ने 2019 में कांग्रेस के गोपाल साहू को 4.79 लाख वोटों के अंतर से हराकर ये सीट जीती थी। यहां कांग्रेस ने जय प्रकाश भाई पटेल को टिकट दिया है। इसी तरह चतरा सीट से भाजपा ने सांसद सुनील सिंह का टिकट काट कर कालीचरण सिंह को उतारा है। कांग्रेस ने पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को इंडिया गठबंधन से उम्मीदवार बनाया है। वह पहली बार यहां से चुनाव लड़ रहे हैं।

## दुमका से आठ बार के सांसद शिबू सोरेन इस बार मैदान में नहीं

- लोकसभा चुनाव से दो माह पहले झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय ने भूमि घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग की जांच में पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। इसके बाद झामुमो नेता चंपई सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री बने। लोकसभा चुनाव का मोर्चा पार्टी के साथ हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने संभाल रखा है। उनकी ही अगुवाई में 21 अप्रैल को रांची में इंडिया गठबंधन दलों की रैली हुई थी। हालांकि उनकी भाभी सीता सोरेन झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल होकर दुमका सीट से चुनाव लड़ रही है। दुमका शिबू सोरेन की पारंपरिक सीट रही है। वे आठ बार यहां से सांसद रहे हैं। इस बार चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। सीता सोरेन का मुकाबला करने के लिए झामुमो ने अपने वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री नलिन सोरेन को दुमका में उतारा है।
- झामुमो ने 'झारखंड झुकेगा नहीं' का नारा देकर हेमंत सोरेन सरकार की उपलब्धियों के साथ हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के मुद्दे पर चुनावी अभियान छेड़ दिया है। झामुमो नेता सभाओं में हेमंत सोरेन की गिरफ़्तारी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी नेताओं पर साजिश का आरोप लगा रहे हैं। इसके जवाब में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी कह रहे हैं कि हेमंत सोरेन और उनके परिवार ने आदिवासियों की जमीनें हड़पी हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब कल्याण की योजनाएं लेकर आए हैं। इसके साथ ही वह मोदी सरकार की उलब्धियां गिनाते हैं।
- फिलहाल राज्य में चुनावी अभियान अभी 13 मई को मतदान वाली सीटें छोड़कर बाकी जगह बहुत गति नहीं पकड़ पाया है। लेकिन इतना स्पष्ट है कि पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए हेमंत सोरेन बड़ा मुद्दा बन चुके हैं। ऐसे में भाजपा अगर हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार के मुद्दे को जनता को समझा पाने में सफल हो भी जाती है तो उसकी चुनावी संभावनाओं पर कोई बड़ा फर्क नहीं आने वाला है। पार्टी 14 में 12 सीटें जीतने का पुराना इतिहास दोहरा सकती है। लेकिन झामुमो लोगों के दिल में उतरा तो भाजपा कई सीटें गंवा भी सकती है।

## चंपई सोरेन की हार का बदला ले पाएंगे मोहंती

- जमशेदपुर में भाजपा ने विद्युत वरन महतो को मैदान में उतारा है। उन्होंने 2019 में चंपई सोरेन को तीन लाख से ज्यादा मतों के अंतर से हराया था। इस बार झामुमो ने यहां से बहरागोड़ा से विधायक समीर मोहंती को मुकाबले में उतारा है। भाजपा ने लोहरदगा सीट से सांसद सुदर्शन भगत की जगह राज्यसभा सदस्य समीर ओरांव को उम्मीदवार बनाया है। राज्यसभा के लिए उनका कार्यकाल तीन मई को खत्म हो रहा है। कांग्रेस ने सुखदेव भगत को मैदान में उतारा है।





## रांची में सुबोध कांत सहाय की पुत्री यशश्विनी सहाय कांग्रेस से देंगी टक्कर

- रांची सीट पर भाजपा ने एक बार फिर सांसद संजय सेठ पर भरोसा जताया है, जिन्होंने पिछले चुनाव में कांग्रेस के सुबोध कांत सहाय को 2,82,780 मतों से हराया था। कांग्रेस ने इस बार रांची में सुबोध कांत सहाय की पुत्री यशश्विनी सहाय को मैदान में उतारा है।

## भाजपा 13, कांग्रेस सात और झामुमो लड़ रहा है पांच सीटों पर चुनाव

झारखंड में भाजपा 13 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू) के साथ हुई सीट शेयरिंग के अनुसार 14 में 13 सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ेगी, जबकि आजसू एक ही सीट पर प्रत्याशी उतारेगी। उधर, झामुमो –कांग्रेस–आरजेडी और माले गठबंधन के बीच हुए सीट बंटवारे के मुताबिक 14 सीटों में से सात पर कांग्रेस, पांच पर झामुमो और एक–एक सीट पर माले तथा आरजेडी के उम्मीदवार उतरेंगे।

# एमपी में गर्मी से हुई कम वोटिंग निकालेगी किसकी गर्मी !

**वोटर की उदासीनता**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में भी पहले चरण की तरह मतदाताओं ने कम उत्साह दिखाया। पहले चरण में 7.48 प्रतिशत कम वोटिंग हुई थी। दूसरे चरण की छह सीटों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, होशंगाबाद में 58.35% वोट पड़े जो 2019 की तुलना में 9.33% कम रहे। इस नौ प्रतिशत से कम वोटिंग में 11 प्रतिशत महिलाएं वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों तक नहीं पहुंचीं।

महिलाओं के बूथ पर कम संख्या में पहुंचने का यह आंकड़ा भाजपा के लिए परेशान करने वाला है। विधानसभा चुनावों में महिलाओं के बढ़-चढ़कर मतदान करने से भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की थी। ऐसे में जिन सीटों पर महिलाओं ने कम मतदान किया है, वहां भाजपा जीत का अंतर घटने का अनुमान लगा रही है, जबकि कांग्रेस अपनी जीत की संभावनाएं तलाश रही है।



अगले चरण में शिवराज, ज्योतिरादित्य व दिग्विजय की किस्मत का फैसला।

**40** डिग्री से ऊपर पारा को निर्वाचन आयोग मान रहा लोगों के घर से बाहर नहीं आने की बड़ी वजह

**9%** कम मतदान में 11 प्रतिशत महिलाओं के वोट डालने के लिए नहीं पहुंचने के कारण भाजपा की बढ़ी परेशानी

एमपी में कम वोटिंग का कारण जहां राजनीतिक दल मतदाताओं की उदासीनता बता रहे हैं, वहीं निर्वाचन आयोग गर्मी के कारण मतदान कम होने की बात कह रहा है। विशेषज्ञ मतदान कम होने पर चिंता जाहिर कर रहे हैं। उनका कहना कि राजनीतिक दलों की चुनावी मशीनरी वोटरों को घर से निकाल नहीं सकी जिससे मतदाता की उदासीनता नहीं टूटी।

निर्वाचन आयोग की मतदान गर्मी होने की बात बेवजह भी नहीं है। 26 अप्रैल को वोटिंग के दौरान सबसे ज्यादा तापमान रीवा में 42.2 डिग्री था। यहां सबसे कम वोटिंग हुई। रीवा में 48.67 फीसदी मत पड़े। हालांकि सतना में भी पारा 42.2 डिग्री था। लेकिन यहां 61.87 फीसदी लोगों ने मतदान किया। इसका कारण यहां कांटे का त्रिकोणीय संघर्ष माना गया। खजुराहो में 42 डिग्री तापमान के बीच 56.44% वोट पड़े। यहां इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी का पर्चा रद होने से विपक्ष के मतदाताओं की उदासीनता कम मतदान की वजह हो सकती है। दमोह में 41.2 डिग्री गर्मी में 56.18 मतदाता बूथ पर पहुंचे। टीकमगढ़ में 39 डिग्री पारा रहा। यहां 59.79 वोटिंग हुई, जबकि होशंगाबाद में 40.1 तापमान के बीच 67.16 मतदान हुआ।

दूसरे चरण के चुनाव में एमपी में सर्वाधिक 67.16 प्रतिशत मतदान होशंगाबाद और सबसे कम 49.44 प्रतिशत रीवा सीट पर हुआ।

## खजुराहो और रीवा में सबसे कम मतदान

- पिछले चुनाव से इस बार खजुराहो में सबसे ज्यादा मतदान में गिरावट आई। 2019 के मुकाबले इस बार 11.87 फीसदी कम वोटिंग हुई। रीवा में 11.74 प्रतिशत वोट कम डाले गए। इसके बाद दमोह में पिछली बार की अपेक्षा करीब 10 फीसदी कम मतदान हुआ।

## कांग्रेस ने उत्साह नहीं दिखाया, भाजपा ने विपक्ष की शून्यता का लाभ उठाया

मध्य प्रदेश में पहले चरण में कांग्रेस ने कोई उत्साह नहीं दिखाया, दूसरे चरण में भाजपा ने भी रुचि कम दिखाई। इससे मतदान में जोश नहीं आया। कांग्रेस का कोई बड़ा नेता ऐसा नहीं आया जो मोदी सरकार और प्रदेश सरकार से सवाल जवाब कर सके। जब ऐसा नहीं हुआ तो भाजपा ने विपक्ष की शून्यता जैसी स्थिति में चुनाव लड़ा।

## तीसरे चरण में ज्योतिरादित्य दिग्विजय के साथ शिवराज सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर

अब भाजपा सामने चुनौती है तीसरा चरण, जिसमें ग्वालियर चंबल के साथ मध्य की नौ सीटों पर मतदान होना है। गुना, मुरैना, भिंड और ग्वालियर सीटों के विदिशा, भोपाल, राजगढ़ और सागर लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में मतदान होना है। ये सभी प्रमुख सीटें हैं और कई हाईप्रोफाइल हैं। गुना सीट से ज्योतिरादित्य सिंधिया चुनाव मैदान में है तो राजगढ़ से कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह हैं। भिंड, मुरैना, ग्वालियर में मुकाबले दिलचस्प तो विदिशा में चार बार के मुख्यमंत्री रहे पूर्व सीएम शिवराज सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर है।



**हम भी मैदान में** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव में प्रचार की कमान उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने संभालकर किया रोड शो।

## चुनाव लोकसभा का, बिसात विधान सभा की बिछी

**चंडीगढ़।** कहा जाता है कि राजनीति में आज का दुश्मन कल दोस्त और आज का दोस्त कल दुश्मन हो सकता है। हरियाणा में डबल इंजन की सरकार है। बीजेपी और जजपा मिलकर हरियाणा की सरकार चला रही हैं। लेकिन अब जजपा के बोल बदल गए हैं। जजपा राज्य की सभी 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है और राज्य में अपना अस्तित्व बचाने में जुटी है। यही वजह है कि उसके नेता बीजेपी को लेकर काफी हमलावर है। बीजेपी के खिलाफ मौन रहने वाले जजपा के नेता अब उसे जमकर कोस रहे हैं और विरोध भी कर रहे हैं। जजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने पांच उम्मीदवारों की सूची पहले ही जारी कर दी है और बाकी पांच उम्मीदवारों की सूची भी जल्द ही जारी करेगी। ऐसे में जजपा अब खुद को बीजेपी से पूरी तरह अलग कर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। जजपा का असली लक्ष्य इस साल अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव पर है। जजपा अभी से ही उसके लिए माहौल बना रही है।



**हम नहीं कम** सीपीएम की नेता वृंदा करात ने कोलकता में रोड शो करके माकपा प्रत्याशी के लिए मांगे वोट। इस दौरान उन्होंने लाल झंडे के लिए मतदान का आह्वान किया।

# भाजपा– कांग्रेस की लड़ाई को बसपा बना रही त्रिकोणीय

**जांजगीर- चांपा संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित छत्तीसगढ़ की जांचगीर- चांपा लोकसभा सीट पर भाजपा लगातार पांचवीं बार जीत दर्ज करने को बेकरार नजर आ रही है, जबकि इस संसदीय क्षेत्र की सभी आठ विधानसभा सीटों को जीतने वाली कांग्रेस हर हाल में इस सीट पर कब्जा करने को आतुर दिख रही है। प्रदेश की सत्ता में पूर्ण बहुमत से काबिज हुई भाजपा को इस क्षेत्र के मतदाताओं ने नकार दिया था इस वजह से भी कांग्रेस को लगता है कि मतदाता लोकसभा चुनाव में भी उसके साथ होंगे। हालांकि कांग्रेस नेताओं को बसपा से ज्यादा उम्मीदें हैं। उन्हें लगता है कि बसपा मुकाबले को त्रिकोणीय बनाएगी इससे कांग्रेस को यह सीट आसानी से मिल जाएगी। बसपा ने इस इस पर जीत तो कभी दर्ज नहीं की लेकिन पार्टी एक लाख से ज्यादा वोट हर चुनाव में पाती है।

भाजपा ने इस सीट पर पहली बार 1989 में जीत दर्ज की थी, जबकि 1991 के चुनाव में पार्टी हार गई थी। 1996 के चुनाव में भाजपा को फिर जीत मिली लेकिन 1998 और 1999 के चुनाव में भाजपा को यहां के मतदाताओं ने नकार दिया। 2004 के चुनाव में भाजपा को यहां के मतदाताओं ने अपनाया। 2009, 2014 और 2019 में भी भाजपा का कब्जा इस सीट पर हुआ लेकिन विधानसभा चुनाव में यहां के मतदाओं ने भाजपा को आठ विधानसभा सीटों पर हराकर जोर का झटका दिया है। इससे पार्टी के रणनीतिकार परेशान हैं और उन्हें इस बात का डर सता रहा है कि कहीं विधानसभा चुनाव की तरह ही मतदाता इस बार भी कांग्रेस के साथ न चले जाएं। इस बार भाजपा ने कमलेश जांगड़े को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया पर दांव लगाया है। बसपा के महावत के रूप में डॉ. रोहित डहरिया मैदान में हैं।




## 42 फीसद से अधिक हैं पिछड़ी जाति के मतदाता

- इस क्षेत्र में 20 लाख 52 हजार मतदाता हैं। इनमें पिछड़ी जाति के मतदाताओं की संख्या 42 प्रतिशत से अधिक है। जबकि सामान्य वर्ग के मतदाता लगभग सात फीसद हैं। अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या 25 प्रतिशत है। अनुसूचित जनजाति के मतदाताओं की संख्या 11.6 प्रतिशत तो मुस्लिम एक प्रतिशत, ईसाई मतदाता 0.18 प्रतिशत और जैन धर्म के मतदाताओं की संख्या 0.06 प्रतिशत हैं।

## बेरोजगारी और महंगाई को मुद्दा बना रही कांग्रेस

- कांग्रेस ने इस सीट पर बेरोजगारी, महंगाई को बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश की है। पार्टी नेता और कार्यकर्ता लोगों को यह बताने में जुटे हैं कि उन्हें मुफ्त में अनाज देकर न सिर्फ बेरोजगार बनाया जा रहा है बल्कि रोजगार के अवसर भी खत्म किए जा रहे हैं। गैस सिलेंडर की कीमतों के साथ ही अनाज की बढ़ी कीमतों को भी कांग्रेस भुना रही है। जबकि भाजपा लगातार मोदी की गारंटी के बारे में बताकर किसानों, युवाओं और महिलाओं से वोट मांग रही है।

## एक नजर

### संभाला बिरनपुर हत्याकांड की जांच सरकार ने सीबीआई को सौंपा

**रायपुर।** सीबीआई ने छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में पिछले वर्ष हुई 22 वर्षीय युवक भुवनेश्वर साहू की हत्या मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है। घटना के बाद पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं। नई सरकार के गठन के बाद केंद्रीय एजेंसी से जांच करने का अनुरोध किया था। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना पर सीबीआई ने बेमेतरा जिले में युवक की हत्या के संबंध में 12 आरोपियों के खिलाफ शुक्रवार को फिर से मामला दर्ज किया है। साथ ही सीबीआई ने बेमेतरा जिले के साजा पुलिस थाने में 12 लोगों के खिलाफ दर्ज मामले की जांच हाथ में ले ली है। मामले के अनुसार गांव बीरनपुर के सातवीं-आठवीं कक्षा के बच्चे स्कूल से लौट रहे थे तब एक समुदाय के लड़कों ने उनकी पिटाई कर दी, जिस पर गांव में बैठक हुई। जब भुनेश्वर साहू दोस्तों के साथ दोपहर में उस समुदाय के मोहल्ले में गया जहां छत से पथराव किया, जिससे पीड़ित को सिर में चोटें आई। इसके बाद 12 आरोपियों और अन्य ने कथित तौर पर तेज चाकू और घातक हथियारों से उसकी हत्या कर दी।

### छत्तीसगढ़ में ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में चार लोगों की गई जान

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिले के मुलमुला थाना क्षेत्र में शनिवार को ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार हादसे में पिता-पुत्र और मां-बेटी की जान गई है। पूरा मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के अरसमेटा मोड़ का है। मुलमुला थाना के अनुसार घायल महिला को बिलासपुर के सिम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां महिला ने दम तोड़ दिया। वहीं हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने और पीड़ितों के परिजन और ग्रामीण ने मौके पर पहुंचकर चक्का जाम कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान रामकुमार कश्यप (47), पत्नी शतरूपा बाई (42), बेटा चंद्र प्रकाश कश्यप (19) और तीन साल की छोटी बेटी के रूप में हुई है। सभी पीड़ित कोनारगढ गांव से जन्मदिन मानने के लिए परसदा गांव जा रहे थे। टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक फरार हो गया।

### नक्सलियों ने की कांग्रेस नेता की हत्या

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों ने कांग्रेस नेता एवं पूर्व जनपद पंचायत सदस्य की हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पोटाली गांव में संदिग्ध नक्सलियों ने जोगा पोड़ियाम की हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार पोड़ियाम अपने घर पर थे तब शुक्रवार देर रात कुछ हथियारबंद लोग वहां पहुंचे और उन्होंने धारदार हथियार से पोड़ियाम की हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलने पर घटनास्थल के लिए पुलिस दल रवाना हुआ। क्षेत्र में तलाश अभियान तेज कर दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार नक्सलियों ने 2018 में पोडियाम को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी और उनसे क्षेत्र में विकास कार्यों का समर्थन नहीं करने को कहा था। उन्होंने बताया कि लगभग 10 वर्ष पहले नक्सलियों ने पोडियाम के बेटे को जिंदा जला दिया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शराब बरामदगी के मामले में दो भाई को सजा

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के व्यवहार न्यायालय के उत्पाद न्यायाधीश ने शनिवार को शराब बरामदगी के मामले में दो सगे भाई को सजा सुनायी। विशेष न्यायाधीश उत्पाद द्वितीय अतुलबीर सिंह ने मामले में सुनवाई की। अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद सोनपुर थाना क्षेत्र के सबलपुर पछियारी टोला निवासी कृष्णा राय के दो पुत्र मुकेश राय और प्रमोद कुमार को पांच-पांच वर्ष सश्रम कैद एवे एक एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि अदा नहीं भरने पर दोषियों को एक-एक वर्ष की कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। सोनपुर थानाध्यक्ष अकील अहमद ने 14 अक्टूबर 2021 को सूचना के आधार पर आरोपितों के घर पर छापामारी की थी। पुलिस को देख तीनो भाई घर से फरार हो गये। पुलिस ने घर की तलाशी ली तो एक कमरा तथा खेत मे छिपा कर रखा गया 950 लीटर विदेशी शराब की पैक बोतल को बरामद किया गया।

# गठबंधन चाहता है 5 साल में 5 पीएम: मोदी

## कांग्रेस कर्नाटक मॉडल देश में लागू कर मुसलमानों को ओबीसी के 27% कोटे में शामिल करना चाहती है

कोल्हापुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडी' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि वह सत्ता में आने की स्थिति में पांच साल में पांच प्रधानमंत्री बनाने पर विचार कर रहा है। मोदी ने पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर में चुनावी रैली में कहा कि विपक्षी गठबंधन तीन अंकों के आंकड़े या सरकार बनाने के दरवाजे तक भी नहीं पहुंच सकता, लेकिन अगर उसे मौका मिला तो उसकी योजना हर साल एक प्रधानमंत्री बनाने की है।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस ने बारी-बारी से मुख्यमंत्री का पद 2.5 साल के बाद उपमुख्यमंत्री को सौंपने की योजना बनाई है। उसके पास छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी यह व्यवस्था थी। कांग्रेस कर्नाटक मॉडल को देश में लागू करना चाहती है, जिसमें मुसलमानों को ओबीसी के 27 प्रतिशत कोटे में शामिल किया गया है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन ने सामाजिक न्याय की हत्या करने की कसम खा रखी है। कांग्रेस तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति के लिए इतना नीचे गिर गई है। कांग्रेस संविधान को बदलना चाहती है और धर्म आधारित आरक्षण के लिए दलितों, ओबीसी से आरक्षण का लाभ छीनना चाहती है।मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने न केवल अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का विरोध किया, बल्कि इसकी प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को भी अस्वीकार कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 2-0 से आगे चल रहा है। कोल्हापुर को फुटबॉल हब के रूप में जाना जाता है। दूसरे चरण का मतदान होने के साथ, मैं कहूंगा कि राजग 2-0 से आगे है, जबकि नफरत की राजनीति में लगे लोगों ने दो सेल्फ-गोल किए हैं।



● पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर में चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री ने गठबंधन पर जमकर किया हमला

### कांग्रेस विरासत कर लगाकर लोगों से उनकी विरासत छीनना चाहती है

संपत्ति बंटवारे को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे आपकी संपत्ति तलाश कर उन लोगों को बांटना चाहते हैं, जिनका पार्टी ने देश के संसाधनों पर पहला हक बताया था। कांग्रेस विरासत कर लगाना चाहती है और लोगों से उनकी विरासत छीनना चाहती है। ऐसे लोगों को सत्ता में आने का थोड़ा सा भी मौका नहीं मिलना चाहिए।

### आतंकवाद, नक्सलवाद को खत्म करने के लिए मोदी को तीसरी बार बनाएं प्रधानमंत्री: शाह



**पोरबंदर (गुजरात)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को लोगों से आग्रह किया कि वे देश को आतंकवाद, नक्सलवाद एवं गरीबी से छुटकारा दिलाने और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं। शाह ने अनुच्छेद 370 को हटाए जाने और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का हवाला देते हुए कहा कि पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी ने वोट बैंक की परवाह किए बिना कई कड़े फैसले किए। उन्होंने गुजरात की पोरबंदर सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मनसुख मांडविया के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि दो चरण के मतदान के बाद अब यह साफ हो गया है कि देश की जनता ने मोदी को एक बार फिर सत्ता में लाने का फैसला कर लिया है। गुजरात में 26 लोकसभा सीट हैं, जिनमें से सूरत से भाजपा उम्मीदवार को निर्विरोध चुना जा चुका है। शाह ने कह कि मैं आपसे अपील करता हूं कि शेष 25 सीट पर कमल को वोट दें और मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं। उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है- आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्ति, गरीबी से मुक्ति और युवाओं को एक मंच मुहैया कराने की व्यवस्था करना ताकि वे दुनिया के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सकें और एक महान भारत का निर्माण कर सकें।

# संदेशखालि में हथियार बरामदगी का कोई सबूत नहीं : ममता

कुल्टी (प. बंगाल), एजेंसी



प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि सीबीआई ने राज्य पुलिस को सूचित किए बिना संदेशखालि में छापेमारी की और हथियार बरामदगी का कोई सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि बरामद वस्तुएं केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों द्वारा लाई गई होंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर बंगाल में पटाखा भी फूटता है, तो एनआईए, सीबीआई, एनएसजी जांच करने आ जाती हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कोई युद्ध चल रहा हो। राज्य पुलिस को सूचित नहीं किया गया। क्या मिला पता नहीं। कोई सबूत नहीं है। बरामद की गई चीजें संभवतः सीबीआई द्वारा कार में लाई गई होंगी। बनर्जी आसनसोल सीट से टीएमसी उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा के लिए रैली को संबोधित कर रही थीं।

अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने शुक्रवार को संदेशखालि में टीएमसी नेता रहे शाहजहां शेख के सहयोगी के दो परिसरों पर छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया था। शेख के समर्थकों द्वारा 29 फरवरी को ईडी की टीम पर हमला की घटना के सिलसिले में यह छापेमारी की गई। सीबीआई, बम निरोधक दस्ते, एनएसजी, केंद्रीय अर्द्धसैन्य बलों और पुलिस ने उत्तर 24 परगना जिले में सुंदरबन के किनारे गांव में कार्रवाई की।

### सीबीआई छापे की निर्वाचन अधिकारी से शिकायत

**कोलकाता।** टीएमसी ने प. बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से शिकायत की कि सीबीआई ने राज्य में दूसरे चरण के मतदान के दौरान संदेशखालि में खाली स्थान पर जानबूझकर अनैतिक तरीके से छापेमारी की थी। जब शुक्रवार को दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट सीट पर मतदान हो रहा था तो केंद्रीय एजेंसी ने संदेशखालि में छापेमारी की।

# आबकारी नीति मामले में मनमाने ढंग से ईडी ने किया काम : केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी



● गिरफ्तारी को चुनौती वाली याचिका पर ईडी के हलफनामे पर केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में रखा अपना पक्ष

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि ईडी ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में बेहद मनमाने ढंग से काम किया। अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका के संबंध में ईडी के हलफनामे पर जवाब में केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने हमेशा जांच में सहयोग किया है।

आप के नेता ने कहा कि ईडी ने शीर्ष अदालत में दाखिल हलफनामे में कहा है कि उनकी गिरफ्तारी की एक वजह यह थी कि वह नौ बार तलब किए जाने के बावजूद उपस्थित नहीं हुए थे। ऐसे मामले में जांच अधिकारी का यह राय बनाना उचित था कि हिरासत में पूछताछ से आरोपी से ठोस पूछताछ हो पाएगी। उन्होंने कहा कि जवाब के आशय, पाठ और सामग्री से कोई संदेह नहीं रह जाता है कि ईडी ने कानून की उचित प्रक्रिया का अपमान करते हुए बहुत ही मनमाने तरीके से काम किया है।

केजरीवाल ने दावा किया कि ईडी के जवाब में उसके रुख को समग्र रूप से देखने से उसकी कार्यवाही में साफ झूठ उजागर हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिकॉर्ड से पता चलेगा कि महत्वपूर्ण विवरण और जानकारी मांगने के दौरान उन्हें जारी किए गए प्रत्येक समन का विधिवत जवाब दिया गया था, जिसे किसी भी परिस्थिति में ईडी द्वारा गोपनीय होने का दावा नहीं किया जा सकता है।

केजरीवाल ने दावा किया कि ईडी ने कभी भी उनके द्वारा जांच में असहयोग का खुलासा नहीं किया। केजरीवाल को किसी अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से न बुलाने या उनसे लिखित में या डिजिटल माध्यम से दस्तावेज न मांगने और व्यक्तिगत रूप से उनकी उपस्थिति पर जोर देने की क्या जरूरत थी, यह पता नहीं चल पा रहा है। उनकी याचिका स्वीकार किये जाने योग्य है और वह तुरंत रिहा किए जाने के हकदार हैं। अदालत में दाखिल हलफनामे में ईडी ने दावा किया कि केजरीवाल आबकारी नीति घोटाले के सरगना और साजिशकर्ता हैं और सबूत के आधार पर अपराध के लिए किसी की गिरफ्तारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की अवधारणा का उल्लंघन नहीं करती है।

# चुनावी तंत्र पर माकपा का कब्जा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की 20 सीट पर मतदान के एक दिन बाद कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि मतदाताओं को परेशान किया गया और सत्तारूढ़ माकपा ने चुनावी तंत्र को कब्जे में ले लिया ताकि मतदान प्रतिशत कम रहे।

कांग्रेस ने 13 राज्यों की 88 सीट के लिए हुए दूसरे चरण के चुनाव में पार्टी के अच्छे प्रदर्शन का भरोसा जताते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भाजपा लहर का बनाया गया फर्जी माहौल ध्वस्त हो गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि माकपा द्वारा चुनावी तंत्र को कब्जे में लिया जाना 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में इस साल मतदान प्रतिशत कम रहने का एक कारण है।

### राहुल पर टिप्पणी को लेकर अनवर पर केस

**पलक्कड (केरल)।** राहुल गांधी को चौथे दर्जे का नागरिक बताने और उनके डीएनए की जांच कराने संबंधी टिप्पणियों को लेकर वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के विधायक पीवी अनवर पर केस दर्ज हुआ है। अनवर ने 22 अप्रैल को पलक्कड में चुनावी सभा में यह भी कहा था कि कांग्रेस नेता गांधी उपनाम से बुलाए जाने के लायक नहीं हैं। मजिस्ट्रेट अदालत के निर्देश पर 26 अप्रैल को नट्टुकल पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया।

### धर्म परिवर्तन की कोशिश करने वालों का गर्दन काट दो : भाजपा विधायक

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में सत्ताधारी भाजपा एक विधायक का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह लोगों से धर्म परिवर्तन की कोशिश करने वालों का गर्दन काटने के लिए कह रहे हैं। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि निर्वाचन आयोग को टिप्पणी का संज्ञान लेना चाहिए। दुर्ग जिले की वैशाली नगर विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले रिकेश सेन ने पटेल चौक पर हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्रा पर समारोह में कथित रूप से ये टिप्पणी की थी। सभा में सेन ने कहा था कि हिंदुत्व की रक्षा के लिए भले ही तुम्हें प्राणों की आहुति देनी पड़े, दे दो, लेकिन धर्म कभी परिवर्तित नहीं होने देना। अगर कोई धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश करे तो उसके गर्दन को काट कर रख देना। विधायक के मीडिया प्रभारी संतोष मिश्रा ने कहा कि विधायक बाहर हैं और वह अपनी टिप्पणी पर कायम हैं।

### थाईलैंड से लाए गए काना को न्यायिक हिरासत में भेजा

**नोएडा।** थाईलैंड में पकड़े गए अपराधी रवि काना और उसकी सहयोगी काजल झा को भारत वापस भेजे जाने के बाद नोएडा पुलिस ने शनिवार को अदालत में पेश किया, जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार थाईलैंड से प्रत्यर्पण कर लाए गए रवि काना और काजल को शुक्रवार दोपहर को पुलिस ने दिल्ली हवाई अड्डे पर हिरासत में ले लिया था। रवि के खिलाफ सामूहिक बलात्कार समेत कई मामले दर्ज हैं।

# हमने 55 साल में वह संपत्ति बनाई जो अब बेची जा रही : खरगे

**बारपेटा (असम)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनकी पार्टी के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप होने संबंधी भाजपा के दावे को खारिज करते हुए शनिवार को कहा कि मोदी की झूठ की फैक्टरी हमेशा नहीं चलेगी। असम में बारपेटा जिले के कयाकूचि में चुनावी रैली में खरगे ने कहा कि देश में 65 प्रतिशत शिक्षित युवाओं के पास नौकरियां नहीं हैं। इंडी गठबंधन निश्चित रूप से सत्ता में आएगा और भाजपा को रोकेगा। उन्होंने कहा मोदी ने आगरा में चुनावी रैली में गुरुवार को कहा था कि कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है। खरगे ने कहा कि मोदी ने अपने कुछ दोस्तों के 16 लाख करोड़ के कर्ज माफ कर दिये।' खरगे ने बारपेटा सीट से पार्टी के उम्मीदवार दीप बायन और कोकराझाड़ सीट से गर्जन मुशहरी के समर्थन में वोट मांगने के लिए रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी हमेशा कहते हैं कि कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया? हमने 55 साल शासन किया और वह संपत्ति बनाई जिसे अमित शाह बेच रहे हैं। आप हर चीज को नष्ट कर रहे हैं। खरगे ने लोगों की खान-पान की आदतों, भारत में मुगल शासन को मुद्दा बनाने को लेकर भी मोदी पर प्रहार किया।



● चुनावी रैली में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- मोदी की झूठ की फैक्टरी अब नहीं चलेगी

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-990 फ्लैग-1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1165
**चन्दौसी :** शिवालिक- 1000 फ्लैग-1105 बोल्ड- 1145 डीएमओ- 905

### लखनऊ मंडी

गेहूं (आरआर 21) 2360-2800, गेहूँ (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूंग खड़ा 10000-10500, मूँग दाल 10500-11000, मूँग धोवा 12000-13000, मसूर 8800-9000, मलका 9000-9500,र दाल अरहर फूल 16000-17000

# छह देशों को 99,150 टन प्याज निर्यात करने की अनुमति

## घरेलू उपलब्धता और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मांग बढ़ने पर लगा था प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी



सरकार ने बंगलादेश और पश्चिम एशिया के कुछ देशों सहित छह पड़ोसी देशों को 99,150 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है। वर्ष 2022-23 की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में खरीफ और रबी फसलों कम अनुमान के मद्देनजर पर्याप्त घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मांग बढ़ने पर प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है।

केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि पड़ोसी छह देश बंगलादेश, संयुक्त अरब अमीरात, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99,150 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी गई है। इन देशों को केंद्रीय एजेंसी नेशनल को-ऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) ई-प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्याज का निर्यात कराएगी। साथ ही सरकार ने मध्य-पूर्व और कुछ यूरोपीय देशों के निर्यात बाजारों के लिए विशेष रूप से उगाए गए 2000 टन सफेद प्याज का निर्यात करने की भी अनुमति दी है।

केंद्रीय एजेंसियां एनसीसीएफ और नफेड स्टोर-योग्य प्याज की खरीद शुरू करने के लिए खरीद, भंडारण और किसानों के पंजीकरण का समर्थन करने के लिए एफपीओ/एफपीसी/पीएसी जैसी एजेंसियों को जोड़ रही हैं। मंत्रालय के मुताबिक एनसीईएल द्वारा निर्यात की जाने वाली प्याज मुख्यतः महाराष्ट्र से आती है जो देश में प्याज का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। सरकार ने उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की मूल्य स्थिरीकरण कोष योजना के तहत रबी सीजन में प्याज के बफर स्टॉक के लिए पांच लाख टन प्याज खरीदने का लक्ष्य तय किया है।

# इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माता सुरक्षा हितों को सुनिश्चित करें: आईटी सचिव

**चेन्नई।** इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माताओं को नई परियोजनाएं शुरू करते समय देश के सुरक्षा हितों को सुनिश्चित करना चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने शनिवार को कहा कि सरकार इस विषय पर खुलकर बात कर रही है और कंपनियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जा रहा है कि किसी परियोजना को तैयार करते समय देश के सुरक्षा हितों का ध्यान रखा जाना चाहिए।

कृष्णन ने कहा कि हमने इस बारे में पहले संक्षेप में बात की थी और बताया था कि कैसे साइबर सुरक्षा अधिक से अधिक महत्वपूर्ण होती जा रही है। यह एक ऐसी चीज है जिसके बारे में मैं विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों से कहना चाहूंगा कि हमें हर दिन इस बारे में अत्यधिक सावधान रहने की जरूरत है। वह मद्रास स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और द सदर्न इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एसआईसीसीआई) द्वारा आयोजित 10वें जी रामचंद्रन व्याख्यान में बोल रहे थे। साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण होने के साथ राष्ट्रीय जोखिम भी बड़े हैं। यह मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण है। सरकार कोशिश कर रही है कि इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माता किसी उत्पाद को डिजाइन करते समय ही देश के सुरक्षा हितों का ध्यान रखें।

# पपीता की बेहतर उपज के लिए पूसा की नई तकनीक

पपीता की लाभकारी उपज के लिए अखिल भारतीय फल अनुसंधान परियोजना, डॉ राजेंद्र प्रसाद सेंट्रल एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, पूसा समस्तीपुर, बिहार के वैज्ञानिकों ने नई तकनीक विकसित की है। इससे आप बेहतर उपज के साथ लाभ कमा सकते हैं। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. एसके सिंह के अनुसार पपीता की फसल को विषाणुजनित बीमारी पपाया रिंग स्पॉट विषाणु रोग से बचाने के लिए 2 प्रतिशत नीम के तेल, जिसमे 0.5 मिली प्रति लीटर स्टीकर मिला कर एक-एक महीने पर छिड़काव आठवें महीने तक करना चाहिए। उच्च क्वालिटी के फल एवं पपीता के पौधों में रोगरोधी गुण पैदावार के लिए यूरिया 4 ग्राम+जिंक सल्फेट 4 ग्राम+बोरान 4 ग्राम/लीटर पानी में घोलकर एक एक महीने पर छिड़काव आठवे महीने तक करना चाहिए।



पपीता का वैज्ञानिक नाम कैरिका पपाया है, जिसका भारत, ब्राजील, इंडोनेशिया, नाइजीरिया और मैक्सिको बड़ा उत्पादक है। पपीते में मुख्यतः तीन प्रकार के पौधे होते हैं, नर पौधे केवल पराग का उत्पादन करते हैं, इस पर फल नहीं लगता है। मादा पौधे एवं उभयलिंगी (हेर्मैफ्रोडाइट) पौधे, जिसमें फल होते है। पपीता में परागण हवा एवं कीटों से होता है। उभयलिंगी पौधों में स्व-परागण होता हैं। सभी वाणिज्यिक पपीता की किस्मों में केवल उभयलिंगी पौधे होते हैं। भारत में उगाई जाने वाली किस्म रेड लेडी भी उभयलिंगी है। कुछ किसान सोलो टाइप पपीते की भी खेती कर रहे हैं, जिसमे नर एवं मादा पुष्प अलग अलग पौधों पर होते है। पपीता के लिए आदर्श तापमान 21 से 36 डिग्री सेंटीग्रेट सर्वोत्तम है। पपीता की फसल गर्म मौसम में नमी और ठंडे में शुष्क प्रकृति के साथ अच्छा फूल आता है। इसके लिए मिट्टी का पीएच 6 से 7 के बीच में अच्छा होता हैं। इसकी खेती के लिए पर्याप्त जल निकासी वाली मिट्टी का होना अनिवार्य है, क्योकि यदि खेत में 24 घंटे से ज्यादा पानी रुका तो पपीता को बचाना असंभव है। पपीते के बीजों को पॉलीथिन बैग में अच्छी जड़ वाले मीडिया के साथ भी बोया जा सकता है। प्रतिकूल वातावरण, कीटों और बीमारियों से नर्सरी की रक्षा के लिए सुरक्षात्मक संरचना में (लो कास्ट पाली टनल) उगाने की जरूरत होती है। 30 से 45 दिन के पौधों को मुख्य क्षेत्र में रोपाई कर सकते है।

उचित फलन के लिए संतुलित कार्बन नाइट्रोजन अनुपात होना आवश्यक है। 25-30 किग्रा गोबर की खाद जिसमे बायोफर्टिलाइज़र मिश्रण मिला हो, फसल की वृद्धि और रोग प्रतिरोधक को बढ़ाने में सहायक होते है। पपीता की खेती में प्रति वर्ष 1-2 किग्रा प्रति पौधा नीम केक/जैव उर्वरक/वर्मी कम्पोस्ट में से कोई एक या तीनों का मिश्रण तीन से चार बार प्रयोग करते है, उसी समय से अच्छी उपज प्राप्त होती है। अकार्बनिक उर्वरक यथा नाइट्रोजन-200-250 ग्राम, फास्फोरस-200-250 ग्राम, पोटेशियम 200-250 ग्राम प्रति वर्ष प्रति पौधा में दो दो महीने पर चार बार या तीन तीन महीने पर तीन बार उर्वरकों के प्रयोग से अधिकतम लाभ मिलता है ।

**(प्रोफेसर डॉ. एसके सिंह)**

### साई स्वामी मेटल्स का आईपीओ 30 को, कीमत 60 रुपये प्रति शेयर

**नई दिल्ली।** स्टेनलेस स्टील के उत्पाद बनाने वाली कंपनी साई स्वामी मेटल्स एंड अलॉयज लिमिटेड निवेशकों से 15 करोड़ जुटाने के लिए 30 अप्रैल को पूंजी बाजार में उतरेगी। कंपनी ने शनिवार को कहा कि उसका आईपीओ मंगलवार को खुलेगा और तीन मई को बंद होगा। शेयर बीएसई के एसएमई मंच पर सूचीबद्ध होंगे। डॉल्फिन ब्रांड के तहत स्टेनलेस स्टील उत्पाद बनाने वाली अहमदाबाद स्थित कंपनी ने आईपीओ के तहत बोली के लिए प्रति इक्विटी शेयर कीमत 60 रुपये तय की है। आईपीओ में 25 लाख इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम शामिल है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83250 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74300 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55350-55550 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 74,150 |
| सोना रवा | 74,000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 83,600 |
| चांदी (999) | 83,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,650 |
| चांदी आभूषण | 82,200 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72600 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71600 |
| सिल्वर (पक्की) | 810 (अनुमानित) |

### आईसीआईसीआई बैंक को हुआ 11,672 करोड़ का लाभ

**मुंबई।** आईसीआईसीआई बैंक का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च, 2024) में 18.5 प्रतिशत बढ़कर 11,672 करोड़ रुपये रहा है। 2022-23 की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 9,853 करोड़ रुपये था।

कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एकल आधार पर बैंक का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में 17.4 प्रतिशत वृद्धि के साथ 10,708 करोड़ रुपये रहा था, जबकि मार्च, 2023 तिमाही में यह 9,122 करोड़ रुपये था। कंपनी की मूल शुद्ध ब्याज आमदनी 8.1 प्रतिशत बढ़कर 19,093 करोड़ रुपये रही।

# आईसीटी विवाद पर फैसला 26 जुलाई तक टालने का डब्ल्यूटीओ से आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

● भारत और चीनी ताइपे आयात शुल्क मामले को सुलझाने में लगे

भारत और चीनी ताइपे ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के विवाद निपटान निकाय से 26 जुलाई तक कुछ सूचना और प्रौद्योगिकी उत्पादों पर नई दिल्ली के आयात शुल्क के खिलाफ कोई फैसला नहीं लेने को कहा है क्योंकि दोनों पक्ष मामले को सुलझाने में लगे हुए हैं।

यह मुद्दा 26 अप्रैल को जिनेवा में विवाद निपटान निकाय (डीएसबी) की बैठक के दौरान उठा। जिनेवा स्थित अधिकारी ने कहा कि बैठक में दोनों देशों ने विवादों के समाधान को सुविधाजनक बनाने में मदद के लिए डीएसबी को 26 जुलाई तक विवाद पैनल की रिपोर्टों पर विचार करने में देरी करने को कहा है। निकाय इस पर सहमत हो गया है। इससे पहले भी डीएसबी ने रिपोर्टों पर विचार करने में देरी के लिए भारत और चीनी ताइपे के तीन पिछले अनुरोधों पर सहमति व्यक्त की थी। डब्ल्यूटीओ के नियमों के अनुसार, आदेश जारी होने के 60 दिनों के भीतर पैनल के फैसले को डीएसबी द्वारा कार्यान्वयन के लिए अपनाना होगा। दोनों देश परस्पर निर्णय को अपनाने में देरी के लिए डीएसबी से अनुरोध कर सकते हैं।

### भारत नैदानिक परीक्षण के लिए आकर्षक गंतव्य बन रहा: दवा उद्योग

**बोस्टन।** दवा उद्योग के विशेषज्ञों ने कहा है कि 10 वर्षों में भारत में नैदानिक परीक्षण आसान, अधिक सुलभ और तेज हो गए हैं। ऐसे में शीर्ष बहुराष्ट्रीय कंपनियां देश को नैदानिक परीक्षण के लिए आकर्षक गंतव्य के रूप में देख रही हैं। 2017 से 2023 तक के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में चरण दो और तीन के नैदानिक परीक्षण 15-18 प्रतिशत की दर से बढ़ रहे हैं। नोवार्टिस के वैश्विक नैदानिक परिचालन के प्रमुख बद्री श्रीनिवासन के अनुसार ऐसा मुख्य रूप से ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 में किए गए 10 संशोधनों के कारण है।

# मैकगुर्क की पारी ने दिल्ली को दिलाई जीत

## मुंबई इंडियंस को 10 रनों से हराया, जैक ने खेली 84 रनों की पारी, अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर 15 गेंद में बनाया अर्धशतक

नई दिल्ली, एजेंसी

जैक फ्रेसर मैकगुर्क की 27 गेंद में 84 रन की आतिशी पारी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में 10 रन से हराकर प्लेआफ की दौड़ के लिए दावा मजबूत कर लिया।

पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई दिल्ली ने चार विकेट पर 257 रन बनाए जिसमें मैकगुर्क के अलावा ट्रिस्टन स्टब्स ने 25 गेंद में नाबाद 48 रन जड़े । जवाब में पांच बार की चैंपियन मुंबई टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 247 रन ही बना सकी। पिछले पांच मैचो में चौथी जीत के बाद दिल्ली अंकतालिका में दस मैचों में दस अंक के साथ पांचवें स्थान पर है जबकि मुंबई इंडियंस नौ मैचों में छह अंक लेकर नौवे स्थान पर है।

दिल्ली को ऑस्ट्रेलिया के 22 वर्ष के बल्लेबाज मैकगुर्क ने बेहतरीन शुरूआत दी और पहले विकेट के लिए अभिषेक पोरेल के साथ 44 गेंद में 114 रन जोड़े। उन्होंने आईपीएल में इस सत्र में सबसे तेज अर्धशतक के अपने ही रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए सिर्फ 15 गेंद में पचासा जड़ा। मैकगुर्क 27 गेंद में 11 चौकों और छह छक्कों की मदद से 84 रन बनाकर आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स ने आखिरी ओवरों में ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए सिर्फ 25 गेंद में नाबाद 48 रन बनाए जिसमें ल्यूक वुड को 18वें ओवर में जड़े पांच चौके और एक छक्का शामिल था ।

मुंबई की शुरूआत दिल्ली की तरह आक्रामक नहीं रही। ईशान किशन ने दूसरे ओवर में खलील अहमद को तीन चौके जड़कर हाथ खोलने शुरू किये थे लेकिन चौथे ओवर में ही मुंबई को रोहित शर्मा के विकेट के रूप में करारा झटका लगा । आठ गेंद में आठ रन बनाकर रोहित को खलील ने शाई होप के हाथों लपकवाया । अगले ओवर में सूर्यकुमार यादव ने मुकेश कुमार को दो चौके लगाये लेकिन ईशान (14 गेंद में 20 रन) इसी ओवर में अक्षर पटेल को कैच दे बैठे। खलील के अगले ओवर में छक्का और चौका जड़ने वाले सूर्य अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके और 13 गेंद में 26 रन बनाकर लिजाड विलियम्स को कैच देकर लौटे।

मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या ने जरूर कुछ अच्छे स्ट्रोक्स लगाये लेकिन जब टीम को उनसे कप्तानी पारी की जरूरत थी, वह क्रीज पर जमने के बाद अपना विकेट गंवा बैठे। इंपैक्ट खिलाड़ी रसिख सलाम ने 13वें ओवर में मुंबई को दोहरे झटके देकर उसकी उम्मीदों पर लगभग पानी फेर दिया। पहले हार्दिक (24 गेंद में 46 रन, चार चौके, तीन छक्के) ने प्वाइंट पर मुकेश को कैच दिया और फिर निहाल वढेरा ने विकेट के पीछे पंत को कैच थमाया। इस समय मुंबई को 43 गेंद में 118 रन की जरूरत थी और उसके पांच विकेट की बाकी थे। तिलक वर्मा ने अकेले किला लड़ाते हुए 32 गेंद में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 63 रन बनाए। वह आखिरी ओवर में रन आउट हुए। दिल्ली के लिये रसिख ने चार ओवर में 34 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि मुकेश को भी तीन और खलील को दो विकेट मिले ।





बल्लेबाजी के दौरान ऋषभ पंत से बात करते मैकगुर्क। मुंबई को 10 रनों से हराने के बाद जीत की खुशी मनाते दिल्ली के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**114** रन दिल्ली के सलामी बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और अभिषेक पोरेल ने पहले विकेट के लिए बनाए महज 44 गेंद में।

**दिल्ली 257/4** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक मैकगुर्क का नबी बो चावला | 84 | 27 | 11/6 |
| अभिषेक पोरेल का ईशान बो नबी | 36 | 27 | 3/1 |
| शाई होप का वर्मा बो वुड | 41 | 17 | 0/5 |
| ऋषभ पंत का रोहित बो बुमराह | 29 | 19 | 2/2 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 48 | 25 | 6/2 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 11 | 6 | 0/1 |

गेंदबाजी : वुड 4-0-68-1, बुमराह 4-0-35-1, तुषारा 4-0-56-0, चावला 4-0-36-1, पंड्या 2-0-41-0, नबी 2-0-20-1

**मुंबई 247/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 17

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ईशान किशन का अक्षर बो मुकेश | 20 | 14 | 4/0 |
| रोहित शर्मा का होप बो खलील | 8 | 8 | 1/0 |
| सूर्यकुमार का विलियम्स बो खलील | 26 | 13 | 3/2 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 63 | 32 | 4/4 |
| हार्दिक पंड्या का मुकेश बो सलाम | 46 | 24 | 4/3 |
| नेहान वढ़ेरा का पंत बो सलाम | 4 | 2 | 1/0 |
| टिम डेविड पगबाधा मुकेश | 37 | 17 | 2/3 |
| मोहम्मद नबी का होप बो सलाम | 7 | 4 | 0/1 |
| पीयूष चावला का होप बो मुकेश | 10 | 4 | 1/1 |
| ल्यूक वुड नाबाद | 9 | 3 | 0/1 |

गेंदबाजी : विलियम्स 3-0-34-0, खलील 4-0-45-2, मुकेश 4-0-59-3, कुलदीप 3-0-47-0, अक्षर 2-0-24-0, सलाम 4-0-34-3

## आज का मुकाबला

गुजरात टाइटन्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु — दोपहर 3:30 बजे

चेन्नई सुपर किंग्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद — शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 09 | 14 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 09 | 14 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 09 | 430 |
| संजू सैमसन (राजस्थान रॉयल) | 09 | 385 |
| केएल राहुल (लखनऊ) | 09 | 378 |

## खेल डायरी

### सेंथिलकुमार बैच ओपन स्क्वाश के सेमीफाइनल में



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिलकुमार ने पेरिस में चेक गणराज्य के जैकब सोलनिकी को हराकर बैच ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीय और विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने शुक्रवार रात 12,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पांचवें वरीय चेक गणराज्य के खिलाड़ी को 37 मिनट में 11-5, 11-6, 11-2 से हरा दिया। अब सेमीफाइनल में उनकी भिड़ंत हांगकांग के एंडीज लिंग से होगी। वहीं अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में एक अन्य पीएसए चैलेंजर टूर टूर्नामेंट एक्सप्रेशन सेंट जेम्स ओपन के क्वार्टरफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय आकांक्षा सालुंखे यूक्रेन की पांचवीं वरीयता प्राप्त अलीना बुशमा से 29 मिनट में 7-11, 7-11, 8-11 से हार गईं।

### शीर्ष एथलीटों से कम नहीं भारतीय एथलीट

**बेंगलुरु।** भारतीय के शीर्ष गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर का मानना है कि तोक्यो ओलंपिक में विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक से भारतीय खिलाड़ियों का विश्वास बढ़ा है और वे खुद को शीर्ष वैश्विक एथलीटों से कम नहीं समझते हैं। दो बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता तूर ने कहा कि चोपड़ा की उपलब्धि के बाद मानसिकता में आए बदलाव ने भारतीय एथलीटों को विश्वास दिलाया है कि वे पेरिस ओलंपिक में सिर्फ भाग लेने के लिए नहीं बल्कि जीतने के लक्ष्य के साथ जा रहे हैं। तूर ने शनिवार को यहां 'टीसीएस विश्व 10के बेंगलुरु' की पूर्व संध्या पर कहा, तोक्यो ओलंपिक खेलों में नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक के बाद से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है।



### ओलंपिक क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर माहेश्वरी

**नई दिल्ली।** भारत की माहेश्वरी चौहान दोहा में शॉटगन निशानेबाजों के लिए आईएसएसएफ ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप में महिलाओं की स्कीट प्रतियोगिता में शनिवार को 25 के दो शानदार दौर के बाद शीर्ष पर है। शीर्ष छह निशानेबाज रविवार को फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे। अभी एक और दौर का क्वालीफिकेशन बाकी है। इस आयोजन से भारतीय निशानेबाजों के पास पेरिस ओलंपिक का दो कोटा हासिल करने का मौका है।

### मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीते आर्यन और जितेश

**अस्ताना (कजाकिस्तान)।** आर्यन (51 किग्रा) और जितेश (54 किग्रा) ने शनिवार को यहां एएसबीसी एशियन अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में अपने मुकाबले जीतकर पहले दिन भारत को जीत से शुरुआत कराई। आर्यन ने दक्षिण कोरिया के जो ह्योन वू को और जितेश ने चीनी ताइपे के चेन यू चेन को 5-0 के समान अंतर से हराया। अन्य मुक्केबाज जतिन (57 किग्रा), सागर जाखड़ (60 किग्रा) और यशवर्धन सिंह (63 .5 किग्रा) बाद में रिंग में उतरेंगे। जदुमणि सिंह एम (51 किग्रा), आकाश गोरखा (60 किग्रा), अजय कुमार (63 .5 किग्रा) और अंकुश (71 किग्रा) रविवार को अंडर-22 वर्ग में अपना अभियान शुरू करेंगे। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति (54 किग्रा) मंगलवार को महिलाओं के अंडर-22 वर्ग में उज्बेकिस्तान की उक्तामोवा निगिना के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। प्रीति ने पहले ही पेरिस ओलंपिक में जगह पक्की कर ली है।

### आदर्श और मानसी बने ट्रायथलॉन चैंपियन

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलीट आदर्श मुरलीधरन नायर सिनिमोल (01:02:03) और मानसी मोहिते (01:07.53) शनिवार को नेपाल के पोखारा में एशियाई ट्रायथलॉन में क्रमश: पुरुष और महिला चैंपियन बने। कौशिक विनायक मलंदकर (01:03:26) क्षेत्रीय चैम्पियनशिप में हमवतन सिनिमोल के बाद दूसरे स्थान पर रहे। वहीं साई लोहिताक्ष केडी (01:07:20) और कृषिव पटेल (01:07:23) दक्षिण एशियाई पुरुष जूनियर वर्ग में शीर्ष दो स्थान हासिल करने में सफल रहे।

### भारतीय स्पिनर नहीं करा रहे स्पिन : मुरलीधरन

**चेन्नई।** श्रीलंका के दिग्गज गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन का मानना है कि भारत के युवा स्पिनर बड़े शॉट को रोकने की कोशिश में गेंद को स्पिन करने की कला से दूर हो रहे हैं। टेस्ट में 800 विकेट लेने वाले मुरलीधरन इंडियन प्रीमियर लीग टी20 में सनराइजर्स हैदराबाद के रणनीतिक कोच है। मुरलीधरन ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा भारत में समस्या यह है कि अधिकांश स्पिनर गेंद को स्पिन नहीं कर रहे हैं क्योंकि वे थोड़ी तेज गेंदबाजी कर रहे हैं।

# शंघाई में भारतीय तीरंदाजों का जलवा, चार स्वर्ण पदक जीते

शंघाई, एजेंसी

एशियन गेम्स की चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम के नेतृत्व में भारतीय तीरंदाजों ने शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप 2024 में कंपाउंड स्पर्धाओं में दांव पर लगे पांच स्वर्ण पदकों में से चार पदक अपने नाम किए। दूसरी वरीयता प्राप्त ज्योति सुरेखा वेन्नम ने फाइनल में जगह बनाई और शूट-ऑफ में 2023 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता और शीर्ष वरीयता प्राप्त मैक्सिको की एंड्रिया बेसेरा को हराकर महिला कंपाउंड तीरंदाजी में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। पांच सेटों की समाप्ति के बाद स्कोर 146 की बराबरी पर रहा।



इस स्वर्ण पदक के साथ, ज्योति सुरेखा वेन्नम ने अक्टूबर में मैक्सिको के त्लाक्सकाला में होने वाले तीरंदाजी विश्व कप फाइनल के लिए भी क्वालीफाई कर लिया।

इस बीच, मौजूदा विश्व चैंपियन अदिति गोपीचंद स्वामी क्वार्टर-फाइनल में एंड्रिया बेसेरा से 144-142 से हार गईं। अवनीत कौर क्वार्टर-फाइनल में ज्योति के खिलाफ 143-142 से हार गईं, जबकि परनीत कौर तीसरे दौर में बाहर हो गईं। पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड में, प्रियांश को ऑस्ट्रिया के 2021 विश्व चैंपियन निको वीनर से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जिन्होंने 150 का परफेक्ट स्कोर बनाया, जबकि प्रियांश 147 का स्कोर बनाने में सफल रहे।

# यानिक सिनर और इगा स्वियातेक मैड्रिड ओपन प्री-क्वार्टर में पहुंचे



**मैड्रिड।** शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर और इगा स्वियातेक शनिवार को अपने-अपने मैच जीतकर मैड्रिड मास्टर्स टेनिस के अगले दौर में पहुंचे। महिला एकल में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी स्वियातेक ने सोराना क्रिस्टिया को 6-1, 6-1 से हराकर आसानी से अंतिम-16 में अपनी जगह बना ली। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए पोलैंड की यह खिलाड़ी सोमवार को विक्टोरिया अजारेंका या सारा सोरिब्स टोर्मो से भिड़ेंगी। पांचवीं वरीयता प्राप्त मारिया सककारी ने स्लोआने स्टीफंस को 6-1, 6-3 से हराकर अमेरिका की खिलाड़ी की सात मैचों के अजेय क्रम को रोक दिया। पुरुष वर्ग में सिनर ने इटली के हमवतन लोरेंजो सोनेगो को 6-0, 6-3 ये हराया। लोरेंजो के खिलाफ सिनर की यह पांच मैचों में पांचवीं जीत है। ब्राजील के क्वालीफायर थियागो मोंटेइरो ने दूसरे दौर में सातवीं रैंकिंग के खिलाड़ी स्टेफानोस सितसिपास को 6-4, 6-4 से हराया। इस मुकाबले से पहले क्ले कोर्ट पर पिछले 11 में से 10 मैच जीतने वाले सितसिपास रैंकिंग में 118वें स्थान पर काबिज मोंटेइरो की चुनौती पार नहीं पा सके।

# लखनऊ पर राजस्थान की रॉयल जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- संजू-ध्रुव के तूफान में उड़ा लखनऊ सुपर जायंट्स, इकाना में राजस्थान रॉयल्स ने को 7 विकेट से हराया
- राजस्थान का शाही किला भेद कर बदला लेने का अरमान पूरा नहीं कर सके मेजबान

**अमृत विचार:** राजस्थान के संजू सैमसन (71 रन, 33 गेंद, 7 चौके, 4 छक्के) और ध्रुव जुरेल (52 रन, 34 गेंद, 5 चौके, 2 छक्के) की धमाकेदार बल्लेबाजी ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को उसके घर में हरा दिया। इकाना में खेले गए आईपीएल के 44वें मुकाबले में राजस्थान ने एलएसजी को छह गेंदे बाकी रहते 7 विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ राजस्थान रॉयल्स ने 2 अंक हासिल किए और शीर्ष पर रहते हुए अब उसके कुल 16 अंक हो गए हैं। आईपीएल के इस मुकाबले में एलएसजी अपने घर में जीत का चौका लगाने के साथ राजस्थान को हरा कर पहले मैच में मिली हार का हिसाब चुकता करना चाहती थी, लेकिन संजू और ध्रुव की पारी के सामने उसके सभी अरमान धरे रहे गए। एलएसजी के 196 रनों के जवाब में राजस्थान ने 3 विकेट खोकर 19 ओवर में ही 199 रन बना कर जीत हासिल कर ली।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान को यशस्वी जायसवाल (24) और जॉस बटलर (34) शानदार शुरुआत देने में कामयाब रहे। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद सिर्फ पराग (14) का ही विकेट गिरा। एलएसजी की ओर से यश ठाकुर, मार्कस स्टॉयनिस और अमित मिश्रा एक-एक विकेट ले सके। टॉस जीत कर राजस्थान रॉयल्स ने गेंदबाजी चुनी और मेजबान एलएसजी को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। कप्तान केएल राहुल (76) और दीपक हुड्डा (50) ने शानदार प्रदर्शन के दम पर एलएसजी ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 196 रन बनाए और राजस्थान रॉयल्स के सामने जीत के लिए 197 रनों का लक्ष्य रखा।

एलएसजी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 11 रनों के योग पर डिकॉक और स्टॉयनिस आउट हो गए। इसके बाद मैदान पर पहुंच दीपक हुड्डा ने पारी को संभाला। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी और 31 गेंदों में 50 रन बनाए। 126 रनों के योग पर एलएसजी का तीसरा विकेट दीपक हुड्डा के रूप में गिरा।

राजस्थान के अश्विन को काफी दिनों के बाद विकेट मिली है, इस सीजन का यह उनका दूसरा विकेट रहा। निकोलस पूरन 11 रन बना कर आउट हो गए। संदीप की गेंद को पूरन हिट करना चाहते थे लेकिन चूक गए और गेंद बोल्ट के हाथों में समा गई। चेन्नई के खिलाफ धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले राहुल आज फिर फार्म में दिखे। 76 रनों की आतिशी पारी खेलने वाले राहुल ने 8 चौके और 2 छक्के जड़े। 18वें ओवर में केएल राहुल आउट हुए।



रियान पराग का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते अमित मिश्रा। ● एजेंसी



### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.972 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.577 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.059 |
| दिल्ली | 10 | 5 | 5 | 10 | -0.276 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.415 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.974 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.261 |
| बेंगलुरु | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.721 |

**लखनऊ 196/5** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 18

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक बो बोल्ट | 8 | 3 | 2/0 |
| लोकेश राहुल का बोल्ट बो आवेश | 76 | 48 | 8/2 |
| मार्कस स्टोइनिस बो संदीप | 0 | 4 | 0/0 |
| दीपक हुड्डा का पोवेल बो अश्विन | 50 | 31 | 7/0 |
| निकोल्स पूरन का बोल्ट बो संदीप | 11 | 11 | 1/0 |
| आयुष बडोनी नाबाद | 18 | 13 | 1/0 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 15 | 11 | 1/0 |

गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-41-1, संदीप 4-0-31-2, आवेश 4-0-42-1, अश्विन 4-0-39-1, चहल 4-0-41-0

**राजस्थान 199/3** — 19 ओवर, अतिरिक्त : 4

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी का बिश्नोई बो स्टोइनिस | 24 | 18 | 3/1 |
| जोस बटलर बो यश | 34 | 18 | 4/1 |
| संजू सैमसन नाबाद | 71 | 33 | 7/4 |
| रियान पराग का बडोनी बो मिश्रा | 14 | 11 | 0/1 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 52 | 34 | 5/2 |

गेंदबाजी : हेनरी 3-0-32-0, मोहसिन 4-0-52-0, यश 4-0-50-1, स्टोइनिस 1-0-3-1, कृणाल 4-0-24-0, मिश्रा 2-0-20-1, बिश्नोई 1-0-16-0

# हम्पी, हरिका और वैशाली करेंगी फिडे महिला ग्रां प्री में नेतृत्व

नई दिल्ली, एजेंसी

ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी, हरिका द्रोणावल्ली और आर वैशाली की तिकड़ी 2024-2025 फिडे महिला ग्रां प्री सीरीज में भारत की चुनौती की अगुवाई करेगी। इसमें भाग लेने वाली सभी 14 खिलाड़ियों ने क्वालीफाइंग शर्तों को पूरा करने के बाद महिला ग्रां प्री में अपने स्थान अर्जित किये हैं। शेष छह खिलाड़ियों को प्रत्येक छह टूर्नामेंट के आयोजकों द्वारा नामांकित किया जाएगा।

इस आयोजन में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में क्लासिकल टाइम फॉर्मेट की तीन महिला विश्व चैंपियन तान झांग्ये (2017-2018), एलेक्जेंड्रा कोस्टेनीयुक (2008-2010) और मारिया मुजिकचुक (2015-2016) के साथ पूर्व रैपिड विश्व चैंपियन हम्पी, कैटरीना लैग्नो और अन्ना मुजिकुक भी शामिल हैं। मौजूदा चैंपियन जू वेनजुन ग्रां प्री सीरीज में हिस्सा नहीं लेंगी। उनकी जगह महिला विश्व रैपिड और महिला विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप 2018 उप विजेता सरसादत को मिली है। वह अप्रैल 2024 फिडे रेटिंग सूची के अनुसार क्वालिफिकेशन हासिल करने की कतार में थीं। अक्टूबर 2023 में, फिडे ने महिला ग्रां प्री नियमों में बदलाव की घोषणा की।



**बराबरी की टक्कर** — पिछला मैच जीतने के बाद गुजरात को मात देना चाहेगा बेंगलुरु, लगातार दो मैच में हार चुकी है चेन्नई

# आरसीबी के खिलाफ गुजरात की निगाह सुधार पर

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात टाइटन्स को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार की जरूरत है और रविवार को यहां होने वाले मैच में उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मध्यक्रम की आक्रामकता से सतर्क रहना होगा। गुजरात की टीम नौ मैच में आठ अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर काबिज है। अगर उसे चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स से आगे पहुंचना है तो उसे जीत हासिल करनी होगी। इन दोनों टीम के भी आठ अंक हैं।

गुजरात जायंट्स को अपने तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन में सुधार की दरकार है। इस पूरे आईपीएल में उनकी तेज गेंदबाजी इकाई काफी कमजोर रही है।

वहीं सलामी बल्लेबाज विराट कोहली और फाफ डु प्लेसी लगभग हर मैच में रन जुटाने की जिम्मेदारी अच्छी तरह निभा रहे हैं। गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाज भी आरसीबी से प्रेरणा लेना चाहेंगे। साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल ने इस आईपीएल में 300 से अधिक रन बनाए हैं, लेकिन गुजरात टाइटन्स का मध्यक्रम उनकी तरह खेलने में सक्षम नहीं रहा है।



### सनराइजर्स हैदराबाद से जीतने को बेताब है चेन्नई सुपर किंग्स



**चेन्नई।** लगातार हार का सामना करने वाली गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को यहां होने वाले मैच में मजबूत सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगी। नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई में सत्र में अच्छी शुरुआत करने वाली सीएसके को पिछले दो मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने दो बार हराया है। सीएसके रविवार को तीसरे नंबर पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी जिसने इस सत्र में दो बार आईपीएल के उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा है, लेकिन पिछले मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। सीएसके की बल्लेबाजी कप्तान गायकवाड़ और फॉर्म में चल रहे शिवम दुबे के इर्द गिर्द घूमती है। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद की बात की जाए तो आत्मविश्वास से भरी टीम को गुरुवार को आरसीबी से घरेलू मैदान पर सत्र की तीसरी हार झेलनी पड़ी, हालांकि इससे उसके बल्लेबाजों की लय में रूकावट नहीं होगी और वे सीएसके के खिलाफ मिले हर मौके का फायदा उठाना चाहेंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

## एक नजर

### महिलाओं पर नवाचार को यूएन में साझा करेंगी जयपुर की नीरू

**जयपुर।** राजस्थान के झुंझुनूं जिले की ग्राम पंचायत लांबी अहीर की सरपंच नीरू यादव न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के जनसंख्या और विकास आयोग (सीडीपी) की ओर से आयोजित होने वाले वार्षिक सम्मेलन में पंचायत स्तर पर बालिकाओं और महिलाओं को सशक्त करने के लिए किए गए नवाचारों पर अपने अनुभव साझा करेंगी। सूत्रों के अनुसार नीरू सीपीडी मीट-2024 में चुने हुए जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व अनुभव विषय पर अपने विचार आगामी तीन मई को साझा करेंगी। उनके साथ आंध्रप्रदेश की कुनुकु हेमा कुमारी तथा त्रिपुरा की सेपाहिजला जिला परिषद की सभाधिपति सुप्रिया दास दत्ता भी अपने विचारों को रखेंगी।

### पाकिस्तान में बंदूकधारियों ने किया जज का अपहरण, चालक सुरक्षित

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हथियारबंद बदमाशों ने एक जिला एवं सत्र न्यायाधीश का अपहरण कर लिया। पुलिस ने बताया कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले के पास न्यायाधीश शकीरुल्लाह मारवात का अपहरण किया गया। जिले के डीएसपी मोहम्मद अदनान का कहना है कि अपहरण की यह वारदात बग्वाल नामक गांव के पास हुई। अपहरण तब किया गया जब वह ड्यूटी से वापस लौट रहे थे। जज के ड्राइवर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा और मौके से गाड़ी भी बरामद कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि अपहरण की अब तक किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

### चीन ने पाकिस्तान के लिए निर्मित हैंगर श्रेणी की पनडुब्बी की लांच

**इस्लामाबाद।** चीन ने पाकिस्तान को अत्याधुनिक युद्धपोत उपलब्ध कराने के लिए आठ हैंगर श्रेणी की पनडुब्बियों में से पहली लांच की है। वुचांग शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री ग्रुप (डब्ल्यूएसआइजी) शुआंगलिउ बेस पर शुक्रवार को आयोजित लांच समारोह में पाकिस्तान नौसेना प्रमुख एडमिरल नवीद अशरफ ने भाग लिया। डब्ल्यूएसआइजी द्वारा किया जाना है, जबकि शेष चार का निर्माण प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) समझौते के तहत केएस एंड ईडब्ल्यू (कराची शिपयार्ड एंड इंजीनियरिंग वर्क्स) में किया जा रहा है। उन्नत तकनीक से लैस इन पनडुब्बियों को खतरनाक वातावरण में संचालित करने के लिए अत्याधुनिक हथियारों और सेंसरों से सुसज्जित किया जाना है।

### आंतरिक कलह के बाद नवाज संभालेंगे पार्टी की कमान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ अगले महीने से पीएमएल-एन की कमान फिर से संभालने के लिए तैयार हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा आयोग्य ठहराए जाने के सात साल बाद उन्होंने अपना पद छोड़ा था। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि 11 मई को पार्टी की बैठक में 74 वर्षीय नवाज शरीफ को पीएमएल-एन का अध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा। पार्टी में जारी आंतरिक तनाव को देखते हुए नवाज शरीफ को फिर एक बार पार्टी का अध्यक्ष बनाने का फैसला लिया गया। 2017 में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने नवाज शरीफ को प्रधानमंत्री और पार्टी के अध्यक्ष के तौर पर अयोग्य घोषित कर दिया था।

## सेना को सौंपा पाकिस्तानी क्रिकेट टीम की फिटनेस का जिम्मा, लंबे छक्के नहीं लगाने पर उठाया कदम

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में फौज को हर मर्ज की दवा माना जाता है। पड़ोसी देश के क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने सुपर लीग के दौरान खिलाड़ियों को लंबे छक्के नहीं मार पाने पर फटकार लगाई। ड्रेसिंग रूम में उन्होंने खिलाड़ियों को कहा, 'मैं आप लोगों की फिटनेस दुरुस्त करूंगा। इसके बाद नकवी ने सुपर लीग खत्म होते ही क्रिकेटरों को काकुल की पाकिस्तान मिलिट्री एकेडमी में 14 दिन की ट्रेनिंग के लिए भेज दिया। ट्रेनिंग में खिलाड़ियों ने पहाड़ों की चढ़ाई और पत्थरों को उठाया। इससे पाकिस्तान के स्टार बैटर मोहम्मद रिजवान, इरफान नियाजी व आजम खान चोटिल हो गए। जिससे रिजवान व इरफान को न्यूजीलैंड सीरीज अधूरी छोड़नी पड़ी। जबकि आजम कोई मैच ही नहीं खेल पाए। इन तीनों के 2 जून से होने होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से आयरलैंड व इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज खेलने पर भी सवाल खड़ा हो गया है। ट्रेनिंग में क्रिकेटरों को फिजिकल हर्डल, बर्मा ब्रिज कराई गई। खिलाड़ियों को एक-दूसरे की पीठ पर लादकर दौड़ाया गया। जैसा कि युद्ध में फौजी चोटिल साथी को पीठ पर लादकर ले जाते हैं।



## क्या है ईवीएम... भारत में सबसे पहले कहां हुआ इस्तेमाल, आइए जानें

*लोकसभा और प्रदेश विधानसभा चुनावों में ईवीएम के उपयोग से मतदान से लेकर मतगणना तक चीजें आसान हो गई हैं। इतना ही नहीं, ईवीएम ने चुनाव करवाने का खर्च भी बहुत हद तक कम कर दिया है। हमारे देश में सालोंभर कहीं ना कहीं चुनाव होते ही रहते हैं, इस कारण भी ईवीएम का महत्व काफी बढ़ गया है। अभी हमारे देश में ईवीएम के दूसरे संस्करण का उपयोग हो रहा है जिसकी क्षमता पहले संस्करण के मुकाबले काफी ज्यादा है। आइए जानते हैं ईवीएम के बारे में महत्वपूर्ण सवालों के जवाब...*

### एक मशीन में होती हैं दो इकाइयां

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) वोट रिकॉर्ड करने के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है। एक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में दो इकाइयां होती हैं- एक नियंत्रण इकाई और दूसरी मतदान इकाई जो पांच मीटर की केबल से जुड़ी होती है। कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी या मतदान अधिकारी के पास रखा जाता है जबकि वोटिंग यूनिट को वोटिंग कंपार्टमेंट के अंदर रखा जाता है।

### क्या है वीवीपैट



वीवीपैट एक तरह की मशीन होती है, जिसे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के साथ जोड़ा जाता है। इस व्यवस्था के तहत मतदाता द्वारा वोट डालने के तुरंत बाद कागज की एक पर्ची बनती है। इस पर जिस उम्मीदवार को वोट दिया गया है, उनका नाम और चुनाव चिह्न छपा होता है। यह व्यवस्था इसलिए है ताकि किसी तरह का विवाद होने पर ईवीएम में पड़े वोटों के साथ पर्ची का मिलान किया जा सके। ईवीएम में लगे शीशे के एक स्क्रीन पर यह पर्ची सात सेकेंड तक दिखाई देती है। इसे डिजायन करने का श्रेय भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने को जाता है। जिन्होंने साल 2013 में इसे तैयार किया था।



### ईवीएम में कितने उम्मीदवारों के नाम हो सकते हैं रिकॉर्ड

वर्ष 2006 से 2010 तक एम 2 ईवीएम उपयोग किए जाते थे। उस ईवीएम में नोटा सहित अधिकतम 64 उम्मीदवारों के नाम डाले जा सकते थे। एक बैलेटिंग यूनिट में 16 उम्मीदवारों के नाम डाले जाने की सीमा है। यदि उम्मीदवारों की कुल संख्या 16 से अधिक है, तो एक बैलॉटिंग यूनिट जोड़ दिया जाता था। इस तरह एम 2 ईवीएम में अधिकतम 4 बैलॉटिंग यूनिट जोड़कर ज्यादा से ज्यादा 64 उम्मीदवारों के नाम दर्ज किए जा सकते थे। हालांकि, वर्ष 2013 से एम 3 ईवीएम का उपयोग होने लगा जिसमें चार की जगह अधिकतम 24 बैलॉटिंग यूनिट जोड़े जा सकते हैं। यानी अब 384 उम्मीदवारों तक के नाम दर्ज किए जा सकते हैं।

### इस्तेमाल कब और कहां हुआ था

भारत में ईवीएम का उपयोग पहली बार वर्ष 1982 में केरल के (70) परूर विधानसभा क्षेत्र में किया गया था। निर्वाचन आयोग द्वारा उपयोग की जा रही एक ईवीएम अधिकतम 2,000 वोट रिकॉर्ड कर सकती है।

**क्या है खासियत:** यदि कोई शख्स चुनाव के दौरान वीवीपैट की पर्ची में अपने द्वारा किसी अलग उम्मीदवार का नाम आने की बात करता है, तो चुनाव अधिकारी उस मतादाता से पहले एक हलफनामा भरवाते हैं। इसके तहत मतदाता को बताया जाता है कि सूचना के गलत होने उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने का प्रावधान है।

### सऊदी-चीन की शर्तों के आगे झुकी सत्ता, इमरान की सेना को दो टूक

## पाकिस्तान को गुलाम बनाने वालों से समझौता नहीं... जेल में ही रहूंगा

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक बार फिर देश की सेना और सरकार पर निशाना साधा। साथ ही उन अटकलों को दूर कर दिया, जिसमें कहा जा रहा था कि वह मौजूदा हालातों को सुधारने के लिए सत्ताधारियों से बात करने को तैयार हैं। खान ने देश को गुलाम बनाने वालों के साथ समझौता करने से इनकार करते हुए कहा कि वह नौ साल और जेल में रहने के लिए तैयार हैं, लेकिन उनके साथ कभी कोई समझौता नहीं करेंगे।



पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 28वें स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जारी एक संदेश में खान ने कहा कि देश पर सबसे खराब तानाशाही थोपी गई है जो अर्थव्यवस्था, सरकारी शासन, लोकतंत्र और न्यायपालिका की बर्बादी का आधार बन रही है। उन्होंने देश को बर्बादी की ओर बढ़ने से रोकने में हर व्यक्ति से अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, यह मेरा राष्ट्र के लिए संदेश है कि मैं देश की वास्तविक स्वतंत्रतता के लिए कोई भी बलिदान दूंगा, लेकिन कभी भी अपने या अपने देश की स्वतंत्रता से समझौता नहीं करूंगा। गौरतलब है, अप्रैल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव में सत्ता से हटने के बाद से, 71 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने को कम से कम चार मामलों में दोषी ठहराया गया है।

### जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान से सुलह चाहती है सेना

पाकिस्तान में जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान से अब पाकिस्तानी सेना सुलह चाहती है क्योंकि चीन और सऊदी अरब निवेश के लिए सियासी शांति का माहौल तैयार करने की शर्त रख दी है। हाल में सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद ने पाक यात्रा के दौरान कहा कि देश राजनीतिक तनाव खत्म कर निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाए। पिछले साल चीनी विदेश मंत्री ने भी तत्कालीन पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर से राजनीतिक अनिश्चितता को खत्म करने के लिए कहा था। इसी बीच, पाकिस्तान ने सऊदी अरब को आश्वासन दिया है कि निकट भविष्य में राजनीतिक माहौल में सुधार होगा क्योंकि सेना और इमरान के बीच बातचीत चल रही है। सेना और इमरान के बीच जेल में सीक्रेट मीटिंगों का दौर चल रहा है।

### मई के दंगों की जिम्मेदारी लें इमरान

जेल में मीटिंग के दौरान पाकिस्तानी सेना की तरफ से इमरान से कहा गया कि या तो वह 9 मई के दंगों की जिम्मेदारी लें या कड़ी कार्रवाई का सामना करें। इमरान ने जिम्मेदारी लेने से इनकार करने के साथ-साथ अदियाला जेल में मीडिया से बात करते हुए अपनी पत्नी बुशरा बीबी को कथित तौर पर जहर देने के लिए जनरल असीम मुनीर को जिम्मेदार ठहरा दिया।

### अब्बासी कर रहे हैं मध्यस्थता

इमरान और सेना के बीच सुलह के लिए दो तटस्थ राजनेता और एक से. लेफ्टिनेंट जनरल मध्यस्थता कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक नवाज के करीबी रहे शाहिद खाकन अब्बासी मध्यस्थता कर रहे हैं। मरियम को पीएमएलएन का वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाने के बाद अब्बासी ने पार्टी छोड़ दी और आम चुनाव नहीं लड़ा था।

### जंगली हाथी का आतंक, 2 वनरक्षक समेत 3 को कुचला

**तेजपुर।** असम के सोनितपुर जिले में शनिवार को एक जंगली हाथी के हमले में दो वनरक्षकों सहित तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पश्चिम तेजपुर प्रभागीय वन अधिकारी निपेन कलिता ने बताया है कि वनकर्मी इलाके में गश्त कर रहे थे, तब एक जंगली हाथी पास के ढेकियाजुली जंगल से भटककर धीराई माजुली गांव में घुस गया और तीन लोगों को कुचलकर मौके पर ही मार डाला, जबकि वन विभाग के एक अन्य कर्मचारी को घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान वनरक्षक कोलेश्वर बोरो और बीरेन रावा और स्थानीय व्यक्ति की पहचान जतिन तांती के रूप में की गई है।



### अमेरिका में भीषण तूफान से इमारतें ढहीं

ओमाहा (अमेरिका)। मध्यपश्चिमी अमेरिका में शुक्रवार को भीषण तूफान ने जमकर कहर बरपाया जिससे नेब्रास्का राज्य के ओमाहा में कई इमारतें ढह गई जिसके मलबे में कई लोग दब गए हैं और सैकड़ों मकान क्षतिग्रस्त हो गए। दबे लोगों की तलाशी अभियान चलाया है। तूफान से शुक्रवार रात तक कई लोगों के घायल और अधिक जनमाल का नुकसान हुआ है। प्राधिकारियों ने बताया कि इमारत के मलबे में कई लोग फंस गए लेकिन सभी को बचा लिया गया और उन्हें जानलेवा चोटें नहीं आयी हैं। कई हिस्सों में तूफान की चेतावनी जारी की है।

## बेटे से शादी बहाना था...पसंद तो मैं सास को करती हूं

**बुलंदशहर, ऐंसी**

- बुलंदशहर में पीड़ित सास ने लगाई मदद की गुहार, बोली- शारीरिक संबंध बनाने को मजबूर करती है बहू

बुलंदशहर में एक महिला अपने पति को तलाक देकर सास के साथ रहना चाहती है। वह सास को शारीरिक संबंध बनाने के लिए भी मजबूर करती है। बहू की हरकतों से परेशान सास ने शनिवार को एसएसपी से मदद की गुहार लगाई है। मदद मांगने पहुंची सास ने बताया है कि, दो साल पहले बेटे की शादी की थी। कुछ दिन बाद बहू ने यह कहना शुरू कर दिया कि वह मुझसे प्यार करती है। मेरी शादी सास के साथ होनी चाहिए थी।

पीड़ित सास ने बताया है कि, बहू कहती है- उनके बेटे के साथ शादी, तो सिर्फ एक बहाना था। असल में तो मुझे अपनी सास के साथ ही जिंदगी बितानी थी, अब पूरी जिंदगी सास के साथ रहेंगे। सास बोली- बहू ने मेरे साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की। वह मुझे बार-बार धमकी देती है कि मैं तुम्हें बेहोशी की दवा देकर ऐसा कुछ कर दूंगी कि कहीं भी मुंह दिखाने लायक नहीं बचोगी। पीड़ित सास ने कहा है कि, हमारा पूरा घर बहू से परेशान हो चुका है। हम इससे छुटकारा पाना चाहते हैं, लेकिन लड़की के घरवाले उल्टा हमसे ही 20 लाख रुपये मांग रहे हैं। वहीं पति ने बताया है पत्नी को मुझमें कोई दिलचस्पी नहीं है, उसे बस मेरी मां के साथ ही रहना है। बुलंदशहर के एसएसपी श्लोक कुमार का कहना है- मामला स्याना क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। सीओ स्याना को जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच पूरी होने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### बर्फ से ढका गांव



**लाहौल :** हिमाचल प्रदेश में पहाड़ों ने एक बार फिर बर्फ की चादर ओढ़ ली है। पिछले कई दिनों से रुक-रुक कर बर्फबारी हो रही है, लेकिन क्रम जारी है। लाहौल स्पीति के कोकसर गांव में शनिवार को दूर-दूर तक सफेद चादर की परत बिछ गई। जबकि घाटी के शिशु और अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल में अधिक बर्फबारी हुई। ● एजेंसी

## हादसे में 3 भारतीय महिलाओं की मौत

**न्यूयार्क, एजेंसी**

- गुजरात के आणंद जिले की रहने वाली थीं तीनों, घटना की जांच में जुटी अमेरिकी पुलिस

अमेरिका के साउथ कैरोलिना प्रांत में एक सड़क हादसे में तीन भारतीय महिलाओं की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि तेज रफ्तार कार नियंत्रण से बाहर हो गई। कार करीब 20 फीट हवा में उछलकर पेड़ों से टकरा गई। कार ड्राइवर घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दुर्घटना में मरने वाली तीनों महिलाएं गुजरात के आणंद जिले की रहने वाली थीं। उनकी पहचान रेखाबेन पटेल, संगीताबेन पटेल और मनीषाबेन पटेल के रूप में की गई। साउथ कैरोलिना हाईवे पेट्रोल के अधिकारियों के अनुसार, यह दुर्घटना शुक्रवार दोपहर के समय हुई। तीनों महिलाएं भारतीय थीं, जो एसयूवी से तेज गति से जा रही थीं। एसयूवी इतनी तेज गति से चल रही थी कि चार लेन के ट्रैफिक को पार करके दूसरी ओर चली गई और लगभग 20 फीट ऊंचाई तक उछलकर पेड़ों से टकरा गई।



तीनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जांच चल रही है। हादसे के शिकार लोग जार्जिया में रहते थे। ग्रीनविल काउंटी कोरोनर कार्यालय के मुख्य उप कोरोनर माइक एलिस ने कहा, 'यह बात साफ है कि वे निर्धारित गति सीमा से ऊपर कार चला रहे थे। यह भी स्पष्ट लग रहा है कि इस सड़क दुर्घटना में कोई अन्य कार शामिल नहीं थी।

### पेड़ में फंसी मिली कार

ग्रीनविल काउंटी कोरोनर कार्यालय के मुख्य उप कोरोनर माइक एलिस ने बताया कि कार दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना पर साउथ कैरोलिना हाईवे पेट्रोलिंग, गंट फायर एंड रेस्क्यू और कई ग्रीनविले काउंटी ईएमएस इकाइयों सहित आपातकालीन सेवाएं तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। इस दौरान कार एक पेड़ में फंसी मिली, जो टुकड़ों में टूटी थी। दुर्घटना में बचे एक व्यक्ति को काफी चोटें आई हैं, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कंबोडिया में सैन्य अड्डे पर विस्फोट 20 सैनिकों की मौत

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया में एक सैन्य अड्डे पर विस्फोट हुआ है। इस धमाके में 20 सैनिकों के मारे गए हैं। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मैनेट द्वारा यह जानकारी दी गई है।

प्रधानमंत्री मैनेट सोशल मीडिया पर बताया कि शनिवार दोपहर कंबोडिया के पश्चिम में एक सैन्य अड्डे पर गोला बारूद विस्फोट में 20 सैनिक मारे गए और कई अन्य घायल हो गए हैं। घायल सैनिकों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पीएम मानेट ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया है कि उन्हें कम्पोंग स्पू प्रांत में सैन्य बेस पर विस्फोट की खबर मिली। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि विस्फोट का कारण क्या है। पीएम मैनेट ने मृतक सैनिकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## रूस से भारत आ रहे तेल टैंकर पोत पर हूती विद्रोहियों का हमला

**काहिरा/लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

- लाल सागर में जहाज पर दागीं मिसाइलें, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने दी जानकारी

रूस से भारत के लिए निकले एक ब्रिटिश तेल टैंकर जहाज पर लाल सागर में यमन के हूती विद्राहियों ने मिसाइलों से हमला कर दिया। ईरान समर्थित उग्रवादी संगठन ने शनिवार को इसकी जिम्मेदारी ली।

एंड्रोमेडा स्टार तेल टैंकर के मालिक ने जहाज के क्षतिग्रस्त होने की सूचना दी है। उक्त जहाज रूसी व्यापार में शामिल है, जो रूस के प्रिमोर्स्क से भारत के वाडिनार के लिए निकला था। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक्स हैंडल के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि एक मिसाइल दूसरे जहाज एमवी मैशा के पास गिरी, लेकिन उसे कोई नुकसान नहीं हुआ। बताया कि हूती विद्राहियों ने यमन से लाल सागर में तीन एंटी-शिप मिसाइलें लॉन्च की थी, जिससे एंड्रोमेडा स्टार को हल्का नुकसान हुआ।

हूती प्रवक्ता याह्या सारेया ने कहा कि पनामा झंडा लगा एंड्रोमेडा स्टार ब्रिटिश स्वामित्व वाला था, लेकिन एलएसईजी डेटा और एंब्रे के अनुसार, शिपिंग डेटा से पता चलता है कि इसे हाल ही में बेचा गया था। इसका वर्तमान मालिक सेशेल्स-पंजीकृत है। जहाज पर हमला इजराइल, यूएस और ब्रिटेन से जुड़े जहाजों को निशाना बनाने के हूती विद्रोहियों के अभियान में रुकावट के बाद हुआ है।

**विज्ञान** | नासा के वैज्ञानियों ने की घोषणा, वेधशाला बनाने को लेकर कई वर्षों से चल रही है तैयारी

## चांद पर बनेगी गुरुत्वाकर्षण तरंग वेधशाला

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** चंद्रमा हमारा एक ऐसा उपयोगी स्थान है, जहां से ब्रह्मांडीय अध्ययन पृथ्वी से अधिक कारगर साबित हो सकते हैं। जिसके चलते नासा चांद पर गुरुत्वाकर्षण तरंग वेधशाला स्थापित करने की तैयारी में जुटने लगा है। योजना सफल रही तो चांद पर वेधशालाओं का भविष्य होगा।

पृथ्वी पर खगोलीय अध्ययन की संभावनाएं दिनोंदिन कम होने लगी है। इसकी वजह प्रकाश प्रदूषण है। साथ ही पृथ्वी के भीतर होने वाली भूकंपीय हलचल के कारण गुरुत्वाकर्षण तरंग जैसी शक्तियों को यहां से पकड़ पाना आसान नही है। जिस कारण वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में वेधशालाएं स्थापित करनी पड़ रही है। मगर यह एक बेहद खर्चीली योजना होती है। जिस कारण चांद पर वेधशालाओं को स्थापित करना कुछ कम खर्चीला हो सकता है। चांद की धरती पर वेधशाला बनाने को लेकर वैज्ञानिकों के बीच मनन पिछले कई वर्षों से चल रहा है। इसकी बड़ी वजह मंगल ग्रह का मार्ग आसान करना है। साथ ही मंगल को अंतरिक्ष के सफर का केंद (डिपो) बनाना वैज्ञानिकों की योजना में शामिल है। अब लगता है कि इसकी शुरुआत गुरुत्वाकर्षण तरंग वेधशाला से हो सकती है। इस योजना को लेकर वैज्ञानिक उत्सुक हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि चंद्रमा से गुरुत्वाकर्षण तरंग को आसानी डिटेक्ट करना, पृथ्वी की तुलना में अधिक आसान हैं। पृथ्वी की तुलना में चंद्रमा ठंडा है, बेहद शांत है और भूकंपीय रूप से शोरमुक्त है और हवा के दबाव से भी दूर है। जिस कारण चांद पर गुरुत्वाकर्षण लहर वेधशाला बनाये जाने की तैयारी चल रही है।



चन्द्रमा

### संभव है जल्द ही इस योजना को दिया जाएगा मूर्तरूप

महत्वकांक्षी इस योजना को नासा समेत कुछ अन्य देश अमली जामा पहनाएंगे। इस योजना को दृष्टि प्रदान करने वाला अमेरिकी लूनर ग्रेविटेशनल-वेव एंटीना (एलजीडब्ल्यूए) है। गुरुत्वाकर्षण शक्ति से हर कोई वाकिफ है। भविष्य में इस शक्ति का उपयोग मानव जीवन के लिए भी किया जा सकता है। इस संभावना को लेकर गुरुत्वाकर्षण वेब पर अध्ययन किए जा रहे हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### फिल्म इंडस्ट्री में चलता है फेवरेटिज्म : परिणीति



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में नेपोटिज्म वास्तविक हो भी सकता है और नहीं भी, लेकिन यहां फेवरेटिज्म जरूर चलता है। परिणीति ने नेपोटिज्म और फेवरेटिज्म पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि लोग नेपोटिज्म की बात करते हैं लेकिन उन लोगों पर और ज्यादा दबाव होता है जिसका कोई इंडस्ट्री में होता है। उनकी वजह से आपको पहला मौका मिल जाता है लेकिन लोग स्टार का बच्चा सुपरस्टार की बहन कहते हैं। यदि आप काम अच्छा नहीं करेंगे तो दर्शक रिजेक्ट कर देंगे। उन्होंने कहा कि यदि मेरी बहन (प्रियंका चोपड़ा) उस दिन यशराज फिल्म्स में शूटिंग न कर रही होती, जिस दिन मैं वहां मार्केटिंग की नौकरी पाने के लिए गई थी, तो वह मुझे नहीं मिलती। मेरे घर से कोई एक्टर हैं, इसलिए मैं किसी फिल्म के सेट पर जा पाई, लेकिन बहन के स्टार होने से मुझे कोई फायदा नहीं हुआ, नहीं तो मेरी भी फिल्में चलती। दस सालों में मैंने बहुत बुरा वक्त देखा है।

### अक्षय की फिल्म खेल-खेल में 6 सितंबर को होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में 06 सितंबर को रिलीज होगी। मुदस्सर अजीज द्वारा निर्देशित ' खेल खेल में '' में अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, वाणी कपूर, एमी विर्क, आदित्य सील, प्रज्ञा जयसवाल और फरदीन खान की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म 06 सितंबर 2024 को स्क्रीन पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विपुल डी शाह, अश्विन वर्दे, राजेश बहल, शशिकांत सिन्हा और अजय राय द्वारा निर्मित, खेल खेल में ,गुलशन कुमार, टी-सीरीज़ और वाकाऊ फिल्म्स और केकेएम फिल्म प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत है। यह फिल्म 06 सितंबर 2024 को देशभर में रिलीज होगी।

